You Tube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❑ वर्ष-15 ❑ अंक-53 ❑ मंगलवार, 24 मार्च 2026 ❑ नगर संस्करण ❑ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❑ मूल्य- ₹ 3.00 ❑ पृष्ठ-12



श्री मोदी एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक संस्था हैं। इतने लंबे कार्यकाल को कुछ शब्दों में समेटना संभव नहीं है, क्योंकि श्री मोदी अपने आप में एक संस्था हैं। प्रधानमंत्री ने दिन-रात मेहनत कर देश सेवा का उदाहरण पेश किया है। उनका समर्पण और कार्यशैली हर किसी के लिए प्रेरणा है। शिवराज सिंह चौहान

पंजाब के पूर्व मंत्री भुल्लर गिरफ्तार 11

देवभूमि का गौरव पुनर्स्थापित करने का संकल्प साकार की ओरः धामी 12

## संक्षेप

### रुपया पहली बार 94 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया सोमवार को पहली बार 94 प्रति डॉलर से नीचे उतर गया। पिछले कुछ दिनों से लगातार नये निचले स्तर को छूने वाली भारतीय मुद्रा आज 31.25 पैसे लुढ़ककर 93.8475 रुपये प्रति डॉलर पर खुली। बीच कारोबार में यह 94.1125 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़क गयी। यह पहली बार है जब एक डॉलर 94 रुपये से ज्यादा का बोला गया है।

### सोने में 8 हजार, चांदी में 13 हजार गिरावट

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में 23 मार्च को गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना सुबह 12,077 रुपए घटकर 1.35 लाख रुपए पर खुला, लेकिन शाम को 7,649 रुपए के साथ 1.40 लाख रुपए पर बंद हुआ। इससे पहले इसकी कीमत 1.47 लाख थी। वहीं, एक किलो चांदी की कीमत सुबह 30,864 रुपए घटकर 2.01 लाख रुपए पर खुली, लेकिन शाम को 17,760 रुपए की रिकवरी के साथ 2.19 पर बंद हुई। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.32 लाख रुपए किलो थी।

### सिलेंडर में 14 किलो की जगह 10 किलो गैस देने की रिपोर्ट कोरी अफवाह : सरकार

**नयी दिल्ली।** सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर में 14 किलो के बजाय 10 किलो गैसे देने की रिपोर्टों को कोरी अफवाह करार देते हुए कहा है कि ये केवल अटकलबाजियों पर आधारित हैं और सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है। सरकार ने रसोई गैस सिलेंडर की कमी से परेशान प्रवासी श्रमिकों की समस्याओं के समाधान की दिशा में कदम उठाते हुए कहा है कि उन्हें अब राज्यों के जरिये पांच किलो के सिलेंडर की आपूर्ति की जायेगी। पिछले तीन सप्ताह में करीब साढे तीन लाख नये वाणिज्यक और घरेलू पीएनजी कनेक्शन दिये गये हैं। अब तक एलपीजी के एक लाख 90 हजार उपभोक्ताओं ने पीएनजी ली है। देश में एलपीजी की कुल मांग के 50 से 60 प्रतिशत की आपूर्ति घरेलू उत्पादन से की जा रही है। पिछले कुछ दिनों में 33 हजार जगहों पर छापे मारे गये हैं और करीब 150 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पश्चिम एशियाई देशों से अब तक 3 लाख 75 हजार भारतीय स्वदेश लौट चुके हैं। अब तक ईरान सीमा से 1031 भारतीय बाहर निकल चुके हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति पर सोमवार को अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग में कहा कि रसोई गैस सिलेंडर में 14 किलो के बजाय 10 किलो गैस देने की रिपोर्ट अफवाह है। उन्होंने कहा ,'' 14 किलो को 10 किलो करने की जो बात कही जा रही है, यह पूरी तरह अटकलें हैं और ऐसी किसी भी अटकल पर कोई टिप्पणी या स्पष्टीकरण नहीं दिया जा सकता।'' उन्होंने कहा कि ऐसी बातों पर विश्वास न करें, अफवाहों पर भरोसा न करें। ये पूरी तरह अटकलें हैं।

# पश्चिम एशिया में हालत चिंताजनक

## उपजे संकट का मिलकर करना है मुकाबला, झूठ फैलाने वालों को सफल नहीं होने देंगेः मोदी


**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट को गम्भीर चिंता का विषय बताते हुए सोमवार को कहा कि कच्चे तेल एवं गैस की जरुरतों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से पूरा होता है इसलिए भारत पर इसका असर स्वभाविक है लेकिन इस चुनौती का मिलकर और एकजुटता के साथ मुक़ाबला करने की जरूरत है।

श्री मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर वक्तव्य देते हुए कहा कि इस संकट के कारण भारत की चिंताएं स्वाभाविक है लेकिन भारत को एकजुट रहकर चुनौतियों का मुकाबला करना आता है। कोरोना संकट के समय की इसी तरह की चुनौती का हमने एकजुट रहकर सामना किया था और अब इस चुनौती का मुकाबला भी उसी तरह एकजुटता से करना होगा।

पश्चिमी एशिया के देशों में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा , '' इन देशों में हमारे मिशन भारतीयों की मदद में जुटे हैं। प्रभावित देशों में हमारे मिशन लगातार भारतीयों की मदद में लगे हुए हैं। चाहे वहां काम करने वाले भारतीय हों या वहां गए पर्यटक, सभी को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। भारतीय मिशन नियमित रूप से इसको लेकर सलाह जारी कर रहे हैं। भारत और अन्य प्रभावित देशों में 24/7 सहायता कक्ष और आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित की गई हैं। इनके माध्यम से सभी प्रभावित लोगों को नवीनतम जानकारी दी जा रही है।''

उन्होंने कहा ''संकट के समय में भारत और विदेश में भारतीयों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस युद्ध की शुरुआत से ही प्रभावित देशों में रहने वाले प्रत्येक भारतीय को सहायता प्रदान की गई है। मैंने पश्चिम एशियाई देशों के अधिकांश राष्ट्राध्यक्षों से दो बार फोन पर बात की है। सभी ने भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। यह दुखद स्थिति है कि संघर्ष के दौरान कुछ लोगों ने अपनी जान गंवाई है और कुछ घायल हुए हैं।''



### पीएम बोले

- ❑ वैकल्पिक ईंधन पर तेजी से काम हो रहा है इससे भारत का भविष्य सुरक्षित होगा
- ❑ कोरोना के समय भी एकजुटता से सामना कर चुके हैं, उसी तरह हमें एकजुट रहना होगा
- ❑ पश्चिम एशिया के देशों ने भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन दिया, प्रभावित देशों में हमारे मिशन भारतीयों की मदद में जुटे
- ❑ सरकार के अलग अलग देशों के सप्लायर्स के साथ संपर्क में है ताकि तेल और गैस की आपूर्ति होती रहे
- ❑ भारत की संसद से एकमत और एकजुट आवाज जाना आवश्यक

प्रधानमंत्री ने युद्धग्रस्त और संघर्ष से प्रभावित देशों के साथ भारत के व्यापक व्यापारिक संबंध का ज़िक्र करते हुए कहा , '' जिस क्षेत्र में संघर्ष चल रहा है, वह विश्व के अन्य देशों के साथ हमारे व्यापार का एक महत्वपूर्ण मार्ग भी है। यह क्षेत्र विशेष रूप से कच्चे तेल और गैस की जरुरतों के लिए हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा यह क्षेत्र हमारे लिए इस कारण से भी महत्वपूर्ण है कि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं। वहां वाणिज्यिक जहाज चलते हैं। भारतीय चालक दल के सदस्यों की संख्या भी बहुत अधिक है। इन विभिन्न कारणों से, भारत की चिंताएं स्वाभाविक रूप से अधिक हैं। इन सब स्थितियों को देखते हुए आवश्यक है कि संसद से इस संकट को लेकर हमारी एक आवाज और आम सहमति दुनिया तक पहुंचे।''

श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार पश्चिम एशिया की चिंताजनक स्थिति को लेकर लगातार संसद को अवगत करा रही है। उनका कहना था कि पिछले दो-तीन हफ्तों में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने सदन को स्थिति का विस्तृत विवरण दिया है। यह संघर्ष तीन सप्ताह से अधिक समय से चल रहा है। इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है और इसीलिए दुनिया इस संघर्ष के शीघ्र समाधान के लिए सभी पक्षों से आग्रह कर रही है।

संकट की स्थिति में भारतीय कूटनीति पर उन्होंने कहा ''वर्तमान वैश्विक माहौल में भारत की भूमिका स्पष्ट है। शुरुआत से ही हमने इस संघर्ष पर गहरी चिंता व्यक्त की है। मैंने पश्चिम एशिया के सभी संबंधित नेताओं से व्यक्तिगत रूप से बात की है। मैंने सभी से तनाव कम करने और इस संघर्ष को समाप्त करने का आग्रह किया है। भारत ने नागरिकों, ऊर्जा और परिवहन अवसंरचना पर हमलों की निंदा की है। वाणिज्यिक जहाजों पर हमले और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों को अवरुद्ध करना अस्वीकार्य है। भारत इस युद्ध जैसे माहौल में भी भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए कूटनीति के माध्यम से निरंतर प्रयास कर रहा है। भारत ने हमेशा मानवता के कल्याण और शांति का समर्थन किया है। मैं दोहराता हूं कि इस समस्या का एकमात्र समाधान संवाद और कूटनीति है। हमारे सभी प्रयास तनाव कम करने और इस संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में हैं। इस युद्ध में किसी के भी जीवन को खतरे में डालना मानवता के हित में नहीं है इसलिए हमारा प्रयास सभी पक्षों को जल्द से जल्द शांतिपूर्ण समाधान ● शेष पेज 11 पर

# अमेरिका ने बुशहर पर हमले का प्लान पांच दिन के लिए टाला

**एजेंसी**

वॉशिंगटन। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच कूटनीतिक हल की उम्मीदें बढ़ती नजर आ रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के ऊर्जा संयंत्रों पर संभावित सैन्य हमलों को पांच दिनों के लिए टालने का आदेश दिया है। यह फैसला अमेरिका और ईरान के बीच पिछले दो दिनों में हुई सकारात्मक और उत्पादक बातचीत के बाद लिया गया है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी देते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच जारी वार्ता का उद्देश्य मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष का स्थायी समाधान निकालना है। उन्होंने कहा कि बातचीत का माहौल सकारात्मक है और इसी को ध्यान में रखते हुए रक्षा विभाग को फिलहाल किसी भी हमले को रोकने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने यह भी संकेत दिया कि वार्ता पूरे सप्ताह जारी रह सकती है। ट्रंप ने एक इंटरव्यू में दावा किया कि ईरान समझौता करने के लिए तैयार दिख रहा है और अगले कुछ दिनों में कोई ठोस नतीजा सामने आ सकता है। हालांकि, इससे पहले उन्होंने ईरान को कड़ी चेतावनी भी दी थी कि यदि होर्मुज जलडमरूमध्य को नहीं खोला गया, तो उसके प्रमुख ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। इस बीच ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीएर स्टार्मर के साथ ट्रंप की बातचीत भी सामने आई है, जिसमें दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया के हालात और वैश्विक शिपिंग पर पड़े असर पर चर्चा की। विशेष रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने पर जोर दिया गया, जो अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। ● शेष पेज 11 पर

❑ पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद, ट्रंप बोले- हम कर रहे बात



### 'हमारी कड़ी चेतावनी के बाद पीछे हटा अमेरिका : ईरान

**तेहरान।** अमेरिकी राष्ट्रपति की तरफ से ईरान के ऊर्जा प्लांट्स पर पांच दिन तक हमले रोकने के निर्देश पर तेहरान ने पहली प्रतिक्रिया दी है। सोमवार को ईरानी सरकारी टेलीविजन ने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान की कड़ी चेतावनी के बाद पीछे हट गए हैं। बता दें कि, ट्रंप की तरफ से पहले दी चेतावनी की समय सीमा मंगलवार को लगभग सुबह छह बजे (भारतीय समयानुसार) पर समाप्त होनी थी। लेकिन ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उन्होंने इसे पांच दिन बढ़ा दिया है। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी ने ईरान के विदेश मंत्रालय का एक बयान प्रकाशित किया है जिसमें कहा गया है कि तेहरान और वॉशिंगटन के बीच कोई बातचीत नहीं हो रही है। बयान में कहा गया है कि ट्रंप की टिप्पणियां ऊर्जा की कीमतों को कम करने और अपनी सैन्य योजनाओं को लागू करने के लिए समय हासिल करने के उद्देश्य से की गई हैं।

# कोल्ड स्टोरेज की इमारत ढही, चार की मौत, 12 गंभीर



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले के फाफामऊ क्षेत्र में सोमवार को एक कोल्ड स्टोरेज की इमारत जमीदोज हो गयी। इस हादसे में वहां काम कर रहे चार मजदूरों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए हैं।

घायलों का इलाज मेडिकल कॉलेज के एसआरएन अस्पताल तथा तेज बहादुर सप्रू (बेली) अस्पताल में चल रहा है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चंदापुर स्थित कोल्ड स्टोरेज के ढहने की घटना के बाद मौके पर पुलिस, फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुट गईं। मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि हादसे में मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बचाव कार्य अभी जारी है और ● शेष पेज 11 पर

# मेट्रो परियोजनाओं से आय के नए स्रोत विकसित करें: योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को प्रदेश में संचालित मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी कार्य तय समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं।

साथ ही मेट्रो परियोजनाओं से आय के नए स्रोत्र विकसित किए जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को आधुनिक, सुगम और विश्वस्तरीय शहरी परिवहन व्यवस्था में देश का अग्रणी राज्य बनाना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए निर्माण से लेकर संचालन तक हर स्तर पर दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन और संबंधित विभागों के बीच नियमित समन्वय बैठकें आयोजित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेट्रो केवल आवागमन का साधन नहीं है, बल्कि शहरों की अर्थव्यवस्था को गति देने और निवेश आकर्षित करने का मजबूत माध्यम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेट्रो परियोजनाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए आय के नए स्रोत विकसित किए ● शेष पेज 11 पर

## सुप्रीम कोर्ट के जज ने यूएपीए के अत्यधिक इस्तेमाल पर जताई गहरी चिंता, कहा-

# असहमति को अपराध बनाना 'विकसित भारत' का मॉडल नहीं

**एजेंसी**

नई दिल्ली/बेंगलुरु। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति उज्जवल भुइयां ने कहा है कि असहमति को अपराध घोषित करने, आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत अंधाधुंध गिरफ्तारियों और ''गहरी सामाजिक दरारों'' के माध्यम से 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता है। रविवार को बेंगलुरु में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के पहले राष्ट्रीय सम्मेलन में न्यायमूर्ति भुइयां ने उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर अफसोस व्यक्त किया। उन्होंने इसकी तुलना देश भर में जिला न्यायपालिका में न्यायिक अधिकारियों के पदों पर 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं की नियुक्ति से की।

न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा ''लेकिन क्या संवैधानिक अदालतों में भी यही प्रणाली



लागू हुई है? सवाल यही है। यहीं पर कॉलेजियम प्रणाली की जांच पड़ताल का महत्व सामने आता है। ऐसा क्यों है कि जब मूल्यांकन व्यक्तिपरक हो जाता है, तो महिलाएं उस स्तर तक नहीं पहुंच पातीं? उन्होंने कहा, 1950 से अब तक उच्चतम न्यायालय के 287 न्यायाधीशों में से कुल मिलाकर केवल 11 महिला न्यायाधीश रही हैं। ऐसा क्यों? फातिमा बीवी से लेकर अब न्यायमूर्ति नागरत्ना तक, यह आंकड़ा लगभग दो प्रतिशत है।'' उन्होंने कहा कि कॉलेजियम के व्यक्तिपरक मूल्यांकन मानदंडों के अनुसार, बहुत कम लोगों का ही उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में चयन होता है। गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के इस्तेमाल के संबंध में गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, उन्होंने 2019 से 2023 तक के आंकड़ों का हवाला दिया और कहा कि सही मायने में विकसित राष्ट्र को राजनीतिक नारों के बजाय संवैधानिक मूल्यों को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''यूएपीए के तहत कम दोषसिद्धि दर कानून के दुरुपयोग को नहीं तो अत्यधिक उपयोग को दर्शाती है। यूएपीए के तहत गिरफ्तार किए गए लोगों के 2019 से 2023 तक के आंकड़े प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया, ● शेष पेज 11 पर

# पश्चिम एशिया संकट से सेंसेक्स 21 महीने के निचले स्तर पर

**एजेंसी**

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को एक बार फिर पश्चिम एशिया संकट का साया हावी रहा और बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 21 महीने के निचले स्तर पर आ गया।

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों और रुपये में जारी गिरावट के बीच सेंसेक्स 1,836.57 अंक (2.46 प्रतिशत) लुढ़ककर 04 जून 2024 के बाद के निचले स्तर 72,696.39 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 601.85 अंक यानी 2.60 प्रतिशत को गोता लगाकर 22,512.65 अंक पर रहा जो 07 अप्रैल 2025 के बाद का निचला स्तर है।

पश्चिम एशिया संकट से पूरी दुनिया में शेयर बाजारों में आज भारी गिरावट रही। साथ ही रुपये के पहली बार 94 प्रति डॉलर तक कमजोर पड़ने से निवेश धारणा कमजोर हुई है। मझौली और छोटी कंपनियों पर और अधिक दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 3.67 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 3.94 प्रतिशत गिर गया। बाजार में उथल-पुथल को मापने वाला इंडिया वीआईएक्स 17 के पार रहा। टिकाऊ उपभोक्ता ● शेष पेज 11 पर





### शेयर बाजार में निवेशकों के डूबे 14.23 लाख करोड़

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को रही भारी गिरावट के कारण निवेशकों को एक दिन में 14.23 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का नुकसान उठाना पड़ा। शेयर बाजार में शीर्ष 10 कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,78,499 करोड़ रुपये घटकर 87,29,171 करोड़ रुपये रहा गया। पश्चिम एशिया संकट के कारण गत 27 फरवरी के बाद से कुल बाजार पूंजीकरण 48,72,298 करोड़ रुपये घट चुका है।

# गेहूं का एमएसपी 2585 रुपये तय

## यूपी कैबिनेट ने लिए 35 फैसले : सोलर सिटी और कोल ब्लॉक खरीद को मंजूरी

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सोमवार को हुई उत्तर प्रदेश कैबिनेट बैठक में 37 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई, जबकि दो प्रस्ताव को फिलहाल स्थगित कर दिया गया। बैठक में किसानों, ऊर्जा, शहरी विकास और औद्योगिक निवेश से जुड़े कई अहम फैसले लिए गए, जिन्हें राज्य के समग्र विकास की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कैबिनेट की बैठक के बाद मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने फैसलों की जानकारी दी। श्री शाही ने कहा कि किसानों को बड़ी राहत देते हुए गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति कुंतल तय किया है। प्रदेश में गेहूं की खरीद 30 मार्च से 15 जून तक की जाएगी और इसके लिए 6500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि किसानों को उतराई, सफाई आदि के लिए 20 रुपये प्रति कुंतल अतिरिक्त भुगतान भी दिया जाएगा। इस बार 30 लाख टन खरीद का लक्ष्य रखा गया है, जबकि 50 लाख टन तक खरीद



का अनुमान है। कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि ऊर्जा क्षेत्र में भी सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। घाटमपुर में 660 मेगावॉट की तीन यूनिट परियोजना को आगे बढ़ाने के लिए झारखंड स्थित कोल ब्लॉक के विकास हेतु 2242.90 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। श्री शर्मा ने बताया कि इस परियोजना से 270 मिलियन टन कोयला उत्पादन का अनुमान है और बिजली दरों में करीब 80 पैसे प्रति यूनिट तक कमी आने की संभावना जताई गई है। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही गोरखपुर को सोलर सिटी के रूप में विकसित करने की दिशा में भी पहल की गई है। चिलुआताल में 20 मेगावॉट क्षमता का फ्लोटिंग सोलर प्लांट स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए लगभग 80 एकड़ क्षेत्र उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि शहरी विकास को बढ़ावा देने के लिए कैबिनेट ने 'नवयुग नगर पालिका योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत प्रदेश के 58 शहरों को स्मार्ट बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें 55 नगर पालिका परिषद और 3 नगर पंचायत शामिल हैं। श्री शर्मा ने बताया कि 145 करोड़ रुपये की लागत से पांच वर्षों में लागू होने वाली इस योजना में 1.5 लाख से अधिक आबादी वाले 24 निकायों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम, बेहतर जल निकासी व्यवस्था, वन डे गवर्नेंस सेंटर, थीम पार्क और डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी, साथ ही प्राचीन धरोहरों के संरक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि औद्योगिक विकास को गति देने के लिए कैबिनेट ने छोटे उद्योगों हेतु पीपीपी मॉडल पर औद्योगिक शेड विकसित करने का निर्णय लिया है। इसके तहत डेवलपर को जमीन उपलब्ध कराई जाएगी, जो शेड तैयार कर उन्हें किराए पर देगा। श्री कुमार ने बताया कि इसके अलावा संभल में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एवं लॉजिस्टिक ● शेष पेज 11 पर

### नक्शा पास होते ही माना जाएगा लैंड यूज परिवर्तन

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में उ0प्र0 राजस्व संहिता, 2006 की धारा-80 में संशोधन हेतु अध्यादेश 2026 को मंजूरी दे दी गई। इस अहम फैसले के तहत विकास प्राधिकरणों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों, विनियमित क्षेत्रों तथा उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद के अधीन क्षेत्रों में गैर-कृषि उपयोग (लैंड यूज़) परिवर्तन की प्रक्रिया को बेहद सरल बना दिया गया है। अब इन क्षेत्रों में अलग से लैंड यूज बदलवाने की आवश्यकता नहीं होगी। यदि किसी भूखंड का नक्शा प्राधिकरण द्वारा पास हो जाता है, तो उसी को भूमि उपयोग परिवर्तन माना जाएगा। इससे पहले लोगों को दोहरी प्रक्रिया (पहले लैंड यूज परिवर्तन और फिर नक्शा पास कराने) से गुजरना पड़ता था, जिससे समय और संसाधनों की अधिक खपत होती थी। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बताया कि नई व्यवस्था में नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में ही सभी औपचारिकताएं समाहित कर दी गई हैं। इससे न केवल आमजन को बड़ी राहत मिलेगी, बल्कि निवेशकों के लिए भी प्रक्रिया आसान और पारदर्शी बनेगी। इस सुधार से प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिलेगा, उद्योग स्थापना में तेजी आएगी और उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

# 2027 की बिसात पर भाजपा का 'समरसता कार्ड'

कैनविज टाइम्स संवाददाता

- जिला कार्यकारिणी से हर वर्ग को साधने की कोशिश
- युवा, महिला, अगड़े, पिछड़े, दलित और स्थानीय प्रभाव वाले चेहरों को मिली जगह
- बूथ से समाज तक संगठन की नई दीवार, विपक्ष के सामाजिक नैरेटिव को चुनौती



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 भले ही अभी दूर हो, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उसकी सामाजिक और संगठनात्मक बिसात बिछानी शुरू कर दी है। जिला कार्यकारिणी समितियों की नई सूची के जरिए पार्टी ने साफ कर दिया है कि इस बार चुनावी तैयारी केवल नारों, चेहरों और सरकारी कामकाज के भरोसे नहीं होगी, बल्कि समाज के हर प्रभावी तबके को संगठन में हिस्सेदारी देकर की जाएगी।

महिलाओं, युवाओं, अगड़े, पिछड़े, अनुसूचित जाति, स्थानीय प्रभाव वाले कार्यकर्ताओं और पारंपरिक संगठन चेहरों को साथ लेकर भाजपा ने एक तीर से कई निशाने साधने की कोशिश की है। प्रदेश भर की नई जिला कार्यकारिणी को राजनीतिक हलकों में 2027 से पहले भाजपा के 'समरसता कार्ड' के रूप में देखा जा रहा है। इसके जरिए पार्टी न केवल अपना सामाजिक आधार मजबूत करना चाहती है, बल्कि विपक्ष खासकर पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) के सामाजिक न्याय वाले नैरेटिव को संगठन स्तर पर जवाब देने की तैयारी में है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह ने जिला स्तर पर नई टीम तैयार करते समय जातीय, सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन को प्राथमिकता दी। कार्यकारिणी में युवाओं, महिलाओं, पिछड़े वर्ग, अनुसूचित जाति और पारंपरिक कार्यकर्ताओं को शामिल कर यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि पार्टी 2027 के चुनाव में सबका साथ-सबका विकास के साथ कोसबका प्रतिनिधित्व भी सुनिश्चित करना चाहती है।

भाजपा के लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले संगठन, सरकार और सामाजिक समीकरण तीनों को एक लय में लाना उसकी प्राथमिकता बन चुका है। पार्टी अब सामाजिक संवेदनशीलता और प्रबंधन क्षमता पर भी फोकस कर रही है। चार बड़े संगठनात्मक क्षेत्र काशी, गोरखपुर, अवध और कानपुर के कुल 60 जिलों में करीब 20-20 पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। पहले चरण में पश्चिम और ब्रज क्षेत्र की टीमें गठित करने के बाद अब पूर्वांचल और मध्य यूपी पर फोकस किया गया। माना जा रहा है कि प्रदेश का सामाजिक समीकरण 2027 की सत्ता की चाबी तय करेगा।

इस बार जिला कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया की सबसे खास बात यह रही कि पहली बार प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश संगठन महामंत्री की निगरानी में जिला पर्यवेक्षक, जिला प्रभारी और जिलाध्यक्ष की संयुक्त भागीदारी के साथ नामों को अंतिम रूप देने की कवायद हुई। इसे भाजपा के भीतर केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि नए संगठनात्मक मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। पार्टी यह संदेश देना चाहती है कि अब जिला इकाइयां केवल ऊपर से तय नामों का परिणाम नहीं होंगी, बल्कि स्थानीय फीडबैक, सामाजिक समीकरण और राजनीतिक उपयोगिता को ध्यान में रखकर तैयार होंगी। इससे संगठन में जवाबदेही बढ़ेगी, स्थानीय नेतृत्व को भरोसा मिलेगा और कार्यकर्ताओं के बीच यह संदेश जाएगा कि नई टीम सहमति और संतुलन के आधार पर बनी है। भाजपा की नई जिला कार्यकारिणी का सबसे धारदार पहलू युवाओं पर फोकस है। 25 से 45 वर्ष आयु वर्ग के कार्यकर्ताओं को तवज्जो देकर पार्टी ने साफ संकेत दिया है कि 2027 के चुनाव में नई पीढ़ी को सिर्फ दर्शक नहीं, बल्कि संगठन की अगली कतार में खड़ा किया जाएगा। भाजपा यह अच्छी तरह समझ रही है कि उत्तर प्रदेश की चुनावी तस्वीर में युवा मतदाता निर्णायक भूमिका निभाने वाले हैं।

ऐसे में संगठन को भी युवा ऊर्जा, तेज संवाद क्षमता, जमीन पर पकड़ और राजनीतिक आक्रामकता से लैस करना उसकी मजबूरी भी है और रणनीति भी। यह पीढ़ी परिवर्तन भर नहीं, बल्कि चुनावी मशीनरी को नए सामाजिक मूड के मुताबिक ढालने की कोशिश है। नई कार्यकारिणी में महिलाओं को पर्याप्त स्थान देकर भाजपा ने यह भी जताया है कि वह महिला मतदाताओं को अब केवल लाभार्थी समूह के रूप में नहीं, बल्कि राजनीतिक भागीदार के रूप में देख रही है।

# यूपी में 1.38 लाख एचआईवी मरीजों को मिल रहा नि:शुल्क उपचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। भारत में करीब 25.44 लाख लोग एचआईवी के साथ जीवन जी रहे हैं, जिनमें लगभग 45 प्रतिशत महिलाएं और 2.75 प्रतिशत बच्चे शामिल हैं। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में करीब 1.38 लाख एचआईवी संक्रमित व्यक्ति एआरटी केंद्रों पर निःशुल्क परामर्श, उपचार और दवा प्राप्त कर रहे हैं। प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी की ओर से सोमवार को राज्य सूचना विभाग के सभागार में एचआईवी/एड्स विषय पर राज्य स्तरीय मीडिया संवेदीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य एचआईवी/एड्स से जुड़ी सही जानकारी का प्रसार, सामाजिक कलंक को कम करना और जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों में मीडिया की भूमिका को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक रमेश श्रीवास्तव ने कहा कि एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने में मीडिया की भूमिका बेहद अहम है और संवेदनशील व तथ्यात्मक रिपोर्टिंग से समाज में फैली भ्रांतियों को दूर किया जा सकता है। डॉ. संजय सोलंकी ने बताया कि एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिलाओं का समय पर इलाज कर नवजात को संक्रमण से बचाया जा सकता है। प्रदेश में 72 लाख गर्भवती महिलाओं की जांच का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें अब तक लगभग 62 लाख की स्क्रीनिंग पूरी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम का लक्ष्य वर्ष 2030 तक एचआईवी संक्रमण और एड्स से होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत तक कमी लाना है। इसके तहत प्रदेश में 399 आईसीटीसी केंद्र, 52 एआरटी केंद्र, 115 एसटीआई/आरटीआई क्लीनिक, 102 लक्षित हस्तक्षेप परियोजनाएं और 373 रेड रिबन क्लब संचालित किए जा रहे हैं। साथ ही हेल्पलाइन 1097 के माध्यम से भी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। कार्यशाला में एचआईवी एवं एड्स (रोकथाम एवं नियंत्रण) अधिनियम, 2017 के प्रावधानों की जानकारी देते हुए संक्रमित व्यक्तियों के अधिकारों की सुरक्षा और गोपनीयता बनाए रखने पर जोर दिया गया।

## प्रतियोगी छात्रों का लोक सेवा आयोग का घेराव, जोरदार प्रदर्शन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले में सोमवार को प्रतियोगी छात्रों ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के बाहर जोरदार प्रदर्शन करते हुए घेराव किया। बड़ी संख्या में पहुंचे छात्रों ने 22 सूत्रीय मांगों को लेकर नारेबाज़ी की और आयोग पर लगातार लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना है कि UPPCS परीक्षा लंबे समय से लंबित है, जिससे उनकी तैयारी और भविष्य पर असर पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि परीक्षा जुलाई–अगस्त में हर हाल में कराई जाए, ताकि अनिश्चितता खत्म हो सके। छात्रों ने आरोप लगाया कि आयोग समय पर परीक्षाएं आयोजित नहीं कर पा रहा है और परिणाम घोषित करने में भी देरी हो रही है। इससे हजारों अभ्यर्थियों का करियर दांव पर लगा हुआ है। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया।

## कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद धरने पर बैठे, हाईवे जाम

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के श्रृंगवेरपुर धाम में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद जीटी रोड हाईवे पर अपने समर्थकों के साथ धरने पर बैठ गए। मंत्री के धरने से हाईवे पर लंबा जाम लग गया और यातायात प्रभावित हो गया। धरने के दौरान डॉ. संजय निषाद ने किले के पास स्थित मस्जिद को हटाने की मांग उठाई। उनका कहना है कि इस स्थान पर सरकार द्वारा एक भव्य पार्क का निर्माण कराया गया है, लेकिन आसपास सफाई व्यवस्था ठीक नहीं है, जिससे वह नाराज हैं। मंत्री ने आरोप लगाया कि क्षेत्र के विकास कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है और धार्मिक व ऐतिहासिक महत्व वाले स्थल की अनदेखी हो रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं होगी, तब तक धरना जारी रहेगा। धरने की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालात को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है।

## निरीक्षण के दौरान मिली बदहाली, महापौर सख्त



**वाराणसी।** शहर के ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले लक्ष्मी कुंड के जीर्णोद्धार कार्य में बड़े पैमाने पर अनियमिताएं सामने आई हैं। नगर निगम द्वारा सीएसआर फंड से करीब 3.57 करोड़ रुपये की लागत से कराए जा रहे इस पुनरुद्धार कार्य का सोमवार को जब महापौर अशोक कुमार तिवारी ने औचक निरीक्षण किया, तो वहां की बदहाली देखकर वह दंग रह गए। निर्माण कार्यों की बेहद खराब गुणवत्ता और मानकों की अनदेखी को देख महापौर का पारा चढ़ गया और उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों को जमकर खरी–खोटी सुनाई।

?निरीक्षण के दौरान सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि कुंड के चारों ओर स्थित पुराने पिलरों (खंभों) की न तो ठीक से सफाई की गई और न ही उनकी मरम्मत हुई, बल्कि धूल और गंदगी के ऊपर ही सीधे पेंटिंग कर खानापूर्ति कर दी गई। इसके अलावा, जो नए पत्थर लगाए गए हैं, उनमें अभी से सीपेज (पानी का रिसाव) दिखाई दे रहा है, जो भविष्य में निर्माण की मजबूती पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। महापौर ने पिलरों की स्थिति और पत्थरों की खराब जुड़ाई को देखकर गहरी नाराजगी व्यक्त की और स्पष्ट कहा कि गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरअसल लक्ष्मी कुंड के जीर्णोद्धार का प्रकरण 22 मार्च को क्षेत्रीय पार्षद राम गोपाल वर्मा ने सदन की बैठक में उठाया था। उन्होंने सदन को अवगत कराया था कि कुंड का कार्य बिल्कुल भी संतोषजनक नहीं है और कार्यदायी संस्था पूरी तरह से मनमाने ढंग से काम कर रही है। पार्षद की इसी शिकायत के मद्देनजर सोमवार को महापौर खुद धरातल पर स्थिति देखने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान पार्षद राम गोपाल वर्मा और मुख्य अभियंता आरके सिंह भी मौजूद रहे। ?महापौर ने मुख्य अभियंता से स्वयं इस पूरे कार्य की निगरानी करने का निर्देश दिया ताकि कुंड के पानी का ट्रीटमेंट आधुनिक मानकों के अनुरूप हो और जल स्वच्छ बना रहे। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता में तत्काल सुधार नहीं हुआ और मनमानी जारी रही, तो संबंधित संस्था का भुगतान रोकने के साथ ही कड़ी वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी है ।

# सर्वांगीण विकास के लिए दस दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कोरांव प्रयागराज। कोराव के तराव में स्थित सेंट मेरिज स्कूल में बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु दस दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ सोमवार को शुरू किया गया जो दिनांक 02 अप्रैल 2026 तक चलेगा।

समर कैंप का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जॉर्ज मेडेपल्ली, मुख्य अतिथि सूर्यमणि कुशवाहा एवं शिक्षकों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किए एवं अतिथियों को गुलदस्ता भेंट करके स्वागत किया गया। उसके बाद फीता काट कर समर कैंप का आगाज प्रधानाचार्य ने किया। शिविर में आउटडोर गेम (क्रिकेट, कबड्डी, बॉलीबॉल, बैडमिंटन, खोत्खो इत्यादि) इनडोर गेम(कैरम,लूडो,चेस इत्यादि) एवं नृत्य, संगीत, हारमोनियम, तबला, आर्ट एंड क्राफ्ट, इंग्लिश स्पोकेन, इंग्लिश राइटिंग इत्यादि विषयों का समर कैंप बच्चों के हित में चलाया जा रहा है। सेंट मेरिज स्कूल तराव द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

# रेलवे कार्मिक प्रबंधन को मजबूत बनाने पर मंथन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी मनोज कुमार ने मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के साथ सोमवार को वाराणसी मंडल के भारतेन्दु सभागार में कार्मिक प्रबंधन एवं प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक का उद्देश्य रेलवे बोर्ड के आदेशों को प्रभावी ढंग से लागू करना और कर्मचारी-प्रबंधन के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करना रहा। बैठक में अपर मंडल रेल प्रबंधक अजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक आर.जे. चौधुरी, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह सहित सभी शाखा अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान कार्मिक विभाग से जुड़े विभिन्न मुद्दों जैसे कर्मचारी हित, पदोन्नति, रिक्त पद, प्रशिक्षण, सेवा अभिलेखों के डिजिटलीकरण और अनुशासनात्मक मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी ने कहा कि कर्मचारी संतुष्टि से ही संगठन की कार्यक्षमता बढ़ती है। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए डाटा विश्लेषण, समयबद्ध कार्य निष्पादन और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। इससे पहले मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन ने कार्मिक विभाग के कार्यों की सराहना करते हुए बताया कि सेवानिवृत्ति के दिन ही योग्य कर्मचारियों को पदोन्नति देना एक सराहनीय पहल है। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह ने प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी दी कि चालू वित्तीय वर्ष में 108 श्रेणियों में 1651 कर्मचारियों को पदोन्नति दी जा चुकी है, जबकि 423 कर्मचारियों को एमएसीपी का लाभ मिला है और 54 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पुनर्नियुक्त किया गया है। बैठक के दौरान अधिकारी ने हित निरीक्षकों एवं यूनियन प्रतिनिधियों से भी संवाद कर कर्मचारियों के कल्याण से जुड़े सुझाव लिए। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अभिनव कुमार सिंह ने किया।

# कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर पुस्तक ने रचा इतिहास

## तीन कैटेगरी में शीर्ष स्थान हासिल किया




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ चारबाग रबिंद्रालय परिसर में आयोजित लखनऊ पुस्तक मेले में इस बार नये लेखकों के लिए सुनहरा अवसर रहा है। बलरामपुर के डॉ. निशांत पांडेय ने एआई जैसे जटिल विषय को हर किसी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम उठाया है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर केंद्रित उनकी किताब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन वैरियस फील्ड्स, फ्यूचर आफ एआई एंड रोबोटिक्स इस समय बौद्धिक समाज में न केवल व्यावहारिक अंतर्दृष्टि के लिए चर्चा में है, बल्कि इसने तीन अलग-अलग श्रेणियों में शीर्ष स्थान हासिल कर 'इंटरनेशनल बेस्टसेलर' होने का गौरव भी प्राप्त किया है।

आईटी,फार्मेसी और समाज सेवा में अपने कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. पांडेय का हमेशा से मानना रहा है कि ज्ञान समाज को सशक्त बनाने के लिए होना चाहिए। इस किताब के माध्यम से उन्होंने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, रोबोटिक्स और ऑटोमेशन जैसे क्षेत्रों में एआई के प्रभाव को बेहद सरल और सटीक उदाहरणों के साथ समझाया है।

इस पुस्तक की सबसे बड़ी विशेषता इसका संतुलित दृष्टिकोण है। जहाँ एक ओर डॉ. पांडेय एआई के सुनहरे अवसरों पर प्रकाश डालते हैं, वहीं दूसरी ओर वे नैतिक जिम्मेदारियों और सामाजिक कल्याण के लिए तकनीक के उपयोग पर भी जोर देते हैं। उनकी इस वैश्विक सफलता पर उन्हें 'इंटरनेशनल बेस्टसेलर ऑथर' बनने के लिए ढेरों बधाइयाँ मिल रही हैं।

उल्लेखनीय है कि डॉ. पांडेय को समाज सेवा और सामुदायिक विकास में उनके सराहनीय कार्यों के लिए इंटरनेशनल आइकन अवार्ड 2025 से भी सम्मानित किया जा चुका है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिली यह नई कामयाबी यह साबित करती है कि जब तकनीक को उद्देश्य के साथ जोड़ा जाता है, तो वह सामाजिक परिवर्तन का एक शक्तिशाली माध्यम बन जाती है।

यह किताब आज के युवाओं, छात्रों और तकनीक प्रेमियों के लिए न केवल एक मार्गदर्शक है, बल्कि एक बड़ी प्रेरणा भी है।

# रेलवे अनुसंधान को मिलेगा नया बल, तीन संस्थानों में एमओयू



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। रेलवे और धातुकर्म क्षेत्रों में अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन (आरडीएसओ), गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) और सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला (एनएमएल) के बीच सोमवार को त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इस समझौते का उद्देश्य संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं को बढ़ावा देना, प्रयोगशाला एवं परीक्षण सुविधाओं को साझा करना तथा मानकों और विशिष्टताओं के विकास में सहयोग करना है। इसके तहत कार्यशालाओं, सेमिनारों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

यह साझेदारी भारतीय रेलवे के समक्ष सामग्री क्षरण, विफलता निवारण और उन्नत प्रौद्योगिकियों को अपनाने जैसी चुनौतियों के समाधान पर केंद्रित होगी। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि यह सहयोग रेलवे संचालन में सुरक्षा, दक्षता और स्थिरता को मजबूत करने के साथ 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को भी गति देगा।

# समाधान दिवस में 102 शिकायतें, 8 का मौके पर निस्तारण, लापरवाही पर सख्ती के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । तहसील सदर में सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनशिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

समाधान दिवस में कुल 102 प्रकरण सुनवाई के लिए आए, जिनमें से 8 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग के 37, नगर निगम के 19, पुलिस विभाग के 14 और अन्य विभागों के 32 मामले शामिल रहे। जिलाधिकारी ने शेष प्रकरणों को निर्धारित समयसीमा में निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जन-शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों की जमीनी स्तर पर जांच कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही शिकायतकर्ताओं से फीडबैक लेकर उनकी संतुष्टि भी सुनिश्चित करने को कहा।

कार्यक्रम के दौरान हटवा गांव निवासी अबु हुजैफा ने लेखपाल पर जमीन माप और कब्जा मुक्त कराने के नाम पर 5 लाख रुपये लेने का आरोप लगाया। इस गंभीर प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र को जांच के निर्देश दिए और संबंधित लेखपाल को तत्काल निलंबित करने के आदेश दिए। इस अवसर पर डीसीपी नगर मनीष कुमार शांडिल्य, उपजिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह, तहसीलदार अनिल पाठक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# यज्ञ, ज्ञान और तप से ही संचालित है सृष्टि : डंडी स्वामी

## ब्रह्म ही सत्य है, भागवत कथा जीवन सुधार का महान विज्ञान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। शहर के इंदिरा नगर कॉलोनी स्थित जी.एस. उत्सव लॉन में आयोजित साप्ताहिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कालाकांकर के सिद्धेश्वर आश्रम से पधारे प्रख्यात कथावाचक बाल ब्रह्मचारी (डंडी स्वामी) श्री आनंदाश्रम जी महाराज ने पिबत भागवतम् रसमालयम की गूंज के बीच अपने ओजस्वी प्रवचनों उत्कंठ हृदय वाणी से श्रोताओं को आध्यात्मिक प्रस्तुति से भाव विभोर कर दिया। कथाव्यास बाल ब्रह्मचारी डंडी स्वामी जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मात्र श्रवण या मनोरंजन का विषय नहीं, बल्कि समाज के सुधार और व्यक्तित्व के उत्थान का दिव्य विज्ञान है। उन्होंने कहा कि भागवत के प्रत्येक श्लोक का मर्म वही समझ सकता है, जो भगवान श्रीकृष्ण के तत्व को जानता है।स्वामी आनंदाश्रम जी महाराज नेकहा कि भक्ति, ज्ञान,तप और वैराग्य से ही सृष्टि संचालित है। उन्होंने ध्रुव-नारद संवाद, सुनीति-सुरुचि प्रसंग और ऋषभदेव के उपदेशों का उल्लेख करते हुए भक्ति, तप और सद्कर्मों का महत्व समझाया। स्वामी ने कहा कि जीवन में शिक्षा के साथ भगवत कृपा का होना अनिवार्य है, क्योंकि उसी से व्यक्ति अपने परिवार और समाज का कल्याण कर सकता है। डंडी स्वामी जी ने कहा कि भगवत कृपा होने पर अल्प ज्ञान भी महान फल प्रदान करता है। उन्होंने जीवन में सजगता का संदेश देते हुए कहा कि अच्छे से अच्छे व्यक्ति भी भटक सकते हैं, वहीं बुरे से बुरे व्यक्ति में भी सुधार की अपार संभावनाएं रहती हैं। उन्होंने यज्ञ, ज्ञान और तप को सृष्टि का मूल आधार बताते हुए कहा कि इनका त्याग कभी नहीं करना चाहिए। साथ ही वैदिक परंपरा की छह शुद्धियों , कर्ता, मंत्र, द्रव्य, स्थान, काल और भाव–का विशेष महत्व बताते हुए कहा कि यदि ये सभी तत्व शुद्ध हों, तो भगवान को अर्पित किया गया छोटा सा फल-जल भी पूर्ण रूप से स्वीकार्य होता है। उन्होंने कहा कि बाहरी आडंबर से अधिक अंतःकरण की पवित्रता ही सच्ची साधना है। कथाव्यास ने नारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बिना पत्नी के कोई भी यज्ञ पूर्ण नहीं माना जाता, जिससे गृहस्थ जीवन में स्त्री की गरिमा और महत्ता स्पष्ट होती है। उन्होंने यह भी बताया कि तप केवल जंगलों में ही नहीं, बल्कि गृहस्थ जीवन में भी एकाग्र चित्त और संयम के साथ किया जा सकता है। कथा के बीच बीच ह्लभज गोविंद गोविंद गोपाला एवं सियाराम नाम पवन जैसे भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। कार्यक्रम के शुभारंभ के बाद युवा समाजसेवी यश पांडेय एवं उनकी माता भारती पांडेयूं ने भी कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# जल जीवन मिशन योजना के अधिकारियों डीएम ने रोका वेतन

## मोहनलालगंज लखनऊ संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील सभागार में जिलाधिकारी विशाख जी समस्या सुन रहे थे सामाजिक न्याय महासभा के प्रदेश कार्यकारी सदस्य दिनेश गौतम ने शिकायत दर्ज कराई थी कनकहां में चारागाह की भूमि का गाटा संख्या 1850 ,56 ,75, 69 एवं २191 से अवैध कब्ज़ा हटाए जाने के बाद गाटा संख्या १८ 56 पर पुनः अवैध कब्जा कर लिया गया जिनके विरुद्ध राजस्व विभाग ने गाटा संख्या 2191 के आशिक भाग पर किसानों की फसल को नष्ट कर प्रधान के सुपुर्द कर दिया जबकि 1856 को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया और फर्जी निस्तारण कर दिया गया इससे सामाजिक न्याय महासभा के प्रदेश सदस्य ने नाराजगी व्यक्त की । मोहनलालगंज विकासखंड क्षेत्र दाउदनगर दुनिया पत खेड़ा सईया गोझ ,पूरनपुर बग हान खेड़ा के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में काफी संख्या में फर्जी नाम एवं मृतकों के दर्ज हैं जो अनुचित है फर्जी नामो को हटवाने के लिए ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई है,



ग्राम पंचायत करोरा के ग्रामीणों में शिकायत दर्ज कराई की हम लोगों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है और गांव के सभी सदस्य प्रधानमंत्री आवास पाने के पात्र हैं जिसमें बसंती पत्नी राम प्रताप ,राज मती पत्नी सोनू ,कंचन पत्नी शिव दीन आदि ने प्रधानमंत्री आवास दिलाए जाने की गुहार लगाई है। अधिवक्ता केपी यादव एवं वेद प्रकाश लोधी ने शिकायत दर्ज कराई की उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के अनुसार असंक्रमणीय भूमि को भूमिधर घोषित करने के लिए तहसील प्रशासन को अधिकार है खतौनी में परिवर्तन कर संक्रमणीय भूमि घोषित किया जाए समस्त पत्रावली तहसील कार्यालय में रिपोर्ट लगी हुई उपस्थित हैं परंतु अब तक न होने से ग्रामीण किसानों में काफी नाराजगी है जिन्हें तत्काल भूमिधर घोषित किए जाने की आवश्यकता है। विनीता पत्नी सर्वेश चौधरी मिर्ज़ापुर मस्ती मऊ ने भवन संख्या 1090 में विद्युत कनेक्शन का आवेदन किया लेकिन विद्युत विभाग ने विद्युत कनेक्शन देने से पहले ही ?90000 का एस्टीमेट बनाकर भेज दिया जबकि पीड़िता का आरोप है कि विद्युत पोल हमारे दरवाजे से 2 मीटर दूरी पर स्थित है और फिर भी इतना एक लाख का एस्टीमेट बनाकर भेज दिया गया ,अधिवक्ता धीरेंद्र चंद तिवारी ने शिकायत दर्ज कराई की कालेश्वरम मोहनलालगंज पुराना पावर हाउस के पीछे मेरा पुराना निजी मकान बना हुआ है जिसमें मैं निवास करता हूं आसपास सभी भवनों में विद्युत कनेक्शन लगा है दूसरा नया मकान बनवाया जिसमें विद्युत कनेक्शन लेने के लिए आवेदन 6 फरवरी को किया था अभी तक आवेदन पर कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराया जा सका जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल विद्युत विभाग को कनेक्शन दिए जाने के सख्त निर्देश दिए हैं ।सैदपुर में जल मिशन योजना में कनेक्शन के तीन माह बाद भी पानी न पहुंचने से नाराज जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश देते हुए संबंधित अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए ,सरिता देवी शिल्पकार पत्नी दीपक मऊ नगर पंचायत ने शिकायत दर्ज कराई कि नगर पंचायत द्वारा मुझे पिक टॉयलेट में कार्य दिया गया था और मैं उस समय बच्चों को लेकर जब आंगनबाड़ी केंद्र टीकाकरण के लिए गई थी तभी अधिकारियों ने मौका पाकर ताला लगा दिया और मुझे परेशान किया जा रहा है इस पर तत्काल जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मोहनलालगंज को निर्देश दिया कि इसे पुनः कार्य पर रखा जाए ।इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी से किसानों ने शिकायत दर्ज कराई कि खतौनी में परिवार के अन्य सदस्य है अंश निर्धारण न होने से आपसी विवाद उत्पन्न होता है इस पर उपजिलाधिकारी पवन पटेल को निर्देशित किया कि राजस्व निरीक्षकों को रोस्टर बनाकर दे सभी किसानों की खतौनियों में अंश निर्धारण सुनिश्चित कराए, ए सी पी विकास पांडे,तहसीलदार ,प्रभारी निरीक्षक सहित काफी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# अर्जुन रावत उर्फ गंगाधर पैर में गोली लगने के बाद गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीजीआई/लखनऊ। पीजीआई थाना क्षेत्र में रविवार देर रात पुलिस और एक शातिर झपटमार बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लगी, जिससे वह घायल होकर गिर पड़ा और पुलिस ने मौके पर ही उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से लूटा गया मोबाइल फोन, अवैध असलहा, बिना नंबर प्लेट की बाइक समेत अन्य सामान बरामद किया गया है।पुलिस के अनुसार, भदुरुक निवासी प्रीती सिंह से रविवार देर रात बाइक सवार बदमाश ने मोबाइल फोन झपट लिया था। पीड़िता की तहरीर पर पीजीआई थाने में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम ने जांच शुरू की। घटना के खुलासे के लिए पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया।इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि झपटमारी की घटना में शामिल बदमाश वृंदावन योजना की ओर आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बरौली पुलिया के पास घेराबंदी कर दी। कुछ ही देर में एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी।पुलिस ने आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश 22 वर्षीय अर्जुन रावत उर्फ गंगाधर निवासी किला मोहम्मदीनगर, आशियाना के पैर में गोली लग गई। घायल बदमाश को पुलिस ने मौके पर गिरफ्तार कर इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से झपटा गया रीयलमी मोबाइल फोन, एक अन्य मोबाइल, बिना नंबर प्लेट की पल्सर 125 सीसी बाइक, एक देशी तमंचा .315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस और 1165 नकद बरामद हुए हैं।पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह अपने ऐशो-आराम और शौक पूरे करने के लिए सुनसान स्थानों पर राहगीरों को निशाना बनाकर मोबाइल व कीमती सामान झपटता था। पुलिस के मुताबिक, उसके खिलाफ पहले से ही आलमबाग और आशियाना थानों में चोरी, सेंधमारी और गैंगस्टर एक्ट के तहत कई गंभीर मुकदमे दर्ज हैं।।पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही उसके अन्य साथियों और आपराधिक नेटवर्क की भी जांच की जा रही है।

## राजाजीपुरम में महिलाओं द्वारा हुआ कीर्तन का आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजाजीपुरम में भारतीय जन सेवा समिति महिला मंडल द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर महिलाओं द्वारा कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, ब्लॉक प्रमुख काकोरी नीतू यादव उपस्थिति रही। जिनका समिति के अध्यक्ष शैलेश बाजपेई 'शीलू' की पत्नी अर्चना बाजपेई ने अंगवस्त्र पहनाकर सम्मान किया। वहीं इस मौके पर शीतल तिवारी, कुसुम गुप्ता, मीना चौबे, मीरा बंसल, पिंकी शाक्या, सीमा पांडेय, अनीता शर्मा, गीता दुबे, हेमा झा, ज्योति साहू, मधु चौहान, नीति द्विवेदी, प्रीति बाजपेई, रीना साहू, प्रिया गुप्ता, प्रियंका साथी, मानसी तिवारी, रश्मि पांडेय समेत बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

## मंदिर परिसर से युवक की बाइक चोरी

**मोहनलालगंज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** लखनऊ, मोहनलालगंज कस्बे में स्थित मंदिर परिसर से बाइक चोरी की घटना सामने आई है। बेटे का मुंडन संस्कार कराने आए युवक की बाइक अज्ञात चोरों ने पार कर दी। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, गोसाईगंज थाना क्षेत्र के कटरा बक्कास गांव निवासी अभिनंदन सोमवार दोपहर करीब 1:30 बजे अपने पुत्र अर्थव का मुंडन संस्कार कराने के लिए मोहनलालगंज स्थित कालेबीर बाबा मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने अपनी काले रंग की बजाज पल्सर बाइक मंदिर परिसर के बाहर खड़ी कर दी और परिवार सहित अंदर चले गए।मिली जानकरी के मुताबिक कि मुंडन संस्कार के बाद जब वह करीब 4 बजे वापस लौटे और घर जाने के लिए बाइक लेने पहुंचे तो उनकी बाइक मौके से गायब थी। पहले उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उन्होंने तत्काल कस्बा चौकी पहुंचकर अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई।पीड़ित का कहना है कि मंदिर परिसर में अक्सर भारी भीड़ रहती है, जिसके चलते चोर आसानी से वारदात को अंजाम दे देते हैं। उन्होंने पुलिस से जल्द से जल्द बाइक बरामद कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में चौकी इंचार्ज अतुल सिंह ने बताया कि बाइक चोरी की तहरीर प्राप्त हुई है। मामले की जांच की जा रही है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर लिया जाएगा। मंदिर परिसर में दिनदहाड़े हुई इस चोरी की घटना से क्षेत्रीय लोगों में चिंता का माहौल है। लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

## अमरेन्द्र भारद्वाज बने जिला कार्यालय सह मंत्री, कार्यकर्ताओं में उत्साह

**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी के गठन के साथ संगठन ने एक बार फिर युवा नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए जिला पंचायत सदस्य अमरेन्द्र भारद्वाज को जिला कार्यालय का जिला सह मंत्री नियुक्त किया है। इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने के बाद जनपद में कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है और उन्हें लगातार बधाइयां दी जा रही हैं। नई जिम्मेदारी मिलने पर अमरेन्द्र भारद्वाज ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो भरोसा जताया है, उसे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ निभाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने के साथ संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं को पार्टी से जोड़कर संगठन को और सशक्त बनाया जाएगा तथा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर भाजपा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। अमरेन्द्र भारद्वाज की सक्रियता और संगठन के प्रति समर्पण के चलते क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है, जिससे पार्टी को मजबूती मिल रही है। जिम्मेदारी मिलने पर क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं, समर्थकों और शुभचिंतकों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा।

## पत्नी पर लगाया परिचितों से पिटवाने का आरोप

लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी इलाके में रहकर एक विद्यालय में सो रहे व्यक्ति ने अपनी पत्नी पर देर रात बात करने के बहाने परिचितों से पिटाई करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित पवन सिंह ने बताया कि वह श्रीकान्त का मकान मलाक नियर सरकारी स्कूल के पास रहता है। पीड़ित का आरोप है कि दिनांक बीते 21 मार्च की रात्री समय लगभग 12.45 बजे मै मां श्री विन्ध्यवासिनी इण्टर कालेज विजयनगर निलमथा में सो रहा था। तभी मेरी पत्नी ज्योति सिंह जो कि 11 साल से मेरे साथ नही रहती है वह स्कूल के गेट पर आयी और मुझे आवाज दी और बोली गेट खालो मुझे तुमसे बहुत जरूरी बात करनी है जैसे ही मै गेट खोला तो उसके छुपे परिचित बावी चौरसिया तथा दो अन्य लोग जो कि आशियाना में रहते है गेट के अन्दर आकर मेरे उपर मोटर साईकिल की चेन से हमला कर दिये। स्कूल के अन्दर पकड़कर बुरी तरह मारा पीटा फिर मैं किसी तरह जोर से चिल्लाया तो स्कूल का गार्ड जाग गया तो गार्ड चिल्लाया तो हमलावरों ने गाली गलौज व जान से मारने धमकी देते हुए भाग गये। पीड़ित का आरोप है कि पत्नी ने मुझे अपने परिचितों से पिटवाया है।

# लखनऊ उत्तर को आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना लक्ष्य : डॉ. नीरज बोरा

❒ विधायक ने लखनऊ उत्तर क्षेत्र में दी करोड़ों के विकास कार्यों की सौगात

❒ क्षेत्र का चहुंमुखी विकास और जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता : डॉ. बोरा




लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। विधायक डॉ. नीरज बोरा ने क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जन-सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सड़क, नाली निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के अनेक कार्यों का शुभारंभ किया। सोमवार सुबह आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में डॉ. बोरा ने जानकीपुरम द्वितीय, लाला लाजपत राय वार्ड, निराला नगर और फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड के निवासियों को विकास कार्यों की भेंट दी। जिसमें उन्होंने जानकीपुरम गार्डन में सतीश कुमार सोनी के मकान से सुभाष चन्द्र बरनवाल के मकान तक सड़क व नाली निर्माण कार्य। लाल लाजपत राय वार्ड में उस्मान एन्क्लेव से आर.सी.सी. नाले एवं नाली कवर का निर्माण कार्य। तो वहीं निराला नगर में डॉ. सुशील उपाध्याय के आवास के सामने स्थित अशोक सिंघल पार्क में रंगाई-पुताई व सौंदर्यीकरण का कार्य एवं फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड में तिरंगा चौराहे से आरती टेन्ट हाउस तक गहरी नाली निर्माण का कार्य, निर्मला हॉस्पिटल से चौबे डेयरी तक सड़क व नाली निर्माण कार्य जैसे महत्वपूर्ण जनसुविधाओं को पुष्ट करने वाले कार्यों का शिलान्यास किया। वहीं इस मौके पर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास और जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज जिन विकास कार्यों का शुभारंभ हुआ है, उनसे जलभराव की समस्या से मुक्ति मिलेगी। उन्होंने कहा कि लखनऊ उत्तर को एक आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाना ही मेरा लक्ष्य है और मैं हर परिस्थिति में अपने कर्तव्य पथ पर आप सभी की सेवा में उपस्थित हूं। शिलान्यास कार्यक्रम में पार्षद राघवराम तिवारी, पार्षद राजकुमारी मौर्य, सी के वर्मा, शैलेन्द्र मौर्य, रमन निगम, पार्षद प्रतिनिधि सुदर्शन कटियार, घनश्याम अग्रवाल, अनुराग साहू, राकेश सिंह, कृपाशंकर मिश्रा, पंकज तिवारी, अशोक वर्मा, आशुतोष सिंह, राजू सिंह रूपाली गुप्ता, गुड़िया निगम, प्रमोद चतुर्वेदी, किशोर प्रजापति, संदीप वर्मा, विनोद अवस्थी, डॉ पूजा उपाध्याय, अमरनाथ अग्रवाल, मनीष गुप्ता, मनीष बरनवाल, अभय गुप्ता, रामकिशोर चौबे भाजपा पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

# ग्यारह हजार केवीए लाइन की चपेट में आया मजदूर, हालत गंभीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज/लखनऊ, सोमवार दोपहर को मोहनलालगंज कस्बे में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब डीसीएम में टायर लाद रहे एक मजदूर को अचानक ऊपर से गुजर रही ग्यारह हजार केवीए बिजली लाइन ने अपनी चपेट में ले लिया। करंट लगते ही मजदूर मौके पर बेहोश होकर गिर पड़ा, जिससे आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब मजदूर वाहन पर टायर चढ़ाने का काम कर रहा था। इसी दौरान वह अनजाने में ऊपर से गुजर रही हाई वोल्टेज लाइन के संपर्क में आ गया। करंट लगते ही वह गंभीर रूप से झुलस गया और मौके पर अफरा तफरी की स्थिति बन गई।स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बिना देर किए घायल मजदूर को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने तुरंत




उसका प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉक्टरों के मुताबिक, समय पर इलाज मिलने से उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल मजदूर को लखनऊ के शिविल हॉस्पिटल के लिए रेफर किया गया है।घायल मजदूर की पहचान 32 वर्षीय नूर आलम निवासी जैतपुर, जनपद बाराबंकी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक कि वह रोज़ की तरह मजदूरी करने आता था,तभी यह हादसा हो गया।सूत्रों के अनुसार, जिस बिजली लाइन से हादसा हुआ वह सिसेंडी फीडर की ग्यारह हजार केवीए लाइन है। घटना की सूचना बिजली विभाग द्वारा संबंधित थाने को दे दी गई है। फिलहाल पुलिस और विभागीय अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं।स्थानीय लोगों ने इस घटना के बाद क्षेत्र में लटकती और असुरक्षित बिजली लाइनों को लेकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि कई जगहों पर हाई वोल्टेज लाइनें बेहद नीचे से गुजर रही हैं, जिससे आए दिन हादसों का खतरा बना रहता है। लोगों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई कर सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है।

# गोमती में मछलियों की संदिग्ध मौत, प्रदूषण पर उठे सवाल

## सामाजिक कार्यकर्ता ने दी तहरीर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ। बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के हीरापुरवा गांव के पास गोमती नदी में रविवार और सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में बड़ी संख्या में मछलियों की मौत हो गई। नदी किनारे मृत मछलियां उतराती देख ग्रामीणों में चिंता फैल गई। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी गई।

सामाजिक कार्यकर्ता तिरंगा महराज ने इस मामले में लिखित तहरीर देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने गोमती नदी में बढ़ते जल प्रदूषण को मछलियों की मौत का संभावित कारण बताया है। उनका कहना है कि नदी में लगातार गंदे नाले और अपशिष्ट गिराए जा रहे हैं, जिससे जलीय जीवों पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, नदी के पानी के रंग और गंध में भी बदलाव महसूस किया गया है, जिससे प्रदूषण की आशंका और गहरा गई है। लोगों



का कहना है कि यदि समय रहते जांच कर आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो जलीय जीवों के साथ-साथ आसपास के गांवों के लोगों के स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है।सामाजिक कार्यकर्ता ने प्रशासन से नदी के पानी की जांच कराकर प्रदूषण के स्रोतों को चिन्हित करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं, इस संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खस्ताहाल मदाखेड़ा–गौतमखेड़ा मार्ग पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

# डामरीकरण न हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। निगोहां क्षेत्र के मदाखेड़ा से गौतमखेड़ा को जोड़ने वाला करीब चार किलोमीटर लंबा मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने से ग्रामीणों और राहगीरों का आवागमन मुश्किल हो गया है। आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं, जिससे क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने जल्द डामरीकरण न होने पर धरना-प्रदर्शन और उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।





ग्रामीणों के अनुसार यह मार्ग घने जंगल के बीच से होकर मदाखेड़ा मंदिर तक जाता है, जहां श्रद्धालुओं का नियमित आवागमन रहता है। सड़क खराब होने से श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के बाद गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटना की आशंका और बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि करीब एक माह पहले इस मार्ग पर खनन कार्य में लगे डंपरों के भारी आवागमन से सड़क पूरी तरह टूट गई थी। विरोध के बाद ग्रामीणों ने डंपरों का आवागमन रोक दिया था। उस समय खनन संचालकों ने जल्द डामरीकरण कराने का आश्वासन दिया था, जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया था। खनन कार्य समाप्त होने के बाद भी अब तक सड़क का डामरीकरण नहीं कराया गया है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा है कि यदि जल्द ही सड़क को गड्ढा मुक्त कराकर डामरीकरण नहीं कराया गया तो वे धरना-प्रदर्शन और उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ग्रामीणों का कहना है कि प्रदेश सरकार गड्ढा मुक्त सड़कों का दावा कर रही है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। मदाखेड़ा-गौतमखेड़ा मार्ग इसकी बड़ी मिसाल बन चुका है।

# हैंडपंप नहीं बना, स्ट्रीट लाइट नहीं लगी, लेकिन खाते से निकल गए लाखों

❒ छह माह से खराब हैंडपंप, स्ट्रीट लाइट व मरम्मत के नाम पर लाखों रुपये निकालने का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बख्शी का तालाब,लखनऊ।बख्शी का तालाब तहसील समाधान दिवस में एडीएम राकेश कुमार सिंह के समक्ष ग्राम पंचायत ऊनई की निवासी महिला नागमती ने शिकायती पत्र देकर ग्राम प्रधान व सचिव पर सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया।

महिला ने बताया कि उनके घर के सामने लगा सरकारी हैंडपंप पिछले छह माह से खराब पड़ा है, जिसकी मरम्मत के लिए उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान जियालाल से कहा, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। हैंडपंप खराब होने से उन्हें पेयजल की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।शिकायत में



आरोप लगाया गया है कि ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा हैंडपंप मरम्मत, ह्यूम पाइप, मिट्टी पटाई व प्रशासनिक कार्यों के नाम पर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया है। महिला ने यह भी आरोप लगाया कि मिट्टी पटाई कार्य किस आदेश से कराया गया, इसकी जांच राजस्व विभाग से कराई जानी चाहिए।महिला के अनुसार 12 जुलाई 2025 को एचपी (हैंडपंप) के नाम पर दो अलग-अलग ट्रांजेक्शन किए गए, जिसमें एक 25,400 रुपये और दूसरा 10,000 रुपये निकाले गए। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट के नाम पर तीन बार में कुल 2,50,800 रुपये निकाले गए, लेकिन गांव में कहीं भी स्ट्रीट लाइट नहीं लगाई गई।पीड़िता ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एडीएम ने शिकायत को संबंधित विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# मौसम खराब होने से ईदगाह के अलावा अन्य दस मस्जिदों में भी पढ़ी गयी ईद की नमाज

## खुशी के साथ मनाया गया ईद का त्योहार, बड़ी ही अकीदत और एहतराम के साथ पढ़ी गयी ईद-उल-फित्र की नमाज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जहांगीराबाद (सीतापुर)। मौसम अत्यधिक खराब होने पर जहांगीराबाद स्थित ईदगाह पर शनिवार को पूर्व निर्धारित समय सुबह 8:30 बजे इमाम हाफिज मौलाना तजकीर आलम कासमी ने ईद की नमाज पढ़ाई। इसी के साथ मरकजी कमेटी के ऐलान पर सुबह 8:40 से लेकर 9:00 बजे के बीच अलग अलग समय पर कस्बे की अन्य लगभग दस मस्जिदों में भी ईद की नमाज अदा की गई। ईद का त्योहार बड़े ही अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया। इस मौके पर जहांगीराबाद सहित आसपास क्षेत्र के भारी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने जहांगीराबाद ईदगाह पहुंच कर नमाज अदा की जिनमें नौजवान, बुड्ढे और बच्चे शामिल थे। इसके बाद देर रात तक एक दूसरों के घरों में जाकर ईद-उल-फित्र पर्व की बधाइयां देने और सिवंइयों, मिठाइयों सहित अन्य पकवानों के खाने का क्रम चलता रहा। इस अवसर पर चौराहे पर मेला भी लगा जिसमें लोगों ने मिठाइयां खरीदीं और बच्चों ने झूले का आनन्द लिया। जहांगीराबाद सहित आसपास के पूरे क्षेत्र धामीसरांय, बसुदहा व कोठार आदि जगहों पर ईद का त्योहार बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ शान्ति पूर्वक मनाया गया। इस मौके पर नायब तहसीलदार सुधीर कुमार श्रीवास्तव, ए0डी0ओ0 पंचायत राजेश कुमार श्रीवास्तव व क्षेत्रीय लेखपाल नीलेश कुमार यादव के अलावा सदरपुर थाना के अपराध निरीक्षक सुरेश कुमार यादव भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। इस बार चप्पे चप्पे पर पुलिस की नजर रही।

# सीतापुर में ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन ने शुभम रस्तोगी को बनाया युवा जिला अध्यक्ष



सीतापुर। ऑल इंडिया स्वर्णकार समाज एसोसिएशन (रजि.) ने संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए युवा चेहरे शुभम रस्तोगी को युवा जिला अध्यक्ष, सीतापुर (उत्तर प्रदेश) पद की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुकुल वर्मा की संस्तुति एवं पदाधिकारियों की सहमति से की गई। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने कहा कि शुभम रस्तोगी एक सक्रिय, कर्मठ एवं समाज के प्रति समर्पित युवा हैं, जिनकी कार्यशैली और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें यह अहम दायित्व सौंपा गया है। उनके नेतृत्व में संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई है। नवनियुक्त युवा जिला अध्यक्ष शुभम रस्तोगी ने कहा कि वे संगठन द्वारा दिए गए इस सम्मान और जिम्मेदारी के लिए आभारी हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे संगठन की नीतियों, सिद्धांतों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे तथा समाज के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं को जोड़कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाना उनकी प्राथमिकता होगी, साथ ही समाज के उत्थान एवं एकता के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा। संगठन ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में सीतापुर में स्वर्णकार समाज और अधिक संगठित एवं सशक्त होगा।

# नैमिषारण्य में 'मिशन शक्ति' के तहत छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

## पुलिस टीम ने महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और अधिकारों को लेकर किया जागरूक, छात्राओं को विषम परिस्थितियों में मदद लेने के लिए किया प्रेरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नैमिषारण्य। थाना नैमिषारण्य के अन्तर्गत पुलिस चौकी बेलहरी श्री राम जानकी विद्या मदिर इण्टर कॉलेज ततरोई में सोमवार को 'मिशन शक्ति' अभियान के चरण 5.0 के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं को महिला सुरक्षा और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस टीम ने छात्राओं को प्रदेश सरकार द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की विस्तार से जानकारी दी। उप निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि किसी भी विषम परिस्थिति में छात्राएं वीमेन पावर लाइन 1090 , 112 पुलिस सहायता 112 ,महिला हेल्पलाइन 181 और चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का उपयोग कर सकती हैं। इसके अलावा साइबर अपराधों से बचाव के लिए 1930 और सरकारी योजनाओं की जानकारी के लिए 1076 टोल फ्री मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के बारे में भी जानकारी दी गई। टीम ने छात्राओं को घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा और यौन उत्पीड़न जैसे अपराधों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पुलिस टीम से कांस्टेबल जतिन राहल अपूर्वा दीक्षित राबिंस कुमार और कांस्टेबल सहित अन्य मौजूद रहे।

## सपा नेताओं ने मनाई डा. राम मनोहर लोहिया की जयंती



शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी के महान चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित कर उनको याद किया। इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजित की गई और डॉ राम मनोहर लोहिया के सिद्धांतों और नीतियों पर चर्चा की गई। सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि महान चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया एक निडर और गतिशील व्यक्तित्व के धनी समाजवादी नेता थे। वो आजादी से पहले और आजाद भारत में भी लोगों के खातिर कई बार जेल गए। उन्होंने एक ऐसे समाज की रचना के लिए कड़ी मेहनत की। जिसमें गरीबों, पिछड़ों और महिलाओं को न्याय मिले। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि डॉ. लोहिया जनतांत्रिक समाजवाद की विचारधारा में विश्वास रखते थे और सदैव जनता के निर्वाचित प्रतिनिधियों को संसदीय साधनों द्वारा शक्ति दिये जाने के पक्षधर थे। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि राम मनोहर लोहिया भारत के स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी, समाजवादी राजनेता और प्रखर चिन्तक थे। इस मौके पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा के महानगर अध्यक्ष रामकुमार भोजवाल, महिला सभा की जिलाध्यक्ष किरन कठेरिया, रामसूरत, संजीव वर्मा, अवधेश पाल, जितेंद्र प्रधान, दोदराम वर्मा, लखन प्रताप सिंह, अरविंद पाल, हफीज अंसारी, नाजिम फारुकी, पार्थ यादव, प्रसून कुमार, आकाश वर्मा, उत्पल यादव, दुर्गेश कुमार, मोहित पटेल, संजय कुमार, इकबाल मंसूरी, रामरतन लाल सोनी, खिजर महबूब खान, इमरान खान, शरीफ खान, शहाब खान, नरवीर फौजी, तैय्यब खान, सरताज अली, सुरजीत यादव, गुफरान खान, रानू खान, टिंकू सिंह, आरिफ खान, मोहसिन खान, राजकुमार, सिद्दीक खान, अनिल कुमार भास्कर, सचिन सक्सेना आदि कई लोग मौजूद रहे।

## डेढ़ किलो से अधिक अफीम के साथ झारखंड का तस्कर गिरफ्तार

शाहजहांपुर। जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना रोजा की संयुक्त पुलिस टीम ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने डेढ़ किलोग्राम से अधिक अवैध अफीम बरामद की। जनपदीय एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना रोजा की संयुक्त पुलिस टीम ने आज मुखबिर की सूचना पर अटसलिया पुल के पास से एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने डेढ़ किलोग्राम से अधिक अवैध अफीम और 1600 रूपए, मोबाइल आदि बरामद किया। पकड़ा गया तस्कर झारखंड राज्य के जिला खूंटी क्षेत्र के थाना अडकी पोस्ट बीरबाकी के ग्राम मुचिया का रहने वाला लिपी सोय पुत्र लेबड़ा सोया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त लिपी सोय ने बताया कि वो झारखण्ड से अवैध अफीम लेकर जनपद बरेली के आंवला में रहने वाले एक व्यक्ति को देने जा रहा था। बताया कि शाहजहांपुर हाईवे पर बस खराब हो गई थी, इसलिए बरेली जाने के लिए दूसरी बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान पुलिस ने पकड़ लिया। फिलहाल, रोजा पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना रोजी के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार के साथ एसओजी प्रभारी और सर्विलासं सेल की टीम मौजूद रही।

## व्यापार मंडल की पीओएस मशीन उपलब्ध कराने की मांग, दिया ज्ञापन



शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के महानगर अध्यक्ष नरेन्द्र शुक्ला के नेतृत्व में संगठन के तमाम व्यापारियों ने जिला कृषि अधिकारी को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में व्यापारियों की तमाम समस्याओं से जिला कृषि अधिकारी को अवगत कराया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष वीपी सिंह गोल्डी ने कहा कि व्यापारियों के लाइसेंस जारी हुए लगभग तीन माह हो चुके हैं। इसके बाबजूद अब तक व्यापारियों को पीओएस मशीन जारी नहीं की गई है। कहा कि जब व्यापारी को मशीन नहीं उपलब्ध कराई गई है तो वो खरीद- बिक्री कैसे कर सकता है। इससे व्यापारी का गोदाम व दुकान का किराया फिजूल खर्चों में जा रहा है। इस पर जिला कृषि अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि इसी माह मार्च में ही व्यापारियों को पीओएस मशीन उपलब्ध करा दी जाएगी। ताकि व्यापारी अपना व्यापार कर सके। वहीं, जिलाध्यक्ष वीपी सिंह गोल्डी ने कहा कि अगर मार्च माह तक व्यापारियों को पीओएस मशीन उपलब्ध नहीं कराई गई, तो मुख्यमंत्री से शिकायत की जाएगी। इस मौके पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष अंकुर गांधी, महानगर महामंत्री श्याममोहन मिश्रा, चमन तिवारी, आरके श्रीवास्तव, आशीष वर्मा, रजत बत्रा, मोहम्मद वाजिद, संदीप वर्मा, सुनील मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने समाधान दिवस पर तहसील तिलहर में सुनी समस्याएं, निस्तारण के निर्देश



शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । संपूर्ण समाधान दिवस पर तहसील तिलहर में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने संयुक्त रूप से जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित प्राप्त 55 शिकायतों में कुल 10 शिकायतों का निस्तारण मौके पर हुआ। दोनों अधिकारियों ने शेष शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। अधिकारियों ने कहा कि फरियादी को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, निर्धारित समय में ही शिकायतों का निस्तारण किया जाए। इस दौरान तहसील के अधिवक्ताओं ने भी कई प्रशासनिक एवं राजस्व संबंधी समस्याओं को लेकर शिकायत पत्र दिया और न्यायालयों में लंबित मामलों के समयबद्ध निस्तारण, अभिलेखों के रखरखाव में सुधार, कर्मचारियों की लापरवाही पर कार्यवाही तथा तहसील तिलहर परिसर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने की मांग की। जिस पर डीएम ने तत्काल अपर जिलाधिकारी न्यायिक एवं उप जिलाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी तिलहर सदानंद सरोज, तहसीलदार तिलहर दीपेंद्र कुमार, तिलहर क्षेत्राधिकारी ज्योति यादव, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मिश्रिख तहसील में 'संपूर्ण समाधान दिवस' में उमड़ी फरियादियों की भीड़, डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर । सीतापुर के मिश्रिख तहसील में आयोजित 'संपूर्ण समाधान दिवस' के दौरान जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक उपस्थित रहकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने मौके पर आए लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान कई मार्मिक और गंभीर मामले सामने आए। उमरापुर सरोसा (ब्लॉक गोंदलामऊ) के निवासी चंद्र प्रकाश पुत्र मेवा लाल चौथी बार समाधान दिवस में गुहार लगाने पहुंचे। दिव्यांग चंद्र प्रकाश ने बताया कि पिछले एक साल से वह आवास के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। तीन साल पहले उनका कच्चा घर गिर गया था और अब वह एक टूटी-फूटी झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं, जहां बारिश का पानी भरने से जीवन दूभर हो जाता है। वहीं, कुतुबनगर के रमेश चंद्र ने भावुक होकर अपनी समस्या रखी। उन्होंने बताया कि पिछले 15 दिनों से उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। घर में वह अपनी वृद्ध मां के साथ रहते हैं और चूल्हे पर खाना बनाने के कारण धुएं से उनकी मां की तबीयत लगातार बिगड़ रही है। उन्होंने जिलाधिकारी से जल्द से जल्द सिलेंडर दिलाने की गुहार लगाई। जमीन विवाद से जुड़ा एक अन्य मामला लोधौरा गांव की सुशीला (पत्नी स्वर्गीय गुलाब) ने पेश किया। वह भी चौथी बार समाधान दिवस में आई थीं। सुशीला का आरोप है कि विपक्षी लोग उनकी जमीन पर कब्जा नहीं छोड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि एक साल पहले धारा 24 के तहत पैमाइश भी हो चुकी है, लेकिन इसके बावजूद विपक्षी जमीन खाली करने को तैयार नहीं हैं। पहले गन्ना कटने का बहाना बनाया गया और अब वे सीधे तौर पर धमकी दे रहे हैं कि वे खेत खाली नहीं करेंगे। जिलाधिकारी ने 2 बजे तक आए सभी फरियादियों की शिकायतों को सुना और उनके त्वरित निस्तारण का भरोसा दिया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी मिश्रिख अभिनव यादव, सीओ विशाल गुप्ता सहित अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत महिलाओं व बालिकाओं को किया गया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। आपको बताते चलें कि मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना लहरपुर पुलिस टीम द्वारा ग्राम नेरिया में मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों एवं समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई कार्यक्रम में पुलिस विभाग द्वारा महिला सुरक्षा के लिए संचालित विभिन्न अभियानों और हेल्पलाइन नंबर 112 ,1090, 181 ,1076 ,1930, 108 ,आदि के बारे में भी महिलाओं व बालिकाओं को जागरूक किया गया इस अवसर पर ''उपनिरीक्षक योगिता नेगी ''ने छात्राओं व महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य बहन बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है ।और उन्हें आत्मनिर्भर एवं सजग बनाना है। उन्होंने कहा की बालिकाएं अपने अधिकार के प्रति तभी जागरूक हो सकती हैं जबवह उच्च शिक्षा प्राप्त करेगी इस सफल कार्यक्रम में गांव के संभ्रांत व्यक्ति व कांस्टेबल जीतेश इस मौके पर मौजूद रहे।

## महिला शक्ति टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं/छात्राओं को जागरूक किया गया



लखीमपुर खीरी पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के द्वितीय चरण के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में व क्षेत्राधिकारी पलिया के कुशल मार्गदर्शन में एवं थानाध्यक्ष पलिया के नेतृत्व में आज दिनांक 23.03.2026 को थाना पलिया की महिला शक्ति टीम द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं एवं छात्राओं को मिशन शक्ति एवं साइबर सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सम्मान व बच्चो की सुरक्षा के उद्देश्य से जागरूक करते हुये अपराधों से उनकी सुरक्षा और उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को प्रमुख कानूनो एंव गरिमा के विरूद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी देते हुये विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं महिला हिंसा से सम्बन्धित तथा अन्य शिकायतों के निवारण हेतु हेल्पलाइन नम्बरो के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

## दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने किया रोड जाम

बेहजम खीरी । नीमगांव थाना क्षेत्र के अछनियां गांव में एक सड़क हादसे के बाद बवाल की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार पंकज, उनकी पत्नी कोमल और बेटी मान्नया निवासी बेहजम, पिपरझला किसी काम से बाइक से गए थे। वहां से वापस घर लौटते समय अछनियां गांव के पास उनकी बाइक एक स्थानीय व्यक्ति से टकरा गई। टक्कर के बाद मामूली कहासुनी हुई, लेकिन मामला अचानक बढ़ गया। आरोप है कि स्थानीय लोगों ने पंकज के साथ जमकर मारपीट शुरू कर दी और देखते ही देखते बवाल की स्थिति बन गई। इस दौरान पंकज, उनकी पत्नी और बच्ची घायल हो गए। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही मितौली क्षेत्राधिकारी यादवेन्द्र सिंह, मितौली और नीमगांव थाने की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए बेहजम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

## शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए सोमवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील गोला गोकर्णनाथ में ''संपूर्ण समाधान दिवस'' आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए। डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 47 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 28, पुलिस 05, आपूर्ति 04, चकबंदी 02, विद्युत, दिव्यांगजन, बेसिक शिक्षा, ग्राम्य विकास 01- 01, अन्य के 04 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एसडीएम रेणु मिश्रा, सीओ अरुण कुमार सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

समाधान दिवस पर मुस्कुराए चेहरे : लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात*

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ.ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार व एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों को आवास की चाबियां सौंपी गईं। वहीं बी-पैक्स अहमदनगर के 3, बी-पैक्स ममरी के 2 तथा बी-पैक्स लंदनपुर के 1 लाभार्थी को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इसके साथ ही राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को सहायता स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत भी 5 लाभार्थियों को पेंशन स्वीकृति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# नवरात्र में सेहत का संकल्प: लखीमपुर खीरी में बेटियों को कैंसर से बचाने की मुहिम शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अभिभावकों से अपील, अपनी बेटियों का कराए टीकाकरण, जन-जन तक पहुंचाएं अभियान**

**महिला अस्पताल से शुरू हुआ एचपीवी टीकाकरण अभियान, सभी सीएचसी में टीका उपलब्ध**

लखीमपुर खीरी। आस्था और शक्ति के पर्व नवरात्र के बीच जिले में 'बेटी बचाओ, कैंसर भगाओ' का मजबूत संदेश गूंजा। पीएम नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता वाले सर्वाइकल कैंसर रोकथाम अभियान के तहत जिला महिला चिकित्सालय से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस वैक्सीन) वैक्सीनेशन की शुरुआत हुई।

अभियान का शुभारंभ डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, विधायक योगेश वर्मा, बीजेपी जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने संयुक्त रूप से सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डॉ वाणी गुप्ता और सीएमएस डॉ आरके गुप्ता की मौजूदगी में किया। कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि एचपीवी टीकाकरण सर्वाइकल कैंसर से बचाव का सबसे सुरक्षित और प्रभावी हथियार है। अब जागरूकता ही सबसे बड़ी ढाल है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को समय रहते टीका जरूर लगवाएं। खास बात यह है कि यह वैक्सीन पूरी तरह मुफ्त है और 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 15 वर्ष से कम आयु की किशोरियों के लिए उपलब्ध है। टीकाकरण के लिए अभिभावक ठ-डक्रा डिजिटल प्लेटफॉर्म पर रजिस्ट्रेशन कर आसानी से अपॉइंटमेंट बुक कर सकते हैं। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे बिना किसी झिझक के अपनी 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बेटियों का समय पर टीकाकरण कराएं और इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग करें। विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि बेटियां हमारे समाज की शक्ति हैं। उनकी सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव अब संभव है और इसके लिए सरकार ने निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन की सुविधा उपलब्ध कराई है। यह सिर्फ एक टीका नहीं, बल्कि हमारी बेटियों के सुरक्षित भविष्य की गारंटी है।

# शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करें अधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी जिलाधिकारी केशव कुमार ने तहसील सहसवान में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कुल 25 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनके गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। शनिवार को ईद-उल-फितर पर सार्वजनिक अवकाश होने के कारण सोमवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाता है इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर राजस्व की 09, पुलिस की 02, विकास विभाग की 05 अन्य विभागों की 09 कुल 25 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनके गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

## भाजपा का युवा नेता जांच के घेरे में, हो सकता है बड़ा खुलासा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। एचपीसीएल के दो अफसरों की हत्या के मामले में जांच जारी है। कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि वारदात के बाद हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह ने भाजपा के एक युवा नेता को कॉल किया था। इससे यह नेता भी जांच के घेरे में आ गया है। सैंजनी गांव स्थित एचपीसीएल प्लांट में हुई दो अफसरों की हत्या के मामले में तफ्तीश जारी है। सूत्रों के मुताबिक कॉल डिटेल रिकॉर्ड की जांच में भाजपा का एक युवा नेता भी फंसता नजर आ रहा है। विशेष जांच दल (एसआईटी) तफ्तीश में उसका नाम शामिल कर सकता है। दोहरे हत्याकांड में मंडलायुक्त भूपेंद्र एस चौधरी की अध्यक्षता वाली एसआईटी विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है। वहीं पीड़ित परिवार सीबीआई जांच की मांग पर अड़े हैं। एसआईटी जांच में आरोपी अजय प्रताप सिंह के राजनीतिक जुड़ाव का खुलासा हो सकता है। सूत्र बताते हैं कि अजय और उसके तहेरे भाई अभय का इस युवा नेता से गहरा जुड़ाव था। अक्सर राजनीतिक कार्यक्रमों में ये दोनों अफसरों के बगल में बैठकर रौब गांठते थे। इनके फोटो भी वायरल हैं। शायद यही वजह थी जो अजय इतने बेखौफ तरीके से दोहरे हत्याकांड को अंजाम दे बैठा, उसे यकीन था कि नेता की पहुंच सीधी लखनऊ और दिल्ली तक है और वह उसे बचा लेगा। तेल कंपनी के दो अफसरों की हत्या के बाद अजय को एनकाउंटर का डर सताने लगा था। सूत्र बताते हैं कि अपनी जान बचाने के लिए उसने एक नेता को कॉल कर घटना की जानकारी दी। वह कहीं भागने के मूड में था, लेकिन नेता ने ही उसे आत्मसमर्पण करने की सलाह दे दी। निलंबित इंस्पेक्टर व दरोगा की विभागीय जांच शुरू घटना वाले दिन ही निलंबित किए गए एसओ अजय कुमार व दरोगा धर्मेंद्र के खिलाफ विभागीय जांच शुरू हो गई है। जांच अधिकारी सीओ सिटी ने दोनों को नोटिस जारी कर बयान दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभागीय जांच में यदि दोषी मिलते हैं तो उनके खिलाफ आगे कड़ी कार्रवाई हो सकती है। इस वारदात को लेकर आरोपी अजय के परिजनों व नजदीकी लोगों तक पहुंचने के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें बरेली, शाहजहांपुर आदि जिलों के उन स्थानों पर दबिश दे रहीं हैं, जहां अजय के परिवार के लोगों व अन्य नजदीकियों के छिपे होने की आशंका है। हालांकि अब तक किसी अन्य आरोपी की गिरफ्तारी की अधिकारिक जानकारी सामने नहीं आ सकी है। वहीं पुलिस घटना के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के परिजनों का रिकॉर्ड खंगाल रही है। मृतकों के परिजनों ने पुलिस को कुछ ऐसे साक्ष्य दिए, जिसमें आरोपी के परिवार के कुछ अन्य लोगों को भी संदिग्ध बताया गया है। इसी के बाद से पुलिस और प्रशासन अजय के परिवार के अन्य लोगोंऔर उसके नजदीकियों का भी रिकॉर्ड खंगालने में जुट गई है।

## मुसाफिरखाना के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील मुसाफिरखाना में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ जिसमें जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है।पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिये।तहसील मुसाफिरखाना में कुल इक्कीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील अमेठी में बाइस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक का निस्तारण किया गया। तहसील तिलोई में पांच शिकायतें प्राप्त हुई तथा तहसील गौरीगंज में बारह शिकायतें प्राप्त हुई जिनके शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान एसडीएम अभिनव कनौजिया, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, बीएसए संजय तिवारी, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, तहसीलदार, कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## नौ दिवसीय जन जागरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल (बहजोई)। उत्तर प्रदेश सरकार के नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर विगत 9 वर्ष की अभूतपूर्व उपलब्धियों एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का 9 दिवसीय जन जागरण,प्रदर्शनी एवं विचार गोष्ठी/ संवाद सम्मेलन ( 18 मार्च 2026 से 26 मार्च 2026 तक) के अंतर्गत आज बस स्टैंड बहजोई पर एनआरएलएम के द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन जनपद संभल की ओर से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष माननीय डॉ. श्रीमती अनामिका यादव जी, विशिष्ट अतिथि पूर्व सदस्य, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग, श्रीमती मंजू दिलेर जी के द्वारा फीता काट कर किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का पुस्तक एवं पुष्प देकर स्वागत किया गया। जिला विकास अधिकारी राम आशीष के द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया और उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के विषय में भी विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पूर्व सदस्य, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग श्रीमती मंजू दिलेर जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महिला एक परिवार की रीड होती है, उन्होंने सभी महिलाओं को नवरात्रों की शुभकामनाएं दी,उन्होंने कहा हमारे देश और उत्तर प्रदेश में महिलाएं शक्ति आगे बढ़कर कदम से कदम मिलाकर कार्य कर रही हैं। उन्होंने समस्त स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से कहा कि अपने परिवार की मर्यादाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य करें ताकि आप लोग आर्थिक विकास के पथ पर आगे बढ़ सकें। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती डॉ. अनामिका यादव जी ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से परिचय किया उन्होंने कहा कि महिलाओं के द्वारा हम अपने जनपद में एक न्याय, पंचायत एक प्रोडक्ट का कार्य करेंगे जिससे हमारी महिलाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा उन्होंने कहा कि अपना प्रोडक्ट अपना कंज्यूमर को लेकर भी कार्य करेंगे ।

### जीआरपी थाने में तैनात आरक्षी ने लगाई डीजीपी से गुहार



बदायूं कैनविज टाइम्स संवाददाता । जीआरपी थाने में तैनात मुख्य आरक्षी देवेंद्र कुमार ने एक्स पर डीजीपी को बताया कि सर, में बहुत दुखी हूं, मानसिक तनाव में हूं, वहीं मुख्यालय की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, वहीं मुख्य आरक्षी का ऐसा लिखना चर्चा का विषय बना हुआ है।

### दीवार काटकर, हजारों की चोरी



बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता । लावेला चौक पर स्थित साहू होटल में बीती रात चोरों ने पूर्व दिशा की दीवार काटकर गुल्लक में रखें हजारों रुपए की चोरी कर ली, वही होटल मालिक का कहना है कि सोमवार की सुबह होटल खोला तो सारा सामान अस्त-व्यस्त मिला, वहीं उन्होंने थाना कोतवाली को सूचना दी, वहीं पुलिस ने मौके पर आकर अपनी जांच पड़ताल की, वहीं इंस्पेक्टर संजय सिंह का कहना है कि जांच पड़ताल की जा रही है, जांच में जो भी तथ्य आएंगे उनके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### वंदे मातरम की शान में, विश्व हिंदू महासंघ मैदान में

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा व विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निदेर्श पर वंदे मातरम गीत की 151 वषर्गांठ व 23 माचर् को शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव व शहीद राजगुरु के 95 वीं शहादत दिवस पर विश्व हिंदू महासंघ की सुल्तानपुर इकाई ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित एक ज्ञापन जिलाध्यक्ष ड कुंवर दिनकर प्रताप सिंह के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को सौंपा। जिसमें यह मांग की गई कि जिलाधिकारी कायार्लय के सामने तिकोनिया पाकर् के निकट के चैराहे को वंदे मातरम चैक घोषित किया जाए जिससे आने वाली पीढ़ी को वंदे मातरम गीत से परिचित कराया जा सके और शहीदों के प्रति उनके मन में श्रद्धा भाव उत्पन्न हो सके। न.पा.प. द्वारा उक्त चैराहे को वंदे मातरम चैक घोषित होने के बाद जिला इकाई अपने जिले के शहीदों के चित्र, तिरंगा ध्वज, यातायात संकेतक भारत माता के चित्र तथा वंदे मातरम गीत की पट्टीका से उसे सजाने का पूरा प्रयास करेगा। ज्ञापन देने के लिये जिला महामंत्री सचिन पांडे, मीडिया प्रभारी/प्रवक्ता रमेश महेश्वरी, प्रख्यात कथा वाचक दिनेशानंद महाराज, राकेश सिंह दद्दू, राजेश पाठक, शनी मिश्रा, सुजीत कसौधन, शुभम दुबे आदि मौजूद रहे।

### अवैध निमार्ण: सिस्टम की आँखों के सामने, बेआबरू हो रहे सरकारी फरमान

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । शहर के मुख्य चैराहे में शुमार मेजरगंज नेशनल टकीज के ठीक सामने अवैध निमार्ण का खेल बेखौफ जारी है। हैरानी की बात यह है कि खबर चलने के बाद कुछ समय के लिए काम रुका, लेकिन आज फिर उसी रफ्तार से निमार्ण शुरू हो गया मानो कानून सिफर् दिखावे के लिए हो!अब सवाल ये उठता है कि अवैध निमार्ण के खुला खेल फरूख्खाबादी के जुमले पर प्रसह किसका? नगर कोतवाल या घंटाघर चैकी इंचाजर् इन अवैध निमार्णकतार् के किन परिस्थितियों में सरपरस्त बनें है यह तो फिलहाल विभागीय जांच का विषय बना हुआ है या फिर यूँ कहें कि इस मामले की गूंज कहीं हाकिम मैडम तक न पहुंचे इसके लिए बकायदा तमाम हथकंडे भी तैयार रखे गए हैं । सूत्रों की मानें तो मामला सिफर् अवैध निमार्ण का नहीं, बल्कि ्समोटे खेल् की मजबूत नींव पर पिलर खड़ा किया है, जिसकी भूमिका शाहगंज चैकी में चांदनी रात में तय की गयी है । शायद यही वजह है कि कार्रवाई की जगह खामोशी की दीवार खड़ी होकर मौन स्वीति देती नजर आ रही है। 'क्या नियम सिफर् आम जनता के लिए हैं?' क्या यह निमार्ण किसी अश्य संरक्षण में पल रहा है? कागजों पर रोक का आदेशित कानून चैराहे पर खड़ा तमाशा देख रहा है और जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे बैठे हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन जागेगा या फिर ये ्सअवैध महल् ऐसे ही खड़ा होता रहेगा... बहरहाल एसपी चारू निगम के पुलिसिंग में कहीं कोई कोर कसर दिखती नजर नहीं आ रही है, लेकिन सवाल लाजमी है कि आखिरकार मैडम सर के गुड गवनेर्ंस में गुण्डा से सुशोभित अवैध निमार्णकतार् किस लाल बहादुर के सह पर सेंध लगाता नजर आ रहा है।

### गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता

गोरखपुर । अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन (उ.प्र.) के तत्वावधान में गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब पर महिला पदाधिकारियों द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता का उद्देश्य आगामी 24 मार्च 2026, मंगलवार सायं 6:00 बजे आयोजित होने वाले वैश्य महाकुंभ सम्मान समारोह एवं भजन उत्सव को भव्य एवं सफल बनाना रहा। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष श्रीमती चारू चौधरी ने कहा कि समाज की उन्नति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश सांधी (राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद, राज्यसभा) होंगे, जबकि अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में गोपाल मोर (राष्ट्रीय महासचिव) एवं सुधीर एस. हलवासिया (प्रदेश अध्यक्ष) उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा विराज सागर दास (अध्यक्ष, यूपी ओलंपिक एसोसिएशन एवं प्रबंध निदेशक, बीबीडी ग्रुप) तथा शैलेन्द्र अग्रहरि (प्रदेश महामंत्री) कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। उन्होंने सभी महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर इसे ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर रीना जायसवाल (अध्यक्ष, महिला सभा जायसवाल विकास समिति) ने कहा कि यह आयोजन वैश्य समाज की एकता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है। शिखा गुप्ता (अध्यक्ष, महिला कसौधन सभा) ने महिलाओं की सहभागिता को कार्यक्रम की सफलता की कुंजी बताया, वहीं रेखा मोदनवाल ने भी सभी से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, ऐसे में उनका संगठित होना समाज के विकास के लिए आवश्यक है। शिक्षा, स्वावलंबन और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से महिलाओं को आगे बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही महिलाओं से नेतृत्व की भूमिका निभाने और नई पीढ़ी को संस्कार व शिक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया। प्रेस वार्ता में यह भी संकल्प लिया गया कि वैश्य समाज की महिलाओं को एकजुट कर उन्हें आर्थिक, सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इस दौरान पत्रकार वार्ता में अनिता अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, रीना जायसवाल, रश्मि केसरवानी, विनीता जायसवाल, शकुंतला जायसवाल, निशि अग्रवाल, सीमा माहेश्वरी, सिंधु जायसवाल, सीता जायसवाल, मधु पोद्दार, अंजुला मोदनवाल, सविता जायसवाल, वंदना गुप्ता, रीता बरनवाल, शिखा गुप्ता, सुनैना गुप्ता, नीतू गुप्ता एवं कंचन गुप्ता सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल (बहजोई)। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया की अध्यक्षता में तहसील चंदौसी के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील चंदौसी में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि देखने में आ रहा है कि तहसील दिवस में कुछ शिकायतें दूसरी या तीसरी बार आ रही हैं उनके संबंधित लेखपाल एवं संबंधित अधिकारी देखें तथा उनका गुणवत्तापरक निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि आगामी तहसील दिवस में कोई ऐसी शिकायत न आए जो दूसरी एवं तीसरी बार हो शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण निचले स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीति यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरुण पाठक,उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी, क्षेत्राधिकारी चंदौसी दीपक तिवारी,तहसीलदार रवि सोनकर सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। जिला संभल समाजवादी पार्टी की बैठक बी आर होटल बबराला रोड बहजोई में संपन्न हुई बैठक में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवाद के पुरोधा डॉक्टर राम मनोहर लोहिया जी की जयंती मनाई गई बैठक में जिला अध्यक्ष पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर राम मनोहर लोहिया एवं शहीद दिवस पर सरदार भगत सिंह सुखदेव राजगुरु के चित्र पर माला अर्पण किया एव महान स्वतंत्रता सेनानियों - भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी। इन तीनों ने भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दी थी श।देश को शहीद हुए सरदार भगत सिंह सुखदेव राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की बैठक को संबोधित करते हुए ।

जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी ने कहा डॉ राम मनोहर लोहिया जी का जन्म 23 मार्च 1910 को अकबरपुर, उत्तर प्रदेश में हुआ था। वे एक महान समाजवादी नेता, विचारक और स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका रही डॉ लोहिया जी ने समाजवाद को एक नए दृष्टिकोण से देखा और उसे भारतीय संदर्भ में लागू करने का प्रयास किया। उन्होंने जाति प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई और महिलाओं के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी

**जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार ने कहा**

डॉ लोहिया जी ने कई महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखीं, जिनमें से ''गोलमेरिज्म'' और ''मार्क्स, गांधी और सोशलिज्म'' प्रमुख हैं। उन्होंने ''जन'' नामक पत्रिका का भी संपादन किया, जिसमें उन्होंने अपने विचारों को लोगों तक पहुंचाया बैठक को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता सतीश प्रेमी जी ने कहा कि डॉक्टर लोहिया समाजवाद के पुरोधा थे प्रेमी जी ने कहा समाजवादी पार्टी लगातार लोहिया जी को आदर्श मानते हुए उनके लिए हुए संकल्प को देश में घर-घर पहुंचाना चाहती है देश में समाजवाद की स्थापना करना चाहती है बैठक को उमेश दिवाकर उमेश यादव कमल शर्मा बलवंत सिंह ने भी संबोधित किया ।

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव नगर अध्यक्ष सद्दाम कुरेशी जिला उपाध्यक्ष शोभित कुमार काका जिला अध्यक्ष प्रबुद्ध सभा कमल शर्मा उमेश दिवाकर बलवंत सिंह रवि दिवाकर कपिल देव लोकेश यादव निकुंज गंगवार ए पी यादव एडवोकेट राजवीर सिंह यादव पप्पू शर्मा मुकेश यादव डॉक्टर हो राम सिंह अनिकेत गुप्ता नेताजी लायक सिंह देवकीनंदन कुशवाहा राकेश यादव अतुल यादव महबूब अली कुलवंत राघव हरिश्चंद्र आर्य अशोक राणा एडवोकेट राष्ट्रीय सचिव मजदूर सभा आसिफ इकबाल आसिफ भाई चेतन गुप्ता जिला अध्यक्ष नदीम किसान यूनियन तराई क्षेत विपिन कुमार सक्सेना प्रतीक नानू बलवंत सिंह राजवीर दिनेश कुमार मुरारी लाल विजय कुमार राम रतन राकेश दिवाकर सूरजपाल गंगा सिंह चरण सिंह प्रधान जी राजू दिवाकर तस्लीम भाई मुस्ताक राहुल भाई पहलवान जमील भाई एसपी बिलाल फराज असगर प्रकाश प्रजापति आदि उपस्थित रहे बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी एवं संचालन जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शखधार ने किया

## जमीन विवाद में पूर्व सभासद का हाई वोल्टेज ड्रामा मोबाइल टावर पर चढ़े, निष्पक्ष जांच की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बदायूं। बिसौली नगर पालिका के पूर्व सभासद विजय सोमवार को मोबाइल टावर पर चढ़ गए। उन्होंने जमीन विवाद के मामले में तीन लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की।बिसौली में जमीन विवाद ने सोमवार को उस समय नाटकीय रूप ले लिया जब पूर्व सभासद विजय आक्रोशित होकर मोबाइल टावर पर चढ़ गए। इससे इलाके में खलबली मच गई। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंच गए। विजय को निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया। इसके बाद वह नीचे उतरे। जानकारी के अनुसार, विजय का वजीरगंज क्षेत्र के कुछ लोगों से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। आरोप है कि वजीरगंज के तीन लोग उन्हें जमीन बेचने नहीं दे रहे हैं और जो भी ग्राहक जमीन खरीदने के लिए आगे आता है, उसे भड़काकर सौदा रुकवा दिया जाता है। इस बात से आहत होकर विजय कोहली ने विरोध जताने के लिए यह कदम उठाया और मोबाइल टावर पर चढ़ गए। मौके पर पहुंची तहसील प्रशासन की टीम टावर पर चढ़ते ही उन्होंने प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जाहिर की और अपनी मांगों को पूरा करने की बात कही। उनकी इस हरकत को देख आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। कई लोग वीडियो बनाने लगे, जिससे मामला और तेजी से चर्चा में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, तहसील प्रशासन और राजस्व विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी और टावर के आसपास भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया।

इसके बाद अधिकारियों ने टावर पर चढ़े विजय कोहली को समझाने-बुझाने का प्रयास शुरू किया। घंटों तक चले समझाने के प्रयास के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने उन्हें हर संभव मदद और निष्पक्ष जांच का भरोसा दिलाया।

## दो अफसरों की हत्या के बाद बड़ी कार्रवाई नौकरी से निकाले गए 85 कर्मचारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। सैंजनी गांव स्थित एचपीसीएल प्लांट में हुए दोहरे हत्याकांड के बाद कंपनी प्रबंधन ने भी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्लांट के 85 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है। इसमें हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह के दो भाई केशव प्रताप व चंद्रशेखर भी शामिल हैं।मूसाझाग थाना क्षेत्र के सैंजनी गांव स्थित एचपीसीएल के सीबीजी प्लांट में हुई दो अफसरों की हत्या के बाद कंपनी प्रबंधन ने बड़ा कदम उठाते हुए 85 कर्मचारियों को नौकरी से बाहर कर दिया है। ये सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारी थे। इनमें मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह के दो भाई केशव प्रताप और चंद्रशेखर भी शामिल बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, सीबीजी प्लांट में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को सेवा समाप्ति की सूचना एन-3-ई टेक्नालॉजी प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक पराग हलानी द्वारा ई-मेल के माध्यम से दी गई। कंपनी की ओर से स्पष्ट किया गया है कि 13 मार्च से सभी संबंधित कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त मानी जाएंगी और नियमानुसार उक्त अवधि तक का भुगतान भी कर दिया गया है। बता दें कि बीते 12 मार्च को प्लांट परिसर में उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता और सहायक मुख्य प्रबंधक हर्षित मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने का आरोप आउटसोर्सिंग कर्मचारी अजय प्रताप सिंह पर है, जो महज 14 हजार रुपये प्रतिमाह वेतन पर कार्यरत था। बताया जाता है कि उसने नौकरी के बहाने प्लांट परिसर में पहुंचकर पराली आपूर्ति का ठेका भी लेना शुरू कर दिया था। सूत्रों के मुताबिक, प्लांट में बढ़ती अराजकता और अनुशासनहीनता को देखते हुए उप महाप्रबंधक सुधीर गुप्ता ने सख्ती बरतनी शुरू की थी, जिससे आरोपी अजय प्रताप सिंह बौखला गया। इसी रंजिश में उसने इस जघन्य दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया। इसके बाद आरोपी ने थाने पहुंचकर खुद ही आत्मसमर्पण कर दिया था। बाद में पुलिस ने मुठभेड़ दिखाकर उसका चालान कर दिया। बताया जा रहा है कि लगभग चार माह पूर्व ही प्लांट में मानव संसाधन उपलब्ध कराने वाली पुरानी एजेंसी 'लक्ष्य इंटरप्राइजेज' का ठेका निरस्त कर एन-3-ई टेक्नालॉजी प्राइवेट लिमिटेड को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। नई कंपनी ने कार्यभार संभालते ही करीब 40 कर्मचारियों की छंटनी की थी, जिसमें आरोपी अजय प्रताप सिंह भी शामिल था। माना जा रहा है कि उसी समय से वह रंजिश पाले हुए था। हत्याकांड के बाद से प्लांट का संचालन पूरी तरह बंद कर दिया गया है। कंपनी और प्रशासन की ओर से संकेत दिए गए हैं कि जब तक सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हो जाते और माहौल पूरी तरह सामान्य नहीं हो जाता, तब तक प्लांट दोबारा शुरू नहीं किया जाएगा।

# एमडीसी अल्ट्रासाउंड सेंटर में फर्जीवाड़ा गर्भ में जिंदा बच्चे को रिपोर्ट में मार डाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिला महिला अस्पताल के निकट स्थित एमडीसी अल्ट्रासाउंड सेंटर पर गर्भवती महिला की गलत रिपोर्ट देने का आरोप लगाते हुए का र्रवाई की मांग की गई है।जिले में पैथोलॉजी सेंटर की भरमार से गर्भ में पल रहे नवजात शिशु की आए दिन जान जा रही है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है,बता दें कि एक शिकायत पत्र की जानकारी के अनुसार एमडीसी पैथोलॉजी सेंटर पर एक महिला ने उक्त सेंटर पर अल्ट्रासाउंड करा या गया,रिपोर्ट में सेंटर से जारी किए गए जांच में आईयूडीएफ़ का जिक्र किया गया,आईयूडीएफ़ का मतलब गर्भस्थ शिशु की मौत वहीं दूसरे सेंटर से आई रिपोर्ट में बच्चा नार्मल बताया गया,पीड़ित ने जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मामले की शिकायत की मांग की है।जानकारी के अनुसा र यह पैथोलॉजी सेंटर महिला अस्पताल की बॉउं ड्री से सटा हुआ है और एमडीसी सेंटर के नाम से जाना जाता है।जबकि पहले भी इस सेंटर से कई शिकायत आ चुकी है, साथ ही कई फर्जी रिपोर्ट भी दिया जा रहा है।अब देखने वाली बात यह है कि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक जहां एक तरफ फर्जीवाड़े पैथोलॉजी सेंटर और स्वास्थ मह कमा को सुधारने में लगे हैं वहीं दूसरी तरफ गोंडा जिले में एमडीसी अल्ट्रासाउंड सेंटर स्वास्थ मंत्री के दामन पर दाग लगा रहे हैं।वही इसकी जानका री एडिशनल सीएमओ से ली गई तो उन्होंने बता या शिकायत प्राप्त हुई है और इसकी जांच मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा की जा रही है।

# पशु चोरों और पुलिस में मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली, पांच गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में पशु चोरी की बढ़ती घटनाओं के बीच पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। थाना कोतवाली नगर और एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में पांच शातिर अंतर जन पदीय पशु चोरों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई केशवपुर पहाड़वा रेलवे क्रॉसिंग के पास मुठभेड़ के दौरान हुई। पुलिस के अनुसार, काफी समय से जिले में पशु चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं।जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश पर विशेष टीमें गठित की गई थीं।अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार और क्षेत्राधिकारी नगर आनंद कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस लगातार निगरानी और चेकिंग कर रही थी। रविवार देर रात को पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ पशु चोर चोरी किए गए जानवरों के साथ केशवपुर पहाड़वा की ओर आ रहे हैं,सूचना मिलते ही पुलिस ने इलाके में घेराबंदी कर दी। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें समीर उर्फ लल्लन नाम के आरोपी के पैर में गोली लग गई। उसे तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।बाकी चार आरोपि यों को मौके पर ही दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में तुशाल उर्फ तुफैल, भूपेंद्र यादव उर्फ भूपत, मैनुद्दीन और नयाब शामिल हैं। इनके पास से एक अवैध तमंचा, एक जिंदा और एक खोखा कारतूस, एक पिकअप वाहन, चोरी की एक भैंस, एक पाड़ा और 17 हजार रुपये नकद बरामद कि ए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ में और भी चोरी की घटनाओं का खु लासा हो सकता है।

# प्रषिक्षण पूर्ण कर चुकी आशा बहुओं को वितरित किया गया प्रमाण पत्र




कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार अपने 9 वर्ष पूर्ण होने पर ॒उत्तर प्रदेश के नवनिर्माण के 9 वर्षड्ड के रूप में मनाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश नवनिर्माण के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कपूरथला परिसर स्थित उत्थान आडिटोरियम में 18 से 26 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले 09 दिवसीय समारोह अन्तर्गत रविवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी बहराइच द्वारा प्रशिक्षण पूर्ण कर चुकी 40 आशा बहुओं को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एडीपी के 05 इण्डीकेटर को संतृप्त करने एवं एबीपी हुजूरपुर के 06 इण्डीकेटर को शत्प्रतिशत संतृप्त करने हेतु सम्पूर्णता के इण्डीकेटर स्वास्थ्य, पोषण, पशुओं का टीकाकरण विद्यालयों में पर्याप्त संख्या में बालिका शौचालय पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, डॉ0 पियूष आयुर्वेद चिकित्साधिकारी, ऑगनबाड़ी कार्यकत्री, सुपरवाईजर, आशा बहुएं, एबीपी फ़ेलो सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, कस्तूरबा विद्यालय की छात्राऐं उपस्थित रहीं।


# धारा–15 के अन्तर्गत प्रस्तुत आक्षेप पत्रों की नगर मजिस्ट्रेट ने की सुनवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । नगर मजिस्ट्रेट/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी राजेश प्रसाद द्वारा बाईपास निमार्ण हेतु तहसील महसी के ग्राम टेडवा बसन्तपुर व तहसील बहराइच ग्राम-सेहरिया, गौरिया, बैकुन्ठा, मसीहाबाद, पिपरिया महिपाल, खलीलपुर, गोकुलपुर की अधिग्रहीत की जा रही भूमि से हितबद्ध कृषकों की धारा-15 के अन्तर्गत सुनवाई की गयी। बहराइच बाईपास के निर्माण हेतु भू अधिग्रहण की धारा-11 की अधीन 19 जनवरी 2026 को अधिसूचना निर्गत की गयी थी। अधिसूचना के तिथि से 60 दिन तक भू-अधिग्रहण के विषय पर आक्षेप प्रस्तुत करने का समय दिया गया था।

उल्लेखनीय है कि 60 दिन की समय सीमा में कुल 06 आक्षेप अरविन्द कुमार सिंह पुत्र कृष्ण पाल सिंह नि. रायपुरराजा सिविल लाइन बहराइच का आक्षेप पत्र सरिता सिंह पत्नी स्व. मनीष प्रताप सिंह नि. का आक्षेप पत्र 16 मार्च 2026 को उषा देवी पुत्री राजाराम पत्नी राममूरती मिश्रा ग्राम मुन्सारी जिला बहराइच का आक्षेप पत्र 10 फरवरी 2026 व मो. रईस व मो. फहीम पुत्रगण मो. हनीफ नि. मोहल्ला मोहलीपुरा परगना व तहसील बहराइच का आक्षेप पत्र 10 फरवरी 2026 का विश्वनाथ गुप्ता पुत्र रामसेवक गुप्ता मो. मीरा खेलपुरा बहराइच का आक्षेप पत्र 22 जनवरी 2026 व अमित कुमार सिंह नि. हुजुरपुर का आक्षेप पत्र 24 जनवरी 2026 प्राप्त हुये थे। जिनकी सुनवाई की गयी। आक्षेप पत्र भूमि अधिग्रहण के विषय पर प्रस्तुत नही किये गये थे। कृषको द्वारा अपने-अपने प्रार्थना पत्रों में अपनी भूमि की प्रतिकर दरों का उल्लेख किया गया। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच द्वारा उपस्थित कृषकों के पक्षों को सुना गया तथा अस्वस्त किया गया कि प्रतिकर का निर्धारण भूमि अर्जन अधिनियम 2013 की व्यवस्थाओं के अनुरूप होगा अर्जन क्षेत्र में जो परिसम्पत्तियाँ प्रभावित पायी गयी है। उनका भी प्रतिकर विशेषज्ञ विभाग के मूल्याकन कराकर दिया जायेगा।




## शहीद दिवस के अवसर पर मानस इंटर कॉलेज, विशुनपुर रहू में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। मेरा युवा भारत, बहराइच (उत्तर प्रदेश) द्वारा भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन शहीद दिवस के अवसर पर मानस इंटर कॉलेज, विशुनपुर रहू में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमेश चंद्र मिश्रा एवं विशिष्ट अतिथि उमेश चंद्र मिश्रा (अध्यक्ष, जनहित फाउंडेशन) तथा शायना परवीन (जूही सिलाई–कढ़ाई केंद्र) एवं शालबा (समाजसेवी) सौरभ वर्मा (समाज सेवी) उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में भगत सिंह सुखदेव थापर अन्य अमर शहीदों को माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम के क्रम में सभी प्रतिभागियों ने श्रमदान, पदयात्रा एवं रैली में बढ़–चढ़कर भाग लिया। साथ ही युवा महिला मंडल की प्रतिभागियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित भाषण प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## परिवार न्यायालय में परामर्शदाता के रिक्त 03 पदों पर होगी नियुक्ति

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, बहराइच ने बताया कि उच्च न्यायालय, इलाहाबाद के निर्देशुनसार परिवार न्यायालय, बहराइच में रिक्त 03 पद पर परामर्शदाता की नियुक्ति के सम्बन्ध में प्राप्त आवेदनथपत्र उत्तर प्रदेश शासन को अग्रसारित किये जाने हैं। प्रधान न्यायाधीश ने बताया कि आवेदक समाजशास्त्र या मनोविज्ञान में से एक विषय में स्नातक की डिग्री रखता हो और समाज सेवा का अनुभवी हो, जो आवेदक सामाजिक कार्य में मास्टर डिग्री धारक है और पारिवारिक काउन्सिलिंग में दो वर्ष का अनुभव रखता है, उसे वरीयता दी जायेगी। आवेदक की आयु आवेदनपत्र प्रस्तुत करने के दिनांक को 35 वर्ष से 65 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। परामर्शदाता का कार्यकाल 03 वर्ष का होगा तथा माननीय उच्च न्यायालय की संस्तुति के आधार पर 03 वर्ष के लिए उनके नाम पर पुनर्विचार किया जा सकता है। परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं मानी जायेगी और वे न्यायालय से संविदा के आधार पर सम्बद्ध रहेगें।

प्रधान न्यायाधीश ने बताया कि परामर्शदाता के पद पर नियुक्त होने के इच्छुक पुरुष अथवा महिला अपना आवेदनपत्र अपने शैक्षिक एवं अनुभव प्रमाण–पत्रों की स्व प्रमाणित छायाप्रति सहित 31 मार्च 2026 तक प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, बहराइच, के कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में व्यक्तिगत रूप से प्रस्तुत कर सकते है अथवा पंजीकृत डाक से प्रेषित कर सकते है। परिवार न्याायलय में नियुक्त परामर्शदाता को वर्तमान में रूपये 1,000/–प्रति कार्य दिवस अथवा रूपये–24,000/– प्रतिमाह, जो भी कम हो, मानदेय देय है।

## प्रेम मिश्रा के निधन से टूटा व्यापार जगत का एक मजबूत स्तंभ : अजय राय

वाराणसी । वाराणसी में कबीरचौरा क्षेत्र में व्यापारी नेता के आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि वाराणसी महानगर उद्योग व्यापार समिति के ऊर्जावान अध्यक्ष प्रेम मिश्रा के आकस्मिक निधन का समाचार सुनकर मन अत्यंत व्यथित और स्तब्ध है। उनका जाना व्यापार जगत के एक मजबूत स्तंभ के टूट जाने जैसा है। प्रेम मिश्रा ने अपना पूरा जीवन व्यापारियों के हक, सम्मान और उनके अधिकारों की लड़ाई के लिए समर्पित कर दिया। उनका सरल स्वभाव और संघर्षशील नेतृत्व हमेशा हमारी स्मृतियों में जीवित रहेगा।

अजय राय ने कहा कि वाराणसी के कबीरचौरा स्थित उनके आवास पहुँचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। बाबा विश्वनाथ पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिजनों को यह वज्रपात सहने की शक्ति प्रदान करें।

## अब काशी के गंगा घाटों पर लगेगा अर्पण कलश गंदगी रोकने की नगर निगम की पहल

वाराणसी । उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी (काशी ) में मोक्षदायिनी गंगा नदी के घाटों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नगर निगम ने बड़ी पहल की है। अब श्रद्धालुओं द्वारा घाटों पर छोड़े जाने वाले पुराने कपड़ों और पूजा सामग्री से घाट गंदे नहीं होंगे। इसके लिए निगम ने प्रमुख घाटों पर 'अर्पण कलश' स्थापित करने का निर्णय लिया है। निगम ने सोमवार को अस्सी घाट से इसकी शुरूआत भी कर दी है। अपर नगर आयुक्त सविता यादव ने बताया कि श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए घाटों की स्वच्छता हमारी प्राथमिकता है। अर्पण कलश से न केवल गंदगी कम होगी, बल्कि गंगा की मर्यादा भी बनी रहेगी। वाराणसी नगर निगम ने प्रथम चरण में छह घाटों अर्पण कलश स्थापित कराने का निर्णय लिया है। इस क्रम में अस्सी घाट के बाद जल्द ही दशाश्वमेध, राजघाट, पंचगंगा घाट, केदारघाट और सिंधिया घाट पर भी अर्पण कलश रखे जाएंगे। इन घाटों पर सबसे अधिक भीड़ होती है और अक्सर स्नान के बाद श्रद्धालु अपने पुराने वस्त्र वहीं छोड़ देते हैं, जिससे घाटों की सुंदरता प्रभावित होती है। वहीं, गंगा स्नान के बाद कुछ लोग न केवल कपड़े बल्कि इस्तेमाल की गई माला, फूल और अन्य पूजन सामग्री भी घाट की सीढ़ियों पर छोड़ देते हैं। इसके कारण पूजन सामग्रियों पर श्रद्धालुओं के पैर भी पड़ जाते है । श्रद्धालु अब इन सामग्रियों को सीधे अर्पण कलश में डाल सकेंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई श्रद्धालु अनजाने में कपड़े घाट पर छोड़ देता है, तो वहां तैनात सफाईकर्मी मुस्तैदी के साथ उन कपड़ों को उठाकर सुरक्षित तरीके से कलश में डाल देंगे। काशी में श्री काशी विश्वनाथ धाम के भव्य स्वरूप के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। प्रतिदिन लाखों की संख्या में भक्त बाबा के दर्शन और गंगा स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। घाटों पर दबाव बढ़ने के कारण सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से निगम ने यह कदम उठाया गया है। नगर निगम प्रशासन का मानना है कि 'अर्पण कलश' के माध्यम से कचरा प्रबंधन और अधिक व्यवस्थित हो सकेगा।

## पंचमी पर विंध्यधाम में गूंजे जयकारे, स्कंदमाता के दर्शन से भक्त हुए भाव–विभोर

मीरजापुर । चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि पर सोमवार को मां विंध्यवासिनी धाम में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। ब्रह्म मुहूर्त में मंगला आरती के साथ मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मां स्कंदमाता के दिव्य स्वरूप के दर्शन कर भक्त भाव-विभोर हो उठे। मंदिर को फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी और आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया, जिसकी अलौकिक छटा श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर रही थी। देश के कोने-कोने से आए भक्तों ने नारियल, चुनरी, धूप-दीप व प्रसाद अर्पित कर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की कामना की। भोर से ही मंदिर की ओर जाने वाली गलियों में लंबी कतारें लग गईं। दर्शन से पहले श्रद्धालुओं ने गंगा घाटों पर स्नान कर पुण्य अर्जित किया। इसके बाद बड़ी संख्या में भक्तों ने अष्टभुजा पहाड़ पर स्थित महाकाली और मां अष्टभुजी के दरबार में हाजिरी लगाकर त्रिकोण परिक्रमा भी की। मंदिर परिसर और आसपास साधक वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन-अनुष्ठान में लीन रहे।

# चेकिंग के दौरान भाग रहे संदिग्ध को पुलिस ने दबोचा, अवैध तमंचा बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जिले के परसपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवै ध हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है.पुलिस के अनुसार, रविवार को गश्त और चेकिं ग के दौरान खजुआ पसका पुल के पास एक संदि ग्ध युवक पुलिस को देखकर भागने लगा पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़े गए युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से 12 बोर का एक अवैध तमंचा बरा मद हुआ है गिरफ्तार आरोपी की पहचान नीरज यादव पुत्र लल्ले यादव निवासी बनियन पुरवा उल्ट हवा माझा पसका थाना परसपुर के रूप में हुई है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धा रा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दिया है।

### पुलिस देखकर भागने लगा

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है गिरफ्तारी टीम में उपनिरी क्षक सावन सिंह, कांस्टेबल राम नरेश यादव और कांस्टेबल सुभाष चंद शामिल रहेके परसपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध हथियार के साथ एक युव क को गिरफ्तार किया है पुलिस के अनुसार रवि वार को गश्त और चेकिंग के दौरान खजुआ पस का पुल के पास एक संदिग्ध युवक पुलिस को देख कर भागने लगा. घेराबंदी कर पकड़े गए युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से 12 बोर का एक अ वैध तमंचा बरामद हुआ है।

### आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज

गिरफ्तार आरोपी की पहचान नीरज यादव पुत्र लल्ले यादव निवासी बनियन पुरवा,उल्टहवा माझा पसका थाना परसपुर के रूप में हुई है पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेज दि या है पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्दे शन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई है गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक सावन सिंह,कांस्टेबल राम नरेश या दव और कांस्टेबल सुभाष चंद शामिल रहे।

# प्राइवेट स्कूलों के किताबों में कमीशन का खेल, मजबूर अभिभावक रहे झेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । योगी सरकार तमाम प्रयास के बाद भी निजी स्कूलों की मनमानी पर रोक नहीं लग पा रही। नि जी स्कूलों में नए सत्र में प्रवेश चल रहे हैं। एडमिशन फीस के साथ ही तीन महीने की फीस जमा करने के अति रिक्त अभिभावक किताब-कॉपी के लिए भी मोटी रकम खर्च कर रहे हैं। प्रत्येक स्कूल में अलग-अलग निजी पब्लिकेशन की किताबें तय हैं।कई स्कूल तो अब भी अपने परिसर में ही किता बें उपलब्ध कराकर मोटी रकम वसूल रहे हैं। स्कूल संचालकों के किताबों में कमीशन के खेल का बो झ मजबूरी में अभिभावकों को झेलना पड़ रहा। हर साल निजी स्कूल संचालक अभिभावकों की जेब ढीली करने के नए तरीके अपना रहे हैं। सुवि धा के नाम पर रजिस्ट्रेशन व मासिक शुल्क में वृद्धि के साथ ही किताब - कॉपी के दाम बढ़ाकर अभिभावकों पर अतिरिक्त बोझ डाला जा रहा है। ज्यादातर मामलों में स्कूल की ओर से थमाई गईं किताबों की लिस्ट किसी खास पब्लिकेशन की होती है। यह किताबें शहर के चुनिंदा बुक स्टालों पर ही मिलती हैं। इस खेल में मोटी रकम के वारे-न्यारे हो रहे हैं।जानकार बताते हैं कि किसी खास प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबें बेचने के लिए नि जी स्कूल व किताब विक्रेता 50 से 60 प्रतिशत रकम कमीशन के रूप में ले रहे हैं। इसमें दस से बीस प्रतिशत कमीशन पुस्तक विक्रेता के और बाकी का कमीशन स्कूल संचालक के पास पहुंच ता है। जानकारों की मानें तो एनसीईआरटी की कक्षा एक की किताबों का सेट 350 रुपये का है। जबकि वही सेट निजी प्रकाशन का खरीदने पर सात हजार रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं।




### प्रवेश के समय बताते कहां से खरीदें किताबें

शिक्षा विभाग के अधिकारियों की सख्ती के कार ण बच्चों के प्रवेश के लिए विद्यालय पहुंचे अभिभा वकों को दुकानों का हैंडबिल नहीं थमाया जा रहा।उन्हें मौखिक तौर पर दुकान का पता बता दिया जा रहा है।यह तय है कि संबंधित स्कूल की किता बें और ड्रेस चिह्नित दुकान के अलावा कहीं नहीं मिल रही है।शहर के रहने वाले एक अभिभावक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मेरा बेटा शहर के एक निजी स्कूल में पढ़ता है।प्रवेश प्रक्रि या पूरी होने के बाद स्कूल की ओर से पुस्तकें मि लने के लिए शहर की पुरानी सब्जी मंडी के पास एक दुकान का पता बताया गया,कहा गया कि उस दुकान के अतिरिक्त कहीं और पर किताबें नहीं मि लेंगी।मेरा बेटा शहर के एक निजी स्कूल में पढ़ता है।मासिक फीस से लेकर किताब–कॉपी व ड्रेस त क के दाम पिछली बार से अधिक चुकाने पड़ रहे हैं।

किताब सहित कॉपियां भी एक निर्धारित दुकान से खरीदनी पड़ीं।कीमतें भी पिछली बार से ज्यादा हो गईं।अब बच्चे पढ़ाने हैं तो शिकायत भी नहीं क र सकते।अगर कोई अभिभावक अगर शिकायत करता है तो इसकी जांच कराई जाएगी।निजी स्कू लों को इसके लिए निर्देशित भी किया जाएगा,कोई स्कूल अपने यहां किताब या कॉपी नहीं बेच सक ता है अगर वह ऐसा कर रहा है तो यह गलत है। उस पर कार्रवाई की जाएगी।

**जिला विद्यालय निरीक्षक गोंडा,**

# अधिवक्ता संघ के महासचिव पूणेंद्र शर्मा ने विभिन्न मांगों को लेकर डीएम को सौंपा पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कलीनगर। अधिवक्ता संघ के महासचिव पूणेंद्र शर्मा ने जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह को एक पत्र सौंप कर अधिवक्ताओं से संबंधित विभिन्न मांगों को रखा है। महासचिव पूणेंद्र शर्मा ने बताया कि कलीनगर तहसील को बने लगभग बीत जाने के बाद अभी तक खतौनी आवंटन पत्रावली पूरनपुर तहसील के अभिलेखागार में पड़ा हुआ है। जिस कारण अधिवक्ताओं एव बादकारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की पट्टे में प्राप्त भूमि जिसे लगभग 30- 40 वर्ष बीत जाने के पश्चात भी संकरणीय भूमिधर घोषित नहीं किया गया है। उस भूमि को संक्रमित भूमिधर घोषित किए जाने के लिए किसानों द्वारा आवेदनों को धारा क 76 उत्तर प्रदेश राधसध के अंतर्गत स्वीकार कराया जाना अति आवश्यक है। क्योंकि पट्टेदार किसानों द्वारा दाखिल प्रार्थना पत्र का स्वीकार न किए जाने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शासन द्वारा कलीनगर में 08.12.2025 को उपनिबंधक कार्यालय बनाए जाने के लिए सूचना जारी किए जाने के पश्चात पश्चात आज तक कलीनगर में उप निबंधक कार्यालय का संचालन प्रारंभ नहीं किया गया जिस कारण क्षेत्र की जनता में काफी आक्रोश दिखाई दे रहा है। निबंधक कार्यालय को तहसील कैंपस के नजदीक संचालन कराया जाए जनता के हित में अति आवश्यक है।

# पटरी सूनी, विकास अधूरा पूरनपुर में रेल सुविधा पर उबाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। क्षेत्र में रेल सुविधाओं की बदहाली अब गंभीर जनसमस्या बन चुकी है।दिल्ली,पंजाब,मथुरा,बंगाल के लिए सीधी ट्रेन का अभाव, ट्रेनों का अनियमित संचालन और सीमित रेल संपर्क के कारण यहां के व्यापारी, छात्र, नौकरीपेशा और आम नागरिक लगातार परेशान हैं इसका असर अब क्षेत्र के विकास पर साफ नजर आने लगा है रेल कनेक्टिविटी की कमी बनी बड़ी बाधा पूरनपुर जैसे महत्वपूर्ण व्यापारिक और कृषि क्षेत्र में बेहतर रेल नेटवर्क का अभाव विकास की रफ्तार को धीमा कर रहा है दिल्ली और लखनऊ जैसे बड़े शहरों तक सीधी ट्रेन न होने से यात्रियों को कई बार ट्रेन बदलनी पड़ती है,जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है व्यापार और किसानों को नुकसान व्यापारियों को माल की ढुलाई में देरी का सामना करना पड़ रहा है,जिससे बाजार पर सीधा असर पड़ रहा है किसानों को भी अपने उत्पाद बड़े शहरों तक पहुंचाने में कठिनाई हो रही है, जिससे उन्हें उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा छात्र और नौकरीपेशा वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित छात्रों को पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बड़े शहरों तक पहुंचने में भारी दिक्कत होती है वहीं नौकरीपेशा लोगों को रोजाना अतिरिक्त समय और खर्च उठाना पड़ रहा है

**ज्ञापन पर कार्रवाई शून्य**

स्थानीय संगठनों और व्यापार मंडल हंसराज गुलाटी द्वारा कई बार रेल मंत्रालय और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपे गए,लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है इससे लोगों में निराशा और आक्रोश बढ़ रहा है सोशल मीडिया पर फूटा गुस्सा सोशल मीडिया पर लोग खुलकर अपनी नाराजगी जता रहे हैं कुछ लोग जनता की एकजुटता की कमी को जिम्मेदार मान रहे हैं तो कुछ जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता पर सवाल उठा रहे हैं कई लोगों का कहना है कि यदि संगठित आंदोलन हो, तो समाधान संभव है जनप्रतिनिधियों पर उठते सवाल क्षेत्रीय जनता का मानना है कि उनकी समस्याओं को प्रभावी तरीके से उच्च स्तर तक नहीं पहुंचाया जा रहा लोगों का कहना है कि मजबूत नेतृत्व होता तो समस्या का समाधान अब तक हो चुका होता आक्रोश के बीच आंदोलन की चेतावनी लगातार अनदेखी से नाराज लोग अब आंदोलन की तैयारी में हैं उनका कहना है कि यदि जल्द रेल सुविधा में सुधार नहीं हुआ, तो बड़ा जन आंदोलन खड़ा किया जाएगा मुख्य मांगें लखनऊ से दिल्ली,पंजाब और पंजाब दिल्ली से पूरनपुर होकर कलकत्ता, हावड़ा तक पूरनपुर होकर सीधी ट्रेन तथा पूरनपुर बरेली 5 जोड़ी ट्रेन चलाई जाए ट्रेनों का नियमित और समयबद्ध संचालन सुनिश्चित किया जाए प्रमुख ट्रेनों का ठहराव पूरनपुर में किया जाए निष्कर्ष पूरनपुर में रेल सुविधा का अभाव अब विकास की राह में सबसे बड़ी रुकावट बन गया है यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह मुद्दा जनआक्रोश से जनआंदोलन में बदल सकता है।

# स्मार्ट मीटर को लेकर ठगी का आरोप, उपभोक्ताओं में आक्रोश, अतिरिक्त मैजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। जनपद में स्माटर् मीटर को लेकर उपभोक्ताओं में भारी असंतोष देखने को मिल रहा है। बिजली उपभोक्ताओं का आरोप है कि स्माटर् मीटर के नाम पर मनमाने तरीके से बिल भेजे जा रहे हैं और समय पर बिल अपडेट भी नहीं हो रहे, जिससे लोग परेशान हैं। इन्हीं समस्याओं को लेकर नगरपालिका के पूवर् प्रत्याशी वरुण मिश्र और अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त मैजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा और मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। वरुण मिश्र ने कहा कि स्माटर् मीटर के नाम पर जनता को ठगने का काम किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नाम भले ही स्माटर् मीटर हो, लेकिन इसका काम लोगों को परेशान करना है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि स्माटर् मीटर का बहिष्कार करें और इसे न लगवाएं।वहीं, अधिवक्ता व आरटीआई एक्टिविस्ट राघवेंद्र सिंह ने कहा कि स्माटर् मीटर में कई खामियां हैं और उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि अधिकारी मस्त हैं और जनता त्रस्त है, लेकिन यह स्थिति ज्यादा दिन नहीं चलेगी। इस मौके पर अख्तर राइन, धमार्त्मा सिंह, हिमांशु मिश्रा, प्रभाशंकर पाण्डेय, गौरव सिंह, संतोष तिवारी और आकाश शुक्ल सहित कई लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो सड़कों पर उतरकर आंदोलन किया जाएगा।

# हरिभजन यादव की मशीन से गन्ना खेती में बदलाव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अटो केन प्लांटर से तेज बुआई, कम लागत में किसानों को बड़ा लाभ मिला**

दोस्तपुर/सुल्तानपुर। क्षेत्र में गन्ना खेती अब धीरे-धीरे आधुनिक तकनीक की ओर बढ़ रही है, जिसमें मशीन मालिकों की भूमिका भी अहम होती जा रही है। गोसैसिंहपुर कनकपुर गांव में इसका जीवंत उदाहरण देखने को मिला, जहां अटो केन प्लांटर मशीन के जरिए गन्ने की बुआई कराई गई। यह मशीन मोतिगरपुर विकास खण्ड के भदिला गांव निवासी हरिभजन यादव द्वारा खरीदी गई है, जो क्षेत्र के किसानों को आधुनिक षि सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। मशीन का संचालन उनके पुत्र मस्तराम यादव द्वारा किया जा रहा है, जो कुशल चालक के रूप में पूरी प्रक्रिया को सहजता से अंजाम देते हैं। इस तकनीक के उपयोग से किसानों को बिना अधिक निवेश के उन्नत खेती का लाभ मिल रहा है। प्रगतिशील किसान नरेन्द्र प्रताप सिंह एवं चन्द्रिका प्रसाद सिंह के खेत में इस मशीन से प्रजाति के गन्ने की बुआई की गई, जिसे देखने के लिए आसपास के किसानों में खासा उत्साह देखा गया। अटो केन प्लांटर मशीन की खासियत यह है कि यह एक साथ कई कायर् करती है। इसमें गन्ने की कटाई, कतारबद्ध बुआई, खाद डालना, दवा छिड़काव और पाटा लगाने का काम एक ही प्रक्रिया में पूरा हो जाता है। लगभग 3000 रुपये प्रति पक्का बीघा की लागत पर यह तकनीक समय और श्रम दोनों की बचत कर रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, ऐसे प्रयास किसानों को आधुनिक खेती की ओर प्रेरित कर रहे हैं और भविष्य में उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ खेती को अधिक लाभकारी बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

## घर से लापता हुआ छात्र खोज बीन में भी नहीं लगा सुराग

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के थाना न्यूरिया क्षेत्र के गांव सैदपुर निवासी अनोखेलाल पुत्र लौकेलाल ने थाना न्यूरिया पुलिस को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा कि उनका पुत्र अंश मौर्य पुत्र अनोखेलाल उम्र लगभग 16 वर्ष दिनांक 21 मार्च 2026 को समय करीब लगभग 12:00 बजे घर से जिला अस्पताल जाने के लिए कह कर गया था। जो अभी तक घर वापस नहीं आया है। पीड़ित पिता ने काफी खोजबीन की लेकिन पुत्र का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। छात्र के अचानक घर वापस न आने से परिजन काफी परेशान नजर आ रहे हैं।पीड़ित पिता ने पुत्र को बरामद करने के लिए थाना न्यूरिया में शिकायत की है।

## महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत चलाया गया जन जागरुकता अभियान

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता । मिशन शक्ति 5 द्वितीय चरण के अन्तर्गत जिलाधिकारी एवं विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में पुलिस विभाग के सहयोग से महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत सार्वजनिक स्थान जय संतरीमंदिर एवं नकटा दाना चौराहा पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मिशन कोऑर्डिनेटर सुवर्णा पांडे, जेंडर स्पेशलिस्ट जयश्री सिंह सहित आम जनमानस को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर्स 1098 181 1930 112 आदि की जानकारी दी गई एवं महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया ताकि आम जनमानस को उनका लाभ प्राप्त हो सके। कार्यक्रम में सखी वन स्टॉप सेंटर, डीसीपीयू एवं चाइल्डलाइन की टीम उपस्थित रही है।

## अमेठी में भाजपा नेताओं ने स्मृति ईरानी का मनाया जन्मदिन

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व सांसद स्मृति ईरानी का जन्मदिवस सोमवार को अमेठी जनपद में अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके दीर्घायु, स्वस्थ एवं सुखमय जीवन की कामना की।कार्यक्रम की शुरुआत कार्यालय परिसर में केक काटकर की गई जिसके पश्चात समीप स्थित बूढ़न माई मंदिर में नवरात्रि के पावन अवसर पर प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी उपस्थित जनों ने माँ के चरणों में नमन कर स्मृति ईरानी के उत्तम स्वास्थ्य एवं लंबी आयु के लिए प्रार्थना की।भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में मां कालिकन भवानी मंदिर में विधिवत हवन पूजन का आयोजन किया गया। हवन में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं श्रद्धालुओं ने आहुति देकर स्मृति ईरानी के जीवन में निरंतर सफलता, ऊर्जा एवं जनसेवा की भावना बनी रहने की कामना की। इसी क्रम में तपेश्वर धाम पीढ़ी,मां हिंगलाज धाम एवं अहोरवा भवानी मंदिर में भी मंडल अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विशेष पूजन अर्चन किया गया। सभी ने एक स्वर में मां दुर्गा से प्रार्थना की कि वह सदैव स्वस्थ, प्रसन्न एवं जनसेवा के मार्ग पर अग्रसर रहें।

## निर्माणाधीन पेट्रोल पम्प के चौकीदार से मारपीट पर मुकदमा दर्ज

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना फुरसतगंज क्षेत्र के गांव निगोहां में भारत पेट्रोलियम के निर्माणाधीन पेट्रोल पम्प के चौकीदार से गाली गलौज एवं मारपीट पर एक नामजद समेत दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना मोहनगंज क्षेत्र के कस्बा तिलोई निवासी मयंक प्रताप सिंह पुत्र महेश सिंह ने थाना फुरसतगंज पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि उनकी पत्नी अमृता सिंह के नाम ग्राम निगोहा थाना फुरसतगंज मे भारत पेट्रोलियम का पेट्रोल पम्प आवंटन हुआ है जिसका निर्माण कार्य वर्तमान समय मे चल रहा है। बीती उन्नीस मार्च को धर्मराज पुत्र दशरथ निवासी पूरे बंधन मजरे तरौना व एक अज्ञात व्यक्ति मोटर साइकिल स्पलेंडर प्लस संख्या यूपी 33 यू 3802 से हमारे पेट्रोल पम्प परिसर मे गये और वहां पर मौजूद चौकीदार मनमोहन से गाली गलौज व मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी और कहा कि पम्प बंद करके भग जाओ।पीड़ित चौकीदार ने पूरे घटनाक्रम से पेट्रोल पम्प के मालिक को अवगत कराया उन्होंने मामले की लिखित तहरीर स्थानीय पुलिस को सौंपी तो पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि अभियोग दर्जकर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

## नवीन अग्रवाल बने अध्यक्ष, कार्यकारिणी का गठन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । भारत विकास परिषद की नई कार्यकारिणी का गठन प्रांत अध्यक्ष संजीव जौली व जिला संयोजक डॉ. अनिल सक्सेना की मौजूदगी में हुआ सर्वसम्मति से नवीन अग्रवाल को अध्यक्ष, अनिल शुक्ला को सचिव और नरेंद्र त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष बनाया गया अन्य पदों पर भी पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई तथा कई नए सदस्यों को संगठन से जोड़ा गया। कार्यक्रम में सभी को शपथ दिलाई गई और अतिथियों का सम्मान किया गया

## बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद मिलन समारोह

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर से लेकर देहात तक चारों तरफ ईद का त्यौहार बड़े ही उमंग और हर्ष और लाश के साथ मनाया गया जगह-जगह पर लोगों ने होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजन किया गया है। लोगों ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी है।कार्यक्रम में मुख्य रूप से सभासद नादिर रजा बरकाती, शोएब रजा अख्तर ,अमन बरकाती सहित कई युवा इस कार्यक्रम में शामिल हुए हैं।

## नामित सभासदों ने ली शपथ, नगर विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता । नगर पालिका सभागार में आज एक गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन द्वारा की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान एवं एसडीएम अजीत प्रताप सिंह की विशेष उपस्थिति रही समारोह के दौरान अरविन्द गुप्ता 'पट्टे', उपेंद्र भारती, ठाकुर प्रदीप सिंह मुखिया, गुंजन सक्सेना एवं डॉ. मयंक सक्सेना ने सभासद पद की शपथ लेकर अपनी जिम्मेदारियां संभालीं इस अवसर पर विधायक और चेयरमैन ने नव-नामित सभासदों को बधाई देते हुए नगर के सर्वांगीण विकास में सक्रिय सहयोग की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि मिलकर नगर की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को गति देने में अहम भूमिका निभाएं कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष हर्ष प्रधान, मण्डल अध्यक्ष संजीव त्रिवेदी, राजेश लोधी, पूर्व सभासद सुनील सक्सेना, राधेश्याम सागर, प्रदीप शुक्ला, उमाशंकर सक्सेना, सुनील दीक्षित सहित अन्य सभासदगण व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी: पूरनपुर क्षेत्र में युवक से 1.24 लाख हड़पे,चेक बाउंस के बाद मिली धमकी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां एक युवक से संविदा नौकरी लगवाने का झांसा देकर ?1,24,000 ठग लिए गए मामला अब चेक बाउंस और धमकी तक पहुंच गया है ग्राम धर्मापुर खुर्द निवासी उसके परिचित रामप्रकाश पाण्डेय उर्फ पप्पू पुत्र लाला दामोदर, निवासी ग्राम देवीपुर थाना माधौटांडा ने उसके भाई नितिन कुमार को अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग में संविदा पर नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था बताया गया कि 27 जुलाई 2025 को आरोपी प्रार्थी के घर पहुंचा और नौकरी लगवाने के नाम पर 59,000 रुपए ऑनलाइन तथा 65,000 नकद, कुल 1,24,000 ले गया ।

इसके बदले उसने दो माह के भीतर नौकरी दिलाने का वादा किया पीड़ित का आरोप है कि समय बीतने के बावजूद आरोपी लगातार बहाने बनाकर टालमटोल करता रहा और न तो नौकरी दिलाई,न ही पैसे लौटाए जब प्रार्थी ने दबाव बनाया तो काफी समय बाद 07 दिसंबर 2026 को आरोपी ने ?79,000 का चेक (संख्या 149947, बैंक ऑफ इंडिया, शाखा पूरनपुर) दिया और शेष राशि 15 जनवरी 2026 तक देने की बात कही हालांकि, जब प्रार्थी ने चेक बैंक में लगाया तो वह पर्याप्त धनराशि न होने के कारण बाउंस हो गया इसके बाद जब पीड़ित ने आरोपी से संपर्क कर अपना पैसा वापस मांगा, तो आरोपी ने कथित रूप से धमकी देते हुए कहा कि जो करना है कर लो,न नौकरी मिलेगी और न ही पैसा वापस होगा पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उसके साथ सुनियोजित तरीके से धोखाधड़ी की गई है और नौकरी के नाम पर उसकी मेहनत की कमाई हड़प ली गई अब पीड़ित ने पुलिस से मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है यह घटना क्षेत्र में बढ़ रही नौकरी के नाम पर ठगी की घटनाओं को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े करती है फिलहाल पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रभारी निरीक्षक थाना माधोटांडा को प्रकरण की जांच कर विधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं।

# कैबिनेट मंत्री खजान दास से अपनी टीम के साथ मिली भाजपा नेत्री दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। राजपुर विधायक एवं उत्तराखंड सरकार के नवनियुक्त कैबिनेट मंत्री खजान दास को मंत्री पद मिलने पर भाजपा नेत्री बचना शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने उनके निजी आवास पर जाकर मुलाकात कर बधाई दी है।भाजपा वरिष्ठ नेत्री बचना शर्मा लाखामंडल व भाजपा कार्यकर्ता नवीन कुमार उत्तराखंडी,ओम प्रकाश पूर्व युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी ने कैबिनेट मंत्री खजान दास को पुष्प भेंट कर बधाई दी हैं।इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता बचना शर्मा ने कहा कि कैबिनेट मंत्री खजान दास के नेतृत्व में पार्टी 2027 में फिर से जीत हासिल करेगी। और भाजपा कार्यकर्ताओं ने खजान दास के प्रति अपना समर्थन दिया। खजान दास ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि वे क्षेत्र के विकास के लिए काम करते रहेंगे।

# शहीदी दिवस के अवसर पर प्रभात फ़ेरी व माल्यापर्ण कर विचार गोष्ठी आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। शहीदी दिवस के अवसर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह सुखदेव व राजगुरु के बलिदान दिवस की याद में आजाद समाज सेवा समिति द्वारा संस्था अध्यक्ष अशोक सिंह के नेतृत्व में नगर में प्रभात फ़ेरी निकाल कर समस्त शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यापर्ण कर जिला परिषद स्थित शहीद - ए- आजम भगत सिंह सुखदेव व राजगुरु कि प्रतिमाओं के समक्ष विचार गोष्ठी आयोजित की गयी । गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुये संस्था के कायर्कारी अध्यक्ष शराफत खान ने कहा कि शहीद-ए-आजम व्यक्ति नही एक विचार हैं राष्ट्र को उनके बलिदान से प्रेरणा मिलती रहेगी । वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गौड़ ने कहा कि शहीद-ए-आजम क्रांतिकारी होने के साथ ही एक विचारक व लेखक भी थे तथा राष्ट्र हित के समक्ष कभी भी अपने व परिवार के सुखों को महत्व नही दिया । उपाध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि शहीद-ए-आजम के विचारों को धारण कर देश में एकता स्थापित होगी तथा आपस में बढ़ते मतभेद समाप्त होंगे , सरदार जेपी सिंह ने कहा कि असेंबली बम धमाका खाली अंग्रेजो के ही बहरे कानों हेतु नही वरन देश वासियों को भी जगाने हेतु था। गिरीश तिवारी ने युवाओं से अपना थोड़ा समय शहीदों के जीवन के विषय जानने हेतु लगाने का आहवान किया ताकि आज युवाओं को स्मरण रहे कि शहीदों ने देशहित हेतु कितना कष्ट सहा साथ ही उन्होंने देश कि सम्प्रभुता कि हर कीमत पर रक्षा पर बल दिया । गोष्ठी मे मो0 अहमद, रविंद्र तिवारी, मकसूद अंसारी, दिलीप सिंह, वृजेश यादव मसूद अहमद (बीडीसी) शैलेश वमार् ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर प्रमुख रूप से हरिकेश यादव धमेन्द्र जायसवाल हाफिज मुज्जमिल अरविंद यादव सरदार सतपाल सिंह जितेन्द्र तिवारी अनिल सिंह एडवोकेट अशोक तिवारी बब्बन गाजी व विनोद रावत शिव नायक वमार् ष्ण चैरसिया दिलीप निषाद अनवर अहमद रियासत अली यूनुस सभासद रोहित सिंह सुरेश सोनी अनिल यादव वृजेश प्रजापति ज्ञानप्रकाश यादव परमात्मा शंकर अवस्थी राजेन्द्र पटवा अनिल कोरी वैभव श्रीवास्तव मन्नान भाई संतोष गुप्त राकेश गुप्त राजेश वमार् सहित उपस्थित अन्य सैकड़ो लोगों ने शहीदों को अपनी श्रद्धांजली अर्पित की ।

## मकान दिलाने के नाम पर पूवर् विधायक से 30 लाख की ठगी

सुलतानपुर। लंभुआ से समाजवादी पाटीर् के पूवर् विधायक अनिल कुमार पांडेय से मकान दिलाने के नाम पर 30 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। इस मामले में नगर कोतवाली पुलिस ने लखनऊ के अलीगंज थाना क्षेत्र के त्रिवेणीनगर निवासी अरविंद कुमार मिश्र के खिलाफ प्राथमिकी दजर् कर ली है। पूवर् विधायक का आरोप है कि आरोपी ने लखनऊ में मकान दिलाने के नाम पर उनसे 60 लाख रुपये का सौदा तय किया और सितंबर 2022 से माचर् 2023 के बीच अलग-अलग तिथियों में 57 लाख रुपये खाते में ट्रांसफर करा लिए। आरोप है कि न तो मकान की रजिस्ट्री कराई गई और न ही पूरा पैसा वापस किया गया। आरोपी ने लगभग 27 लाख रुपये वापस किए, जबकि शेष 30 लाख रुपये देने से मना कर दिया। कोतवाली नगर प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दजर् कर लिया गया है।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सड़क निर्माण से बढ़ी परेशानी व्यापारियों ने उठाई आवाज

पीलीभीत।मझोला-अमरिया मार्ग के व्यापारियों के एक शिष्टमंडल ने राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार के जनसहयोग कार्यालय पहुंचकर सड़क निर्माण से उत्पन्न समस्याओं को लेकर समाधान की मांग की शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रहे धीरेंद्र गुप्ता ने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मझोला-दियूनीडाम मार्ग का निर्माण मझोला की बजाय दियूनीडाम से शुरू कर दिया गया, जिससे नगर के अंदर सड़क खोद दिए जाने के कारण दिनभर धूल-मिट्टी उड़ रही है इससे दुकानदारों, स्थानीय निवासियों और ग्राहकों को भारी दिक्कतों के साथ स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्यमंत्री ने तत्काल अधिशाषी अभियंता राजेश चौधरी से फोन पर वार्ता कर समस्या से अवगत कराया। इस पर उन्होंने मझोला से गिधौर तक के हिस्से का निर्माण पहले कराने का आश्वासन दिया । आश्वासन मिलने के बाद व्यापारियों ने राहत की सांस ली और राज्यमंत्री व विभागीय अधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया शिष्टमंडल में क्षेत्र के कई व्यापारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे है।

## सम्पादकीय

# बदल गया है दिल्ली का राजनीतिक भूगोल

बांग्लादेश की सीमा से लगे राज्यों- त्रिपुरा, पश्चिम बंगाल, असम और बिहार इत्यादि राज्यों की तरह दिल्ली का भी राजनीतिक समीकरण पिछले कुछ सालों में बेहिसाब बदल गया है। इसी का परिणाम है कि चुनाव जीतने के हर तरकीब अपनाने के बावजूद 27 साल बाद पिछले साल फरवरी में हुए विधानसभा चुनाव में करीब तीन फीसदी के अंतर से भाजपा चुनाव जीत पाई। सीटों में काफी अंतर रहा। 70 सदस्यों वाली विधानसभा में भाजपा को 48 और दस साल से प्रचंड बहुमत से सरकार में काबिज आम आदमी पार्टी( को 22 सीटें मिली। यह साबित हो चुका है कि बिहार से सीमांचल में मुस्लिम आबादी इतनी ज्यादा हो गई कि भाजपा की जीत तभी हो पाई जब एआईएआईएम जैसी मुस्लिम पार्टी ने पांच सीटें जीतीं और कई सीटों पर अच्छी संख्या में वोट हासिल पर पाई। यही स्थिति असम में भी पिछले चुनाव में हुई। दिल्ली में 2011 की जनगणना के हिसाब से मुस्लिम आबादी 15 फीसदी हैं। उससे पहले उनका औसत 12 फीसदी था। अब जब भी जनगणना होगी इसमें और बढ़ोतरी होना तय सा है। आजादी के बाद से दिल्ली की आबादी का अनुपात या यूं कहें तो जातीय समीकरण बदलता रहा है। आजादी के बाद बड़ी संख्या में पाकिस्तान से हिंदू और सिख दिल्ली आए। उनमें कांग्रेस का भी समर्थन करने वालों की संख्या थी लेकिन ज्यादातर जनसंघ (आज की भाजपा) के समर्थक थे। यह मान लिया गया था कि पाकिस्तान से आए विस्थापित, सरकारी कर्मचारी, सवर्ण हिंदू और वैश्य इत्यादि जनसंघ के और दिल्ली देहात के गांव के रहने वाले, पुरानी दिल्ली के मुसलमान और गरीब बस्तियों में रहने वाले कांग्रेस के समर्थक होते हैं। दिल्ली में शुरू से ही रोजगार, कारोबार और पढ़ाई करने के लिए बड़ी संख्या में लोग आते रहा हैं। अपना समर्थन बढ़ाने के लिए कांग्रेस की केन्द्र सरकार ने इमरजेंसी में अनेक पुनर्वास कालोनियां बसाईं और उस इलाके से कांग्रेस लगातार जीतती रही। 1982 के एशियाड खेलों के आयोजन में बड़े पैमाने पर दिल्ली में निर्माण हुए। उसके लिए बाहर से मजदूर आए और फिर बाहर से आने वालों का सिलसिला बढ़ता गया। माना गया कि दिल्ली की स्वाभाविक आबादी में होने वाली बढ़ोतरी के साथ-साथ हर साल करीब पांच साल अतिरिक्त आबादी दिल्ली में जुड़ जाती है। इसी की आड़ में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी दिल्ली में भी घुसपैठ करके वोट और नोट की राजनीति में दिल्ली के नागरिक बनते जा रहे हैं। उन्होंने कई नए इलाकों को मुस्लिम बहुल बना दिया है। यह आबादी पहले आंख मूंदकर भाजपा को हराने के लिए कांग्रेस को वोट करती रही। मुस्लिम आबादी के चक्कर में भाजपा के नेता झुग्गी और अनधिकृत कालोनियों में रहने वालों का विरोध करके एक बड़े वर्ग को अपना विरोधी बना लिया। पहले यह वर्ग कांग्रेस के साथ था, आप ने राजनीति ही इन्हीं लोगों को अपने पक्ष में करने से किया। उनका हर तरह से समर्थन करने के साथ-साथ आप ने मुफ्त की रेवड़ियां बांटी। कांग्रेस के नेता छुप-छुपाकर इनका समर्थन करते थे, आआपा के शीर्ष नेता अरविंद केजरीवाल समेत हर नेता इन घुसपैठियों का खुलेयाम समर्थन करते हैं। उल्टे-सीधे प्रयासों से आआपा ने कांग्रेस के समर्थक माने जाने वाले कमजोर वर्गों, अल्पसंख्यक और पूर्वांचल(पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड आदि के मूल निवासी) के प्रवासियों को अपना स्थाई वोटर बना लिया। 2013 के विधानसभा चुनाव में दिल्ली के अल्पसंख्यकों ने गलतफहमी में कांग्रेस के वोट दिया। तब उन्हें लगा कि भाजपा को कांग्रेस हरा रही है। उसके बाद के दोनों विधानसभा चुनावों में इस वर्ग ने आप को वोट किया। आप रिकार्ड सीटों से सत्ता में रही। आजादी के समय मुस्लिम आबादी पुरानी दिल्ली तक सिमटी हुई थी।

# तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था

**पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, ईरान और इजरायल के बीच हमलों का नया दौर, अमेरिका की रणनीतिक भूमिका, रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन-ताइवान तनाव जैसे अनेक घटनाक्रम मिलकर यह संकेत दे रहे हैं कि दुनिया एक बार फिर हथियारों की दौड़ और शक्ति संतुलन की राजनीति की ओर लौट रही है। यह स्थिति केवल राजनीतिक या सामरिक नहीं, बल्कि मानवीय संकट का संकेत भी है, क्योंकि जब दुनिया हथियारों पर ज्यादा खर्च करती है तो विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्र पीछे छूट जाते हैं। आज हर देश अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार खरीद रहा है, सेना को मजबूत कर रहा है और सैन्य बजट बढ़ा रहा है। यह एक ऐसी दौड़ बन गई है जिसमें कोई भी देश पीछे नहीं रहना चाहता। लेकिन विडंबना यह है कि जितने अधिक हथियार बढ़ रहे हैं, दुनिया उतनी ही असुरक्षित होती जा रही है। सुरक्षा की यह मानसिकता वास्तव में असुरक्षा का ही परिणाम है। एक देश हथियार बढ़ाता है तो दूसरा देश भी हथियार बढ़ाता है और इस तरह एक अविश्वास का वातावरण बन जाता है। यह अविश्वास ही युद्ध की जमीन तैयार करता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में दुनिया का सैन्य खर्च कई गुना बढ़ जाएगा और यह पैसा मानव विकास के बजाय विनाश की तैयारी में खर्च होगा। यह स्थिति मानव सभ्यता के लिए शुभ संकेत नहीं है। पश्चिम एशिया का संकट इस समय दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता दिखाई दे रहा है। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते हमले, समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर तनाव और बड़े देशों की प्रत्यक्ष या परोक्ष भागीदारी ने इस क्षेत्र को युद्ध के कगार पर खड़ा कर दिया है।**

तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था आज मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर खड़ी है। दुनिया एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां युद्ध केवल सीमाओं पर लड़े जाने वाले संघर्ष नहीं रह गए हैं, बल्कि उनका प्रभाव पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा व्यवस्था, पर्यावरण, सृष्टि-संतुलन, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता तक पहुंच रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, ईरान और इजरायल के बीच हमलों का नया दौर, अमेरिका की रणनीतिक भूमिका, रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन-ताइवान तनाव जैसे अनेक घटनाक्रम मिलकर यह संकेत दे रहे हैं कि दुनिया एक बार फिर हथियारों की दौड़ और शक्ति संतुलन की राजनीति की ओर लौट रही है। यह स्थिति केवल राजनीतिक या सामरिक नहीं, बल्कि मानवीय संकट का संकेत भी है, क्योंकि जब दुनिया हथियारों पर ज्यादा खर्च करती है तो विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्र पीछे छूट जाते हैं। आज हर देश अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार खरीद रहा है, सेना को मजबूत कर रहा है और सैन्य बजट बढ़ा रहा है। यह एक ऐसी दौड़ बन गई है जिसमें कोई भी देश पीछे नहीं रहना चाहता। लेकिन विडंबना यह है कि जितने अधिक हथियार बढ़ रहे हैं, दुनिया उतनी ही असुरक्षित होती जा रही है। सुरक्षा की यह मानसिकता वास्तव में असुरक्षा का ही परिणाम है। एक देश हथियार बढ़ाता है तो दूसरा देश भी हथियार बढ़ाता है और इस तरह एक अविश्वास का वातावरण बन जाता है। यह अविश्वास ही युद्ध की जमीन तैयार करता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में दुनिया का सैन्य खर्च कई गुना बढ़ जाएगा और यह पैसा मानव विकास के बजाय विनाश की तैयारी में खर्च होगा। यह स्थिति मानव सभ्यता के लिए शुभ संकेत नहीं है। पश्चिम एशिया का संकट इस समय दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता दिखाई दे रहा है। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते हमले, समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर तनाव और बड़े देशों की प्रत्यक्ष या परोक्ष भागीदारी ने इस क्षेत्र को युद्ध के कगार पर खड़ा कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समुद्री मार्ग खोलने की चेतावनी को खारिज करते हुए ईरान ने इजरायल पर हमलों का नया दौर शुरू किया है, जिससे यह संकट और अधिक गंभीर हो गया है। यदि यह संघर्ष लंबा चलता है तो इसका प्रभाव केवल इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ेगा, क्योंकि यह क्षेत्र दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है। दुनिया की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा तेल और गैस पर निर्भर है और पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। यदि वहां युद्ध बढ़ता है या समुद्री मार्ग बाधित होते हैं तो तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। तेल महंगा होगा तो पेट्रोल-डीजल महंगा होगा, परिवहन महंगा होगा, उत्पादन लागत बढ़ेगी और अंततः हर वस्तु महंगी हो जाएगी। यानी एक वैश्विक महंगाई का दौर शुरू हो सकता है। महंगाई बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। इसके साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की ओर भी जा सकती है। पहले से ही कई देश आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और यदि ऊर्जा संकट बढ़ता है तो स्थिति और गंभीर हो जाएगी। भारत जैसे देश भी इस स्थिति से अछूते नहीं रह सकते, क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। इसी खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति, पेट्रोल-डीजल, गैस और उर्वरकों की उपलब्धता बनाए रखने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रियों के साथ आपात बैठक कर ऊर्जा आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की। केवल केंद्र सरकार की तैयारी पर्याप्त नहीं होगी, राज्य सरकारों को भी इस स्थिति को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण, आपूर्ति प्रबंधन और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाने होंगे। इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ी चिंता यह है कि दुनिया युद्ध को रोकने के बजाय उसकी तैयारी ज्यादा कर रही है। युद्ध शुरू करना आसान होता है, लेकिन उसे रोकना बहुत कठिन होता है। इतिहास गवाह है कि कई युद्ध ऐसे हुए जो कुछ दिनों के लिए शुरू हुए लेकिन वर्षों तक चलते रहे और उन्होंने पूरी दुनिया को प्रभावित किया। आज भी यदि पश्चिम एशिया का युद्ध फैलता है तो यह केवल दो या तीन देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बड़े देशों की भागीदारी से यह वैश्विक संघर्ष का रूप ले सकता है। इसलिए यह जरूरी हो गया है कि विश्व के बड़े देश आगे बढ़कर युद्ध विराम की पहल करें और वार्ता का रास्ता निकालें। अमेरिका की भूमिका इस पूरे संकट में बहुत महत्वपूर्ण है। यदि अमेरिका चाहे तो वह इजरायल पर दबाव डाल सकता है, ईरान के साथ वार्ता शुरू करा सकता है और संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से युद्ध विराम की दिशा में कदम उठा सकता है। कूटनीति का रास्ता हमेशा युद्ध से बेहतर होता है, क्योंकि युद्ध में अंततः नुकसान सभी का होता है। युद्ध में सैनिक मरते हैं, नागरिक मरते हैं, शहर बर्बाद होते हैं, अर्थव्यवस्था टूटती है और आने वाली पीढ़ियां तक उसके दुष्परिणाम झेलती हैं। इसलिए आज दुनिया को हथियारों की दौड़ नहीं, शांति की दौड़ की जरूरत है। हथियारों की होड़ का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि इससे विकास रुक जाता है। दुनिया के कई देश ऐसे हैं जहां आज भी लोग गरीबी, भूख, बीमारी और अशिक्षा से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकारें शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ाने के बजाय हथियारों पर खर्च बढ़ा रही हैं। यह मानवता के साथ एक तरह का अन्याय है। यदि दुनिया का सैन्य बजट का एक छोटा हिस्सा भी शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च कर दिया जाए तो दुनिया से गरीबी और भूख को काफी हद तक खत्म किया जा सकता है। लेकिन दुर्भाग्य से दुनिया की राजनीति अभी भी शक्ति संतुलन और सैन्य प्रभुत्व के इर्द-गिर्द घूम रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व नेतृत्व यह समझे कि असली शक्ति हथियारों में नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, विज्ञान, शिक्षा और मानव विकास में होती है। जो देश अपने नागरिकों को बेहतर जीवन देता है, वही वास्तव में शक्तिशाली देश होता है। युद्ध और हथियार केवल विनाश लाते हैं, विकास नहीं। इसलिए दुनिया को यह तय करना होगा कि उसे हथियारों की दुनिया बनानी है या मानवता की दुनिया। यदि वर्तमान परिस्थितियों में युद्ध नहीं रुके और हथियारों की होड़ इसी तरह बढ़ती रही तो आने वाले वर्षों में दुनिया को महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक मंदी, ऊर्जा संकट और सामाजिक अस्थिरता जैसे अनेक संकटों का सामना करना पड़ सकता है। यह स्थिति पूरी मानवता के लिए खतरनाक होगी। इसलिए अब समय आ गया है कि विश्व के सभी देश अपने संकीर्ण राष्ट्रीय हितों से ऊपर उठकर वैश्विक हितों के बारे में सोचें और युद्ध के बजाय शांति, सहयोग और सहअस्तित्व का मार्ग अपनाएं। मानव सभ्यता का भविष्य हथियारों से नहीं, बल्कि शांति, संवाद और सहयोग से सुरक्षित हो सकता है। यही समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यही मानवता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी। युद्ध का अंधेरा मानवता को केवल विनाश, महंगाई, भय और अस्थिरता देता है, जबकि दुनिया को आज शांति, संवाद और स्थिरता का उजाला चाहिए, और इस दिशा में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। आज वैश्विक परिदृश्य में भारत केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं बल्कि एक नैतिक शक्ति के रूप में देखा जा रहा है, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का व्यक्तित्व एक ऐसे विश्व नेता के रूप में उभरा है जो युद्ध नहीं, संवाद-संघर्ष नहीं, सहयोग और हिंसा नहीं, सहअस्तित्व की बात करता है। भारत बुद्ध, महावीर और गांधी की अहिंसा की परंपरा का देश है, इसलिए भारत यदि सक्रिय कूटनीतिक पहल करे, युद्धरत देशों के बीच संवाद का सेतु बने, संयुक्तराष्ट्र के मंच पर युद्ध विराम की ठोस पहल करे, तो वह विश्व राजनीति को नई दिशा दे सकता है। मोदी यदि शांति, अहिंसा, वैश्विक संवाद और आर्थिक सहयोग के चार सूत्रों पर विश्व को साथ लाने की पहल करें तो भारत वास्तव में विश्व शांति का मार्गदर्शक बन सकता है और युद्ध की दिशा में बढ़ती दुनिया को शांति और स्थिरता की दिशा में मोड़ने में ऐतिहासिक भूमिका निभा सकता है। **-ललित गर्ग**

# अमरीका ईरान के खिलाफ अपने युद्ध की सबसे बड़ी 'विडंबना' को समझने में चूक गया

**रघु रमन**

इतिहास में किसी भी युद्ध के बताए गए औचित्यों के पीछे, चाहे वे न्यायसंगत कारण हों, परमाणु खतरे हों, सच परिवर्तन हों, मूल सत्य एक ही है-संघर्ष हमेशा से संसाधनों की खोज रहा है। ईरान युद्ध महज इसका नवीनतम अध्याय है। गाजा और तेहरान पर एकतरफा बमबारी और एक मौजूदा राष्ट्राध्यक्ष के अपहरण के बाद, अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इसराईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शायद खुद को यह यकीन दिला दिया था कि इसी तरह की रणनीति से ईरान को कुछ ही घंटों में कुचल दिया जाएगा। लेकिन 3 सप्ताह से चल रहे इस लगातार बढ़ते संघर्ष में, यह भ्रम बेरहमी से टूट गया है। 9 करोड़ से अधिक आबादी वाले ईरान की कुल आबादी अमरीका के युद्धक्षेत्रों वियतनाम, ईराक और अफगानिस्तान की संयुक्त आबादी से भी अधिक है। इसके 40 लाख से अधिक नागरिक पश्चिमी देशों में रहते हैं, जो अब अपने वतन को जलते हुए देख रहे हैं। हजारों वर्षों की सभ्यतागत स्मृति वाले इतने बड़े राष्ट्र को आसानी से अधीन नहीं किया जा सकता। अली खामेनेई की हत्या से ईरानी राज्य का पतन नहीं हुआ, इसने राज्य को विकेंद्रीकृत कर लिया है, जिससे किसी एकजुट शत्रु से भी अधिक खतरनाक स्थिति उत्पन्न हो गई है। नेतृत्वहीन आंदोलन से न तो बातचीत की जा सकती है, न ही उसे रोका जा सकता है और न ही उसे आत्मसमर्पण करने के लिए मजबूर किया जा सकता है। केंद्रीकृत सत्ता की जगह अराजकता ने नहीं, बल्कि उससे भी कहीं अधिक कठोर शक्ति ने ले ली है- 'खोने को कुछ नहीं बचा' का दृढ़ संकल्प। जो व्यक्ति एक ही दिन में अपने पूरे परिवार को खो देता है, वह बदला लेने की योजना बनाते समय सफलता की संभावनाओं का आकलन नहीं करता। किसी राष्ट्र के नेता, उसके परमाणु वैज्ञानिकों और उसके कमांडरों की बिना किसी कानूनी प्रक्रिया के लक्षित हत्या ने एक ऐसा द्वार खोल दिया है, जिसे बंद नहीं किया जा सकता। यदि अमरीकी और इसराईली सेनाएं ईरान में स्कूली छात्राओं और ज्यूरिख में वैज्ञानिकों को मार सकती हैं, तो किस सिद्धांत के आधार पर अमरीकी कंपनियों के सी.ई.ओ. ईरानी सेनाओं के निशाने से बाहर रहेंगे? यह नागरिकों को निशाना बनाने का तर्क नहीं है, एक चेतावनी है कि वैध लक्ष्यों का चुनाव एकतरफा नहीं होता। अमरीका ने युद्धोत्तर अंतर्राक्त्र्ट्रीय व्यवस्था के निर्माता और प्रवर्तक के रूप में 8 दशक बिताए। ईरान में जो ध्वस्त किया जा रहा है, वह केवल एक शत्रुतापूर्ण शासन नहीं, बल्कि वह ढांचा ही ध्वस्त हो रहा है। तेहरान कुछ ऐसा समझता है जो इस अभियान के समर्थक नहीं समझते। एक ऐसा राष्ट्र, जिसने ईराक के साथ 8 साल का युद्ध झेला, रासायनिक हथियारों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और कठोर प्रतिबंधों का सामना किया, आसानी से टूटता नहीं। तीन सहस्राब्दियों पुरानी सभ्यता समय को समाचार चक्रों या अमरीकी चुनाव कार्यक्रमों के हिसाब से नहीं मापती। इतिहास महाशक्तियों द्वारा अभिमानी राष्ट्रों को बलपूर्वक अधीन करने के प्रयासों के बारे में एक समान निष्कर्ष प्रस्तुत करता है। वियतनाम, अफगानिस्तान और ईराक के उदाहरण लीजिए। सैन्य शक्ति को 'लडने की इच्छाशक्ति' समझ लेना बहुत भारी कीमत चुकाने का कारण बनता है। हर युद्ध इस धारणा पर आधारित रहा है कि वह समाप्त हो जाएगा। इस धारणा के लिए नियमों की आवश्यकता होती है। यह शत्रु को रियायत देने के लिए नहीं, बल्कि समझौते की पूर्व शर्त के रूप में होता है। पूर्ण मनमानी विजय नहीं, बल्कि हिंसा की स्थायी स्थिति पैदा करती है, जिससे आबादी कट्टरपंथी हो जाती है और हर रास्ता बंद हो जाता है। विडंबना यह है कि नियम-आधारित व्यवस्था की मौत से सबसे अधिक पीड़ित वही राष्ट्र होगा, जिसने इसे नष्ट किया है। अमरीका की शक्ति उन सहयोगियों के स्वैच्छिक सम्मान पर टिकी थी, जो मानते थे कि नियम वाशिंगटन सहित सभी पर लागू होते हैं। वह विश्वसनीयता अब समाप्त हो चुकी है। संसाधनों के लिए हमेशा से संघर्ष होता रहा है। लेकिन किसी भी महाशक्ति के पास सबसे कीमती संसाधन तेल, क्षेत्र या परमाणु क्षमता नहीं है, बल्कि यह उस विश्व का विश्वास है, जिसका नेतृत्व वह करना चाहती है। इस संसाधन को बलपूर्वक हासिल नहीं किया जा सकता और एक बार खो जाने पर, किसी पर बमबारी करके इसे वापस नहीं पाया जा सकता।

## सेहत मंत्र

# नीम की पत्तियों से मिलते हैं कई फायदे

आयुर्वेद की दुनिया में नीम एक बेहद लोकप्रिय व महत्वपूर्ण औषधीय जड़ी?बूटी है, जिसे लगभग पिछले 5000 सालों से उपचार के दौरान इस्तेमाल किया जाता रहा है। नीम इतना गुणकारी है कि न केवल इसकी पत्तियां, बल्कि पेड़ के बीज, जड़ों और छाल में भी औषधीय गुण पाए जाते हैं। नीम सेहत और सौंदर्य दोनों के लिए ही गुणकारी है। नीम के पत्तों में एंटी?बैक्टीरियल गुण होते हैं यही वजह है कि यह संक्रमण, जलन और त्वचा की किसी भी तरह की समस्याओं पर यह जादू की तरह काम करता है। यह बैक्टीरिया को नष्ट करता है, प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करता है और तेजी से चिकित्सा को प्रोत्साहित करता है। इसके अलावा इसमें एंटी?एजिंग गुण भी पाए जाते हैं। इतना ही नहीं, नीम में विटामिन और फैटी एसिड त्वचा की लोच में सुधार करते हैं और झुर्रियों और महीन रेखाओं को कम करते हैं। नीम के पत्ते घाव को बेहद जल्द ठीक करते हैं। बस आप इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाएं और घाव या कीड़े के काटने पर प्रभावित स्थान पर लगाएं। अगर आपको रूसी की समस्या है तो आप नीम की कुछ पत्तियां लेकर उसे पानी में उबालें। अब इस पानी को ठंडा होने दें। अपने बालों को शैम्पू से धोने के बाद इस पानी से साफ़ करें। अगर आपको आंखों में जलन हो रही है तो नीम की कुछ पत्तियों को उबालें, पानी को पूरी तरह से ठंडा होने दें और फिर अपनी आंखों को धोने के लिए इसका इस्तेमाल करें। यह आंखों में किसी भी तरह की जलन, थकान या लालिमा में मदद करेगा। कान के जुड़ी समस्याओं को भी नीम आसानी से ठीक कर सकता है। बस आप नीम के कुछ पत्तों को मसलकर उसमें थोड़ा शहद मिलाएं। किसी भी कान के फोड़े का इलाज करने के लिए इस मिश्रण की कुछ बूंदों का उपयोग करें। नीम के पत्ते त्वचा के लिए बेहद चमत्कारी माने जाते हैं। इसके लिए नीम के पत्तों के पेस्ट के साथ हल्दी मिलाएं। इसका उपयोग खुजली, एक्जिमा, रिंग कीड़े और कुछ हल्के त्वचा रोगों के लिए भी किया जा सकता है। कुछ नीम के पत्तों को क्रश करें और अपनी इम्युनिटी बढ़ाने के लिए उन्हें एक गिलास पानी के साथ लें।

## धर्म मंत्र

# अनोखा और बहुत बड़ा है भगवान शिव का परिवार, कैलास पर है निवास

भगवान शिव का परिवार बहुत बड़ा है। वहां सभी द्वंद्वों और द्वैतों का अंत दिखता है। एकादश रुद्र, रुद्राणियां, चौंसठ योगिनियां, षोडश मातृकाएं, भैरव आदि इनके सहचर और सहचरी हैं। माता पार्वती की सखियों में विजया आदि प्रसिद्ध हैं। गणपति परिवार में उनकी पत्नी सिद्धि बुद्धि तथा शुभ और लाभ दो पुत्र हैं। उनका वाहन मूषक है। कार्तिकेय की पत्नी देवसेना तथा वाहन मयूर है। भगवती पार्वती का वाहन सिंह है और स्वयं भगवान शंकर धर्मावतार नन्दी पर आरूढ़ होते हैं। स्कन्दपुराण के अनुसार यह प्रसिद्ध है कि एक बार भगवान धर्म की इच्छा हुई कि मैं देवाधिदेव भगवान शंकर का वाहन बनूं। इसके लिए उन्होंने दीर्घकाल तक तपस्या की। अंत में भगवान शंकर ने उन पर अनुग्रह किया और उन्हें अपने वाहन के रूप में स्वीकार किया। इस प्रकार भगवान धम्र ही नंदी वृषभ के रूप में सदा के लिए भगवान शिव के वाहन बन गये। बाण, रावण, चण्डी, भृंगी आदि शिव के मुख्य पार्षद हैं। इनके द्वार रक्षक के रूप में कीर्तिमुख प्रसिद्ध हैं, इनकी पूजा के बाद ही शिव मंदिर में प्रवेश करके शिव पूजा का विधान है। इससे भगवान शंकर परम प्रसन्न होते हैं। यद्यपि भगवान शंकर सर्वत्र व्याप्त हैं तथापि काशी और कैलास इनके मुख्य स्थान हैं। भक्तों के हृदय में तो ये सर्वदा निवास करते हैं। इनके मुख्य आयुध त्रिशूल, टंक, कृपाण, वज्र, अग्नियुक्त कपाल, सर्प, घंटा, अंकुश, पाश तथा पिनाक धनुष हैं। भगवान शंकर के चरित्र बड़े ही उदात्त एवं अनुकम्पापूर्ण हैं।

## पर्यटन



# पहाड़ों की लॉन्ग ड्राइव के साथ धरती पर ही जन्नत का नजारा दिखाता है मुनस्यारी

अधिकतर लोगों की चाहत होती है कि जब भी सुबह उनकी आंखें खुले तो सामने चमकता हिमालय और लाली बिखेरता सूरज दिखाई पड़े ! अपनी इस तमन्ना अगर आप पूरा करना चाहते हैं तो उत्तराखंड का खूबसूरत मुनस्यारी आपको अपने पास बुला रहा है। हिल स्टेशन तो सारे खूबसूरत होते हैं लेकिन हर हिल स्टेशन की अपनी अलग खूबसूरती और विशेषता होती है। उत्तराखंड की चोटी पर बसा मुनस्यारी काफी खूबसूरत है। समुद्र तल से 2300 मीटर की ऊंचाई पर स्थित मुनस्यारी को कुदरत का वरदान प्राप्त है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, बर्फीली चोटियां, हरे-भरे खूबसूरत जंगल, हिमालय वस्पतियों और वन्य जीवन के लिए मुनस्यारी विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। मुनस्यारी की खूबसूरती को देखते हुए इसे उत्तराखंड 'मिनी कश्मीर' कहा जाता है। अगर आप अपनी छुट्टियां मुनस्यारी मे बिताने के बारे में सोच रहे हैं तो हम इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि आप मुनस्यारी कैसे जा सकते हैं और वहां क्या-क्या घूम सकते हैं। मुनस्यारी जाने का प्लान आप कम से कम 6 दिनों का तो जरूर बनाएं तभी आप मुनस्यारी के मनमोहक दृश्यों का आनंद उठा सकते हैं। यहां की ड्राइव काफी लंबी है। बिर्थी जल प्रपात उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी के पास तेजम से लगभग 14 किमी दूर स्थित है। यह झरना समुद्र तल से 400 फीट ऊपर से गिरता है और इसे कलामुनी दर्रे के पास से गुजरता है। बिर्थी जलप्रपात मुनस्यारी से लगभग 35 किमी दूर है और एक छोटे ट्रेक द्वारा आसानी से पहुँचा जा सकता है। ट्रेकिंग सफर के बीच आप आसपास के प्राकृतिक दृश्यों का आनंद भी ले सकते हैं। ब्रिथी वॉटरफॉल कि खास बात है कि यह झरना बारिश हो, गर्मी या फिर सर्दी का मौसम हर समय एक जैसा रहता है। इसका पानी कभी कम नहीं होता है। अगर आप मुनस्यारी जा रहे हैं वहां पर आप कलामुनी टॉप भी घूम सकते हैं। कलामुनी टॉप घूमने के लिए काफी मशहूर जगह है। सबसे ऊंचाई पर होने के कारण इस जगह को कलामुनी टॉप कहा जाता है।

# प्रधान उन्मुखी कार्यशाला में मेधावी छात्र-छात्राओं और निपुण विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का हुआ सम्मान

**कार्यशाला में बोले चेयरमैन आलोक, अधिकारों के साथ कर्तव्यों के प्रति जिम्मेदार रहना जरूरी**

**शिक्षा से ही विकास की मजबूत नींव संभव : एसडीएम**







कैनविज टाइम्स संवाददाता

हैदरगढ़ बाराबंकी । विकास खंड हैदरगढ़ में प्रधान उन्मुखी कार्यशाला का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यशाला शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने, विद्यालयों में नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा बच्चों की उपलब्धियों को सम्मानित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी ने की।

कार्यशाला के दौरान उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने विद्यालय को 'निपुण विद्यालय' बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके साथ ही शिक्षा और खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी मंच से सम्मानित किया गया। जिन विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय एवं विद्याग्यान जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में हुआ है, उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में विजय प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ श्री राजेश विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही वह आधार है जो समाज और राष्ट्र के भविष्य को दिशा देता है। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के राष्ट्र निर्माता हैं, इसलिए शिक्षकों और अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और बेहतर संस्कार दें। उन्होंने निपुण विद्यालय बनाने में शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना है और इस दिशा में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष श्री आलोक तिवारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में अपार प्रतिभा है, बस उन्हें सही मार्गदर्शन और अवसर की आवश्यकता होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर कोई भी छात्र जीवन में बड़ी सफलता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने शिक्षकों और अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की भी शिक्षा दें। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी श्रीमती पूजा सिंह ने भी बच्चों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा और खेल दोनों ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने शिक्षकों से अपील की कि वे विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम की शुरुआत में खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएँ शिक्षकों और प्रधानों को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान करती हैं, जिससे विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता और बेहतर बनती है।

## सत्तारूढ़ दल की कुनीतियां अमेरिकी साम्राज्यवाद के गुलाम : सुमन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बाराबंकी।आल इन्डिया स्टु?डेन्ट्स फ़ेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि ब्रिटिश साम्राज्य वाद के खिलाफ भगत सिंह राजगुरु, सुखदेव ने अप्रियतम बलिदान दिया था। बलिदान दिवस के अवसर पर सम्बोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान सत्तारूढ़ दल की नीतियों के कारण अमेरिकी साम्राज्यवाद के गुलाम हो रहे है। इस अवसर पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने कहा कि अंग्रेजी साम्राज्य वाद की मुखबिरी करने वाले लोग भगत सिंह के सपनों के भारत को बनाने के मुख्य दुश्मन हैं। उन्होंने कहा, कि देश का भला तभी हो सकता है जब मुखबिरों से देश को आजादी मिले पार्टी के कोषाध्यक्ष शिवदर्शन वर्मा ने कहा कि भगत सिंह एक ऐसा समाज बनाना चाहते थे जिसमें शोषण अत्याचार मंहगाई बेरोजगारी व भुखमरी न हो । राज्य परिषद सदस्य प्रवीन कुमार ने कहा कि गौरक्षा के नाम पर अराजक तत्वों के गैंग रात्रि वाहन चेकिंग कर वसूली करते हैं और साम्प्रदायिकता फैलाते है यह भगत सिंह जैसे महान क्रान्तिकारियों की शहादत को गलत दिशा में ले जा रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मो. कदीर हसन ने की एवं संचालन विनय कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुनेश्वर बक्स, प्रेमचन्द्र वर्मा अमर सिंह, जितेन्द्र श्रीवास्तव, महेन्द्र यादव आशीष शुक्ला, सच्चिदानन्द श्रीवास्तव, दीपक वर्मा, दीपक शर्मा अम्बिका प्रस?ाद , आनन्द गुप्ता, अंकुल वर्मा, श्याम सिंह आदित्य, अभय, आलोक, कु.रीमा मौर्य , आफरीन सिद्दीकी योगेंद्र सिंह आदि प्रमुख लोगों ने चित्र का माल्यार्पण कर श्रध्दांजलि अर्पित की।

# डीएम की चौपाल में सुनी गई जनसमस्याएं, निराश्रित महिला व बच्चों को योजनाओं का सहारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




**सम्पूर्ण समाधान दिवस में 291 शिकायतें आईं, 43 का मौके पर निस्तारण**

बाराबंकी, । जनसमस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से तहसील फतेहपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों में मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश देते हुए राहत दिलाई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय भी मौजूद रहे। समाधान दिवस में मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए जिलाधिकारी ने पात्र लाभार्थियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। बनार, फतेहपुर निवासी श्रीमती फूलकुमारी ने अपने पति की मृत्यु के बाद दो छोटे बच्चों के भरण-पोषण और शिक्षा के लिए सहायता की गुहार लगाई। इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल पारिवारिक लाभ योजना के तहत 30 हजार रुपये की एकमुश्त सहायता, निराश्रित महिला पेंशन के अंतर्गत 1000 रुपये प्रतिमाह पेंशन तथा दोनों बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़ते हुए 2500-2500 रुपये प्रतिमाह सहायता दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही उनकी पुत्री को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित करने और परिवार का अंत्योदय राशन कार्ड बनवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसी प्रकार बारोलिया निवासी श्रीमती पुष्पा देवी ने पति की असामयिक मृत्यु के बाद अपने नाबालिग पुत्र के भरण-पोषण के लिए सहायता का अनुरोध किया, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश देते हुए बालक को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़कर लाभ दिलाने को कहा। समाधान दिवस के दौरान धरौली निवासी श्री शंभू ने खाद गड्ढा और खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की, जिससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। जिलाधिकारी ने मामले की जांच कराते हुए अतिक्रमण की पुष्टि होने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई करने तथा राजस्व और विकास विभाग की संयुक्त टीम से जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। वहीं पचघरा कस्बा फतेहपुर निवासी श्रीमती मायादेवी ने राशन कार्ड से अपनी विवाहित पुत्री का नाम हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी एवं संबंधित पूर्ति निरीक्षक को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि भूमि विवाद, सरकारी रास्ते और चकमार्ग, राशन कार्ड, पेंशन, आवास सहित जनसामान्य से जुड़े मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त रखना प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस के तहत जनपद की सभी तहसीलों में कुल 291 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 43 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

## ककरी के विराट कवि सम्मेलन में बही काव्य की गंगा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



त्रिवेदीगंज, बाराबंकी- नवरात्रि के पावन अवसर पर क्षेत्र के ककरी गाँव में आयोजित विराट कवि सम्मेलन में रविवार को पूरी रात काव्य की रसधार बही। ककरी के दुर्गा मंदिर प्रांगण में जगन्नाथ सिंह लम्बरदार के आयोजकत्व व ज्ञानेन्द्र पाण्डेय अवधी मधुरस की अध्यक्षता तथा वेद प्रकाश सिंह प्रकाश के संचालन में कवि सम्मेलन भोला पागल की वाणी वन्दना से शुरू हुआ। तत्पश्चात सुप्रसिद्ध गीतकार रविन्द्र रंजन फिरोजाबादी ने वैरियों के मुण्ड को कलम करने के लिए कवि की कलम तलवार होनी चाहिए जैसे ओज एवं श्रंगारिक गीत सुनाए तो कवियित्री सुधा सिंह सुधा ने मिल गये जब नयन से नयन तो प्रेम पूजा है जग ने बताया मुझे जैसे श्रंगारिक गीत सुनाए। अमेठी के कवि ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने फूल पांखुरी से मत अलग कीजिये तो हास्य के कवि भोला पागल ने चलौ घसीटे परधानी मा ताल तड़ाका ठोंकि दियौ से लोगों को गुदगुदाया। हास्य व्यंग्य के कवि सुनील वाजपेयी शिवम् ने वर्तमान समय में गाँवों में चुनावों को लेकर गाँव चौरहे द्याखौ रिश्तन बढ़ी दुहाई है,तथा चाय पकौड़ी औ रसगुल्ला कै देखतै आडर दियय लागि जैसी रचनाओं सुनाकर वाहवाही बटोरी। इन्द्र प्रसाद रत्नेश ने यदि विश्वकप कविताओं का भी होता कहीं, सारे कवि दौड़ दौड़ आते निज घर से,कमजोर दिल वाले कांप जाते डर से जैसी व्यंग्य परक कविताओं से मनमोहा।वरिष्ठ लोक गीतकार संत प्रसाद जिज्ञासु ने पतिया न भेजे नहि दियत सपनवा, कौनी आस जुड़ाय मोरा मनवा जैसे समसामयिक गीतों से शमां बांध दिया तो संचालन कर रहे कवि वेद प्रकाश सिंह प्रकाश ने चाह सत्ता धन बिछौना हो गया है, स्वार्थ में सम्बन्ध बौना हो गया है तो कवि सुशील पाण्डेय ने जब से लगा है ई चैत महिनवा, अंगुरी के पोरन गिनित है दिनवा तथा हे अम्बे मइया तुमही होहु सहाई जैसे गीत सुनाए। इसके अलावा कवि राघवेंद्र सिंह , संजय शर्मा रुद्र, सौरभ वर्मा हसमुख आदि ने सरस रचनाओं से श्रोताओं को विभोर किया। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर सभी कवियों को अंगवस्त्र व फूल माला से स्वागत किया। इस मौके पर लोकेन्द्र सिंह, रिदांस सिंह चौहान, प्रधान सोनू सिंह, प्रधान गुड्डू सिंह, सचिन सिंह, सतीश सिंह आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

## गो हत्यारा पशु तस्कर मुठभेड़ में गिरफ्तार, बड़ी कार्रवाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मसौली बाराबंकी। रविवार की देर रात्रि मसौली पुलिस ने गौ हत्या मामले में वांछित एक बदमाश को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर सीएचसी बड़ागांव लाया गया अभियुक्त के प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

बताते हैं कि पिछले दिनों थाना क्षेत्र के ग्राम सुल्तानपुर निवासी पशुपालक राकेश यादव की दो गायों का वध करने वाला 10 हजार का इनामियाँ अभियुक्त धरौली मोड पर किसी घटना को अंजाम देने के लिए खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बिना देर किये वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी की तो अभियुक्त ने पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए भागने लगाने ।आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें एक आरोपी के पैर में गोली लगी। घायल वांक्षित उस्मान उर्फ़ कलेजी पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम बांसा को सीएचसी बड़ागांव लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी गो हत्या के एक मामले में वांछित चल रहा था। उसके पास से एक तमंचा 315 बोर, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस बरामद किया गया है आरोपित पर आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज बताए गए हैं।

### वार्षिकोत्सव में सम्मानित किए गए मेधावी छात्र



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खण्ड अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय डूंडी में सोमवार को आयोजित वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह मे मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूटा के जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया द्य उन्होंने डॉ भीमराव अंबेडकर और देश के महान वैज्ञानिक डॉ कलाम के पदचिन्हों पर चलने व उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।उन्होंने प्रधानाध्यापक मनीष कनौजिया द्वारा कम संसाधनों एवम एकल शिक्षक होने के बावजूद छात्रों को मुकाम तक पहुंचाने के प्रयास की सराहना की।इस मौके पर जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामानन्द और यूटा के ब्लॉक अध्यक्ष रामपाल ने राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में जिले में दूसरा स्थान लाने वाले मोहन व अभय सिंह तथा स्वाती वर्मा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपने लक्ष्य पर अडिग रहने की बात कही।छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम ने लोगों का मन मोह लिया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी मास्टर मुबस्सीर हुसैन ने की द्यग्राम प्रधान रामसिंह वर्मा ने बच्चों की सराहना कर उन्हें पुरस्कृत किया द्यप्रधानाध्यापक मनीष कनौजिया ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

### सुरेंद्र के तीनों हत्यारे गिरफ्तार, जेल

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुरेंद्र कुमार की मौत के मामले आरोपित तीन अभियुक्तों को पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया। स्मरण रहे घर के आंगन ऊपर से केबिल तार निकालने को लेकर दो पक्षों मे हुई मारपीट में सुरेन्द्र की मौत हो गई थी। घुंघटेर के महातवानी निवासी सुरेंद्र कुमार के टीन शेड के उपर से पड़ोस के मंगू द्वारा बिजली का तार निकाला गया था।बिजली का तार जगह-जगह कटा होने के चलते सुरेंद्र ने उसे हटाने के लिए मंगू से बोला।जिसको लेकर रविवार दोनों में विवाद हो गया।मंगू उसके दो पुत्र अमित व सुमित, पत्नी ज्ञानवती ने पथराव शुरू कर दिया।पथराव में गिर कर सुरेंद्र घायल हो गए। परिजनों द्वारा उन्हें सीएचसी घुंघटेर में भर्ती कराया गया जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। थानाध्यक्ष बेचू सिंह यादव ने बताया घटना आरोपित मंगू , ज्ञानवती व सुमित सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिन्हें न्यायालय में पेश किया गया। जहां तीनों को जेल भेज दिया गया।

### महादेवा में मांगलिक कार्यों की धूम, भीड़

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। श्रीलोधेश्वर महादेवा धाम में पावन नवरात्रि के सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।विभिन्न क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से जलाभिषेक कर दर्शन पूजन किया।इस शुभ तिथि के मुहूर्त में मुंडन गोद भराई आदि के मंगल कार्य महादेवा में पूर्ण हुए।

### मारुति वैन की टक्कर से बाइक सवार चार लोग घायल, तीन गंभीर, रेफर

बेलहरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बेलहरा-फतेहपुर रोड पर स्थित मुस्काबाद भट्ठे के पास बाइक सवार एक परिवार को तेज रफ्तार अज्ञात मारुति वैन ने जोरदार टक्कर मार दी,हादसे में चार लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी पहुंचाया गया जहां पर गंभीर चोटें होने के कारण तीन लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजन उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले गए हैं। जानकारी के अनुसार सीतापुर जिले के थाना रामपुर मथुरा निवासी नियाज (28) अपनी पत्नी सुमैय्या (24) और दो बेटों इम्तियाज (8) व रेहान (4) के साथ फतेहपुर अपनी सुसराल ईद मनाने आए थे। रविवार देर शाम बाइक से अपने घर लौट रहे थे तभी बेलहरा रोड स्थित पर मुस्काबाद भट्ठा के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार अज्ञात मारुति वैन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वैन चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने नियाज,उनकी पत्नी सुमैया और बेटे रेहान को गंभीर चोटें होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया।हालांकि परिजन उन्हें बेहतर इलाज हेतु लखनऊ ने एक निजी अस्पताल ले गए जहां जांच के बाद तीनों के पैर फैक्चर बताए जा रहे हैं।पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

# आलू का समर्थन मूल्य 1200 प्रति कुंतल तय करने की मांग, किसानों ने सौंपा आठ सूत्रीय मांग पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी की अगुवाई में किसान पहुंचे तहसील, नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, 1 अप्रैल से भूख हड़ताल की चेतावनी**

बाराबंकी। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी हरपाल सिंह के निर्देश पर जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी की अगुवाई में किसान जिला कार्यालय गनौरा पर एकत्रित हुए और जिलाधिकारी कार्यालय के लिए प्रस्थान किया। इसी दौरान नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह व थाना जहांगीराबाद पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को शांत कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना।

किसानों की ओर से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को संबोधित 8 सूत्रीय मांग पत्र जिलाधिकारी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह को सौंपा गया। मांग पत्र में आलू का समर्थन मूल्य ?1200 प्रति कुंतल तय करने, एमएसपी गारंटी कानून लागू करने, स्मार्ट मीटर, शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार तथा थानों में फैले भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की मांग की गई।

जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी ने कहा कि जनपद में किसानों का आलू माटी के भाव बिक रहा है और किसानों की लागत भी नहीं निकल पा रही है। उन्होंने बताया कि आलू की लागत ?800 प्रति कुंतल से अधिक आती है, जबकि खरीददार भी नहीं मिल रहे हैं और अन्य राज्यों में भी आलू नहीं जा पा रहा है।

उन्होंने सरकार से मांग की कि आलू का समर्थन मूल्य ?1200 प्रति कुंतल तय किया जाए तथा आलू को बिहार, बंगाल, असम और नेपाल भेजने की व्यवस्था की जाए, जिससे किसानों को उचित मूल्य मिल सके। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 1 अप्रैल से गन्ना संस्थान में आलू समर्थन मूल्य की मांग को लेकर भूख हड़ताल शुरू की जाएगी।

इस दौरान जिलाध्यक्ष ने देवां थाने में तैनात दरोगा अजीत कुमार सिंह के कार्य व्यवहार पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि उनका व्यवहार महिलाओं के प्रति ठीक नहीं है और क्षेत्र में भय का माहौल है। उन्होंने दरोगा को तत्काल हटाने की मांग करते हुए कहा कि ऐसा न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष विक्रांत सैनी, जिला महासचिव अरविंद यादव, ब्लॉक अध्यक्ष फूलचंद यादव, ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानवती यादव, ब्लॉक उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, दीपू यादव, रामानंद यादव, विनय यादव, सीतापति, केसर जहां, सुषमा देवी, डॉ. जयकरण, शिवेंद्र प्रताप सिंह, नारायण यादव, हरिद्वार लाल गौतम सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।





# हॉकी इंडिया ने की '8वें वार्षिक पुरस्कार 2025' के लिए नामित खिलाड़ियों की घोषणा

एजेंसी

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने सोमवार को '8वें वार्षिक पुरस्कार 2025' के लिए नामांकित खिलाड़ियों की सूची जारी कर दी है। यह पुरस्कार समारोह 27 मार्च 2026 को नई दिल्ली में आयोजित होगा, जिसमें वर्ष 2025 के दौरान भारतीय हॉकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन और योगदान देने वाले खिलाड़ियों व अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस समारोह के प्रमुख पुरस्कारों में 'हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार' शामिल है, जो पुरुष और महिला वर्ग के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को दिया जाएगा। इसके अलावा उभरती प्रतिभाओं को 'हॉकी इंडिया जुगराज सिंह उभरते खिलाड़ी (पुरुष अंडर-21)' और 'हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा उभरती खिलाड़ी (महिला अंडर-21)' पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। विभिन्न पोजीशन में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 'हॉकी इंडिया बलजीत सिंह वर्ष के सर्वश्रेष्ठ



गोलकीपर', 'हॉकी इंडिया परगट सिंह वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर', 'हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर' और 'हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड' पुरस्कार भी दिए जाएंगे। इन आठ श्रेणियों में कुल 32 खिलाड़ियों को अंतिम सूची में शामिल किया गया है। इसके अलावा समारोह में 'हॉकी इंडिया अध्यक्ष उत्कृष्ट उपलब्धि पुरस्कार', 'जमन लाल शर्मा अमूल्य योगदान पुरस्कार', अंपायर और तकनीकी अधिकारियों के लिए विशेष सम्मान, तथा सर्वश्रेष्ठ सदस्य इकाई पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। इस दौरान 2025 में एशिया कप राजगीर (बिहार) में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष टीम और एफआईएच हॉकी मेंस जूनियर वर्ल्ड कप तमिलनाडु में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय जूनियर पुरुष टीम को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 15वीं हॉकी इंडिया राष्ट्रीय चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सदस्य इकाइयों को भी मान्यता दी जाएगी। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, यह भारतीय हॉकी के लिए महत्वपूर्ण वर्ष है और ऐसे में पिछले वर्ष के बेहतरीन प्रदर्शन को पहचान देना जरूरी है। ये पुरस्कार खिलाड़ियों और अधिकारियों के समर्पण और उपलब्धियों को सम्मानित करते हैं। वहीं महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा, ये पुरस्कार खिलाड़ियों, कोचों, अधिकारियों और सदस्य इकाइयों के सामूहिक प्रयासों को मान्यता देते हैं, जिन्होंने भारतीय हॉकी को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई है।

नामांकित खिलाड़ी इस प्रकार हैं: वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर (बलजीत सिंह पुरस्कार): प्रिंस दीप सिंह, कृष्ण बहादुर पाठक, बिचु देवी खारीबाम, सूरज करकेरा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर (परगट सिंह पुरस्कार): संजय, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, हरमनप्रीत सिंह। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर (अजीत पाल सिंह पुरस्कार): हार्दिक सिंह, सुमित, राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड (धनराज पिल्लै पुरस्कार): सुखजीत सिंह, अभिषेक, नवनीत कौर, शिलानंद लकड़ा। उभरती खिलाड़ी (महिला अंडर-21, असुंता लकड़ा पुरस्कार): साक्षी राणा, ज्योति सिंह, सुनेलिता टोप्पो, कनिका सिवाच। उभरते खिलाड़ी (पुरुष अंडर-21, जुगराज सिंह पुरस्कार): प्रिंस दीप सिंह, मनमीत सिंह, अनमोल एक्का, अर्शदीप सिंह। वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी (बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार): नवनीत कौर, सलीमा टेटे, लालरेमसियामी, सविता। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी (बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार): हार्दिक सिंह, सुखजीत सिंह, संजय, अभिषेक।

# अरुंधति रेड्डी और साहिबजादा फरहान बने फरवरी माह के आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने फरवरी 2026 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। पुरुष वर्ग में पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, जबकि महिला वर्ग में भारत की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी को यह सम्मान दिया गया है। दोनों खिलाड़ियों का चयन विश्वभर के प्रशंसकों के मत और पूर्व खिलाड़ियों व विशेषज्ञों की समिति के आधार पर किया गया। साहिबजादा फरहान ने टी-20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह पुरस्कार अपने नाम किया। उन्होंने एक ही संस्करण में सबसे अधिक रन बनाकर विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया और नामीबिया व श्रीलंका के खिलाफ दो शतक जड़कर इतिहास रच दिया। फरहान ने फरवरी के दौरान सात टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 383 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 76.60 और स्ट्राइक रेट 160.25 रहा।




पुरुष वर्ग में फरहान ने इंग्लैंड के विल जैक्स और अमेरिका के शैडली वैन शालविक को पीछे छोड़ा, जबकि महिला वर्ग में रेड्डी ने श्रीलंका की हर्षिता समरविक्रमा और पाकिस्तान की फातिमा सना को पछाड़ा। फरहान ने कहा, ‟यह पुरस्कार जीतना मेरे लिए बेहद खास है। विश्व कप जैसे बड़े मंच पर प्रदर्शन करना गर्व की बात है और मैं इस लय को आगे भी जारी रखना चाहता हूं। अरुंधति रेड्डी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 श्रृंखला में शानदार गेंदबाजी करते हुए भारत को 2-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने तीन मैचों में 4/22, 2/30 और 2/35 के प्रदर्शन के साथ कुल आठ विकेट हासिल किए। उनका औसत 10.87 और इकोनॉमी 7.25 रहा। रेड्डी ने कहा, ‟यह सम्मान पाना मेरे लिए गर्व की बात है, खासकर ऑस्ट्रेलिया में टीम की जीत में योगदान देने के बाद। यह जीत हमारे आत्मविश्वास को और मजबूत करेगी।

# एशिया कप में नये चेहरों के साथ नये सत्र की शुरूआत करेगी भारतीय तीरंदाजी टीम

एजेंसी

बैंकॉक। भारत तीरंदाजी के नये अंतरराष्ट्रीय सत्र का आगाज यहां मंगलवार से शुरू हो रहे एशिया कप के पहले चरण से करेगा जिसके लिये टीम में नामी गिरामी सितारों की बजाय प्रतिभावान युवाओं को जगह दी गई है। भारतीय टीम में दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, धीरज बोम्मादेवरा, तरूणदीप राय , ज्योति सुरेखा वेन्नम और अभिषेक वर्मा नहीं हैं। भारतीय टीम प्रबंधन जापान में सितंबर अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेलों तक चलने वाले इस व्यस्त सत्र के पहले टूर्नामेंट में अपने युवा खिलाड़ियों को आजमाना चाहता है। शीर्ष तीरंदाज मैक्सिको और शंघाई में अप्रैल से होने वाले विश्व कप के पहले दो चरण के लिये वापसी करेंगे। पिछले साल भारत ने इस टूर्नामेंट में पांच स्वर्ण समेत आठ पदक जीते थे। दक्षिण कोरिया जैसे दिग्गज की गैर मौजूदगी में भारत का पलड़ा फिर भारी लग रहा है। उसे चीन और बांग्लादेश से चुनौती मिल सकती है। रिकर्व पुरूष वर्ग में आस्ट्रेलिया के रियान टियाक प्रबल दावेदार हैं जो विश्व रैंकिंग में 27वें स्थान पर हैं। महिला वर्ग में रूस में जन्मी तटस्थ खिलाड़ी नूरिनिस्सो माखमुदोवा (45वीं रैंकिंग) सर्वोच्च रैंकिंग वाली तीरंदाज हैं। भारतीय पुरूष कंपाउंड टीम में दुनिया के चौथे नंबर के तीरंदाज ऋषभ यादव, एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता प्रथमेश जावकर और रजत चौहान हैं। पिछले साल कुशल दलाल ने व्यक्तिगत स्वर्ण जीता था जबकि मानव जाधव और गणेश तिरिमुरू के साथ टीम स्वर्ण अपने नाम किया था। महिला वर्ग में ज्योति की गैर मौजूदगी में नजरें 20 वर्ष की चिकिथा तानीपर्थी पर होंगी जो विश्व रैंकिंग में 37वें स्थान पर हैं।

# जयपुर ने जीता जिंदल स्टील इंडियन ओपन पोलो चैंपियनशिप का खिताब

**जयपुर ने फाइनल में जिंदल पैंथर को 12-9 से हराकर जीता सीजन का 11वां खिताब**

एजेंसी

नई दिल्ली। जयपुर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सोमवार को जिंदल पैंथर को 12-9 से हराकर जिंदल स्टील इंडियन ओपन पोलो चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ जयपुर ने इस सीजन का 11वां खिताब भी हासिल कर लिया। जयपुर की जीत में अलेजो अरामबुरु ने अहम भूमिका निभाई, जिन्होंने शानदार आठ गोल दागे। उनके अलावा टीम के अन्य खिलाड़ियों ने भी बेहतरीन तालमेल और संतुलित खेल दिखाया। मैच की शुरुआत से ही जयपुर ने आक्रामक रुख अपनाया। पहले




चक्कर में अलेजो अरामबुरु ने गोल कर टीम को बढ़त दिलाई, जबकि महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने भी शानदार फील्ड गोल किया। प्रताप सिंह कनोटा और डेनियल ओटामेंडी ने भी गोल दागे, जिससे जयपुर ने पहले चक्कर के अंत तक 4-2 की बढ़त बना ली। दूसरे चक्कर में जयपुर ने अपने खेल पर पकड़ और मजबूत की। उनकी सुदृढ़ रक्षा पंक्ति ने जिंदल पैंथर को गोल करने का मौका नहीं दिया, जबकि अरामबुरु ने एक और गोल कर बढ़त को 5-2 तक पहुंचा दिया। तीसरे चक्कर में जिंदल पैंथर ने जोरदार वापसी की कोशिश की। जुआन ग्रिस जावालेत्ता के नेतृत्व में टीम ने लगातार गोल किए और स्कोर को 6-5 तक पहुंचा दिया। हालांकि जयपुर ने अपनी बढ़त बनाए रखी। चौथे चक्कर में मुकाबला काफी रोमांचक हो गया, जहां दोनों टीमों ने तेजी से गोल किए। महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने अहम समय पर गोल कर जयपुर को बढ़त दिलाए रखी, जबकि जावालेत्ता ने जिंदल पैंथर को मुकाबले में बनाए रखा। इस चक्कर के अंत तक स्कोर 8-7 रहा। पांचवें चक्कर में जयपुर ने एक बार फिर दबदबा बनाया। अलेजो अरामबुरु ने निर्णायक गोल करते हुए टीम को 11-8 की मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। अंतिम चक्कर में जिंदल पैंथर ने वापसी की कोशिश की, लेकिन जयपुर ने संयम बनाए रखा। एक और गोल के साथ जयपुर ने मुकाबला 12-9 से जीत लिया और खिताब पर कब्जा जमाया। इस जीत के साथ जयपुर टीम ने पूरे सत्र में अपने दबदबे को एक बार फिर साबित कर दिया।

# मेजर लीग सॉकर: लियोनेल मेसी के गोल से इंटर मियामी की न्यूयॉर्क सिटी पर शानदार जीत

न्यूयॉर्क। मेजर लीग सॉकर में रविवार को खेले गए मुकाबले में इंटर मियामी ने शानदार वापसी करते हुए न्यूयॉर्क सिटी को 3-2 से हरा दिया। मैच का निर्णायक गोल मिकाएल दोस सैंटोस ने 74वें मिनट में किया। इंटर मियामी के लिए लियोनेल मेसी ने भी अहम गोल दागा, जो उनके करियर का 901वां गोल रहा। इसके अलावा गोंजालो लुजान ने भी अपनी टीम के लिए पहला गोल किया। इस जीत के साथ इंटर मियामी ने शानदार वापसी की और महत्वपूर्ण अंक हासिल किए। मुकाबले में न्यूयॉर्क सिटी की ओर से निकोलस फर्नांडीज मर्काउ और अगस्टिन ओहेदा ने गोल किए। 59वें मिनट में मैक्सी मोरालेज के बेहतरीन पास पर ओहेदा ने गोल कर टीम को 2-1 की बढ़त दिलाई थी। हालांकि, इसके तुरंत बाद इंटर मियामी को फ्री किक मिली, जिस पर मेसी का शॉट डिफ्लेक्ट होकर गोल में चला गया और स्कोर 2-2 से बराबर हो गया।

# रिजर्व बैंक ने वीआरआर नीलामी के जरिये बैंकिंग प्रणाली में डाले 79,256 करोड़ रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सोमवार को बैंकिंग प्रणाली में एकदिवसीय 'वैरिएबल रेट रेपो' (वीआरआर) नीलामी के जरिये 79,256 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली है।

आरबीआई के अनुसार यह धनराशि 5.26 फीसदी की 'कट-ऑफ' और भारित औसत दर पर डाली गई। यह राशि एक लाख करोड़ रुपये की अधिसूचित राशि की तुलना में काफी कम रही। अग्रिम कर भुगतान के कारण बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष नकदी में तेज गिरावट आई है। दरअसल, बैंकिंग प्रणाली में 23 मार्च तक नकदी का घाटा करीब 65,395.64 करोड़ रुपये आंका गया है। इससे पहले 20 मार्च को रिजर्व बैंक ने तीन दिन की वीआरआर नीलामी के जरिये बैंकिंग प्रणाली में 25,101 करोड़ रुपये की अस्थायी नकदी डाली थी। केंद्रीय बैंक ने




17 मार्च को 7 दिन की वीआरआर नीलामी के जरिए 48,014 करोड़ रुपये की नकदी डाली थी। इसके अलावा, जनव 2026 से अब तक आरबीआई ने सरकारी प्रतिभूतियों की खुले बाजार में खरीद के माध्यम से बैंकिंग प्रणली में 3.50 लाख करोड़ रुपये की स्थायी नकदी डाली है।

# दिल्ली आर्थिक समीक्षा 2025-26 पेश,प्रति व्यक्ति आय 5.31 लाख रुपये रहने का अनुमान

एजेंसी




नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने विधानसभा में आर्थिक समीक्षा 2025-26 सोमवार को पेश की। आर्थिक समीक्षा के अनुसार, प्रति व्यक्ति आय मौजूदा कीमतों पर अग्रिम अनुमान के अनुसार 2025-26 में 5,31,610 रुपये तक पहुंचने की संभावना है जो 2024-25 के मुकाबले 7.92 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। समीक्षा के अनुसार, 2025-26 के दौरान दिल्ली की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से लगभग ढाई गुना अधिक रहने का अनुमान है। 2025-26 के लिए अनुमानित राजस्व अधिशेष 9,661.31 करोड़ रुपये है जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 0.73 प्रतिशत है। मौजूदा कीमतों पर 2025-26 के दौरान दिल्ली का सकल राज्य घरेलू उत्पाद अग्रिम अनुमान के अनुसार 13,27,055 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है जो 2024-25 की तुलना में 9.42 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसमें कहा गया कि 2025-26 में दिल्ली सरकार का कर संग्रह सालाना आधार पर 15.54 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025-26 का बजट 1,00,000 करोड़ रुपये का था, जिसमें से 59,300 करोड़ रुपये दिल्ली सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों तथा परियोजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं। यह राशि 2024-25 के बजट अनुमान में निर्धारित 39,000 करोड़ रुपये की तुलना में 20,300 करोड़ रुपये अधिक है।

# संक्षिप्त समाचार

## रतलामी सेवा को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रयास करें उद्यमी : मंत्री

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्री चेतन कुमार कश्यप ने उद्यमियों से अपील की है कि वे भौगोलिक संकेतक (जीआई) दर्जे का अधिकतम उपयोग कर रतलामी सेव को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ावा दें। रतलाम की प्रसिद्ध कुरकुरी नमकीन रतलामी सेव को वर्ष 2014 में जीआई का दर्जा मिला था, जिसे 2024 में नवीनीकृत किया गया है। भौगोलिक संकेतक यह प्रमाणित करता है कि कोई उत्पाद किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र से संबंधित है। यह उत्पाद की विशिष्टता को रेखांकित करता है, पारंपरिक उत्पादों की प्रामाणिकता की रक्षा करता है और क्षेत्रीय विरासत को बढ़ावा देता है। रतलाम में रविवार को आयोजित 'एक जिला एक उत्पाद' (ओडीओपी) सम्मेलन को संबोधित करते हुए कश्यप ने कहा, सभी को यह सुनिश्चित करने का प्रयास करना चाहिए कि रतलामी सेव अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप विश्वस्तरीय उत्पाद बने। उन्होंने कहा कि ओडीओपी योजना का मुख्य उद्देश्य जीआई के दर्जे, ब्रांडिंग और विपणन के माध्यम से जिले के पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना है। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से रतलामी सेव, शिवपुरी के जैकेट और मुरैना के गजक जैसे उत्पाद प्रदेश की पहचान बन गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी रतलामी सेव का उल्लेख किया है, जिससे इसे अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली है। कश्यप ने कहा कि प्रधानमंत्री एमएसएमई क्षेत्र को देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ मानते हैं और स्थानीय उद्यमों के विकास को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने को प्राथमिकता देते हुए औद्योगिक विकास को गति दी है और निवेश के अनुकूल वातावरण बनाने के लिए औद्योगिक नीति को सरल किया है। मंत्री ने उद्यमियों से जिले में आकर रतलामी सेव के कारोबार को आगे बढ़ाने का आह्वान किया और इस दिशा में सरकार की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कश्यप ने रतलामी सेव को जीआई दर्जा दिलाने वाले शैलेन्द्र गांधी को सम्मानित किया। कार्यक्रम में रतलामी सेव की उत्पत्ति, विकास यात्रा और विशेषताओं पर एक डिजिटल प्रस्तुति दी गई तथा प्रतिभागियों को इसके ऐतिहासिक और व्यावसायिक महत्व, विपणन और लॉजिस्टिक्स की जानकारी दी गई। कश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री यादव के नेतृत्व में प्रदेश में औद्योगिक विकास की दिशा में तेजी से प्रगति हो रही है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि का योगदान 30 से 40 प्रतिशत है, जबकि उद्योग का योगदान 20 प्रतिशत है, जिसे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि राज्य की औद्योगिक संभावनाओं को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें स्थानीय और विदेशी निवेशकों को आमंत्रित किया जा रहा है।

## कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हम्पी की जगह यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक

**नयी दिल्ली।** यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक को साइप्रस में होने वाले आगामी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में कोनेरू हम्पी की जगह शामिल किया गया है चूंकि भारतीय ग्रैंडमास्टर ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के चलते सुरक्षा कारणों से नाम वापिस ले लिया था। शनिवार से पाफोस में शुरू हो रहे इस टूर्नामेंट से विश्व चैम्पियनशिप खिताब के चैलेंजर का निर्धारण होगा। इस समय ओपन वर्ग में डी गुकेश और महिला वर्ग में जू वेंजुन विश्व चैम्पियन हैं। दो बार महिला विश्व रैपिड चैम्पियन हम्पी ने आयोजकों से आश्वासन मिलने के बावजूद निजी सुरक्षा को लेकर चिंता का हवाला देते हुए टूर्नामेंट से नाम वापिस ले लिया। इस महीने की शुरूआत में साइप्रस में एक ब्रिटिश एयर बेस पर ड्रोन हमला हुआ था जिससे सुरक्षा को लेकर चिंता बढ गई है। फिडे ने एक बयान में कहा ,'' टूर्नामेंट के नियमों के अनुसार हम्पी की जगह महिला इवेंट्स सीरिज 2024 . 25 में अगला सर्वश्रेष्ठ स्थान पाने वाली खिलाड़ी को दी गई है जिसने अभी तक क्वालीफाई नहीं किया है। यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक यह टूर्नामेंट खेलेंगी। वह महिला विश्व रैपिड चैम्पियन (2016) और दो बार महिला विश्व ब्लिट्ज चैम्पियन (2014 और 2016) रह चुकी हैं। इससे पहले हम्पी ने एक्स पर जारी बयान में कहा ,'' काफी सोच विचारकर मैने फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट से बाहर रहने का कठिन फैसला किया है। उन्होंने कहा,'' कोई भी टूर्नामेंट , कितना भी बड़ा क्यों नहीं हो, निजी सुरक्षा से बढकर नहीं हो सकता। तमाम आश्वासनों के बावजूद मुझे मौजूदा हालात में वहां जाना सुरक्षित नहीं लगता। यह दुखद है लेकिन जरूरी फैसला है।'' हम्पी पर इस फैसले के लिये 10000 यूरो जुर्माना लग सकता है हालांकि फिडे ने अभी इस पर फैसला नहीं लिया है। हम्पी के नाम वापिस लेने से भारत की उम्मीदों को झटका लगा है।

# अदाणी ग्रीन एनर्जी ने गुजरात में 510 मेगावाट क्षमता की बिजली परियोजनाएं शुरू कीं




एजेंसी

नयी दिल्ली। अदाणी ग्रीन एनर्जी ने गुजरात के खावड़ा में 510 मेगावाट क्षमता की बिजली परियोजनाएं शुरू कर दी हैं। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि इन संयंत्रों के चालू होने के साथ ही उसकी कुल संचालित नवीकरणीय बिजली उत्पादन क्षमता बढ़कर 17,982.3 मेगावाट हो गई है। ये 510.1 मेगावाट की कुल क्षमता वाली बिजली परियोजनाएं उसकी अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से चालू की गई हैं। आवश्यक मंजूरियां मिलने के बाद इन संयंत्रों को 22 मार्च से चालू करने और बिजली उत्पादन शुरू करने का निर्णय लिया गया था। अदाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड भारत की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनियों में से एक है।

# सोना और चांदी की कीमत में मामूली गिरावट

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सांकेतिक कमजोरी का रुख नजर आ रहा है। आज सोमवार के दिन कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,45,960 रुपये से लेकर 1,46,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,33,790 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,33,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु आज दिल्ली सर्राफा बाजार में 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,46,110 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,45,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,790



रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,46,010 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,45,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,33,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,45,960 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,33,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,46,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,33,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,33,840 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,46,110 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,940 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,45,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# पंजाब के पूर्व मंत्री भुल्लर गिरफ्तार

एजेंसी

चंडीगढ़। पंजाब पुलिस ने अमृतसर में वेयरहाउस के जिला प्रबंधक के आत्महत्या मामले में पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर को गिरफ्तार कर लिया है। पंजाब पुलिस ने यह कार्रवाई ऐसे समय में की, जब सोमवार को कई सांसदों ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर इस केस की सीबीआई जांच करवाने की मांग की।

अमृतसर में बीते शनिवार को वेयरहाउसिंग के जिला प्रबंधक गगनदीप रंधावा ने आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या के दौरान उन्होंने एक वीडियो बनाकर वायरल किया, जिसमें पंजाब के तत्कालीन परिवहन मंत्री लालजीत भुल्लर समेत कई लोगों के नाम लिए गए। इसके बाद पंजाब पुलिस ने लालजीत भुल्लर, उनके पिता सुखदेव भुल्लर तथा निजी सचिव दिलबाग सिंह के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया। रविवार को पंजाब के सभी राजनीतिक दलों ने चंडीगढ़ में भुल्लर की गिरफ्तारी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया था। इसी दौरान सोमवार को रंधावा आत्महत्या प्रकरण में पंजाब पुलिस ने लालजीत भुल्लर को गिरफ्तार कर लिया। अमृतसर के डीसीपी रविंदर पाल ने कहा कि फतेहगढ़ साहब पुलिस की मदद से लालजीत सिंह भुल्लर को मंडी गोबिंदगढ़ से गिरफ्तार किया है। भुल्लर को अमृतसर की अदालत में पेश किया जाएगा। लालजीत सिंह भुल्लर ने सोशल मीडिया (फ़ेसबुक) पर पोस्ट डालकर दावा किया कि उन्होंने सरेंडर किया है। इसी दौरान पंजाब के सांसदों ने आज गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात करके इस मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग उठाई। कांग्रेस के 7 में से 4 सांसदों ने अमित शाह को इस संबंध में पत्र लिखा। इस पत्र पर जालंधर से सांसद चरणजीत सिंह चन्नी, गुरदासपुर से सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा, अमृतसर के सांसद गुरजीत सिंह औजला और पटियाला से सांसद धर्मवीर गांधी के हस्ताक्षर हैं। इसके साथ अकाली दल की बठिंडा से सांसद हरसिमरत कौर बादल ने भी अलग से पत्र लिखकर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की अपील की है।

### वेयर हाउसिंग जिला प्रबंधक आत्महत्या केस : कांग्रेस व अकाली सांसदों ने केस सीबीआई को सौंपने की उठाई मांग

### सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को लगायी फटकार

# सरकार का कर्तव्य विकास कार्यों को सुगम बनाना है

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें चिंगरीहाटा में मेट्रो की ऑरेंज लाइन के 366 मीटर के हिस्से के निर्माण के लिए लगातार दो सप्ताहांत की रातों में यातायात रोकने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश को चुनौती दी गई थी।

मुख्य न्यायाधीश सूर्य कांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश में कोई खामी नहीं पाई गयी और राज्य का रुख परियोजना में देरी करने और उसे रोकने के उद्देश्य से एक अड़ियल रवैये को दर्शाता है। न्यायालय ने कहा कि अस्थायी यातायात प्रतिबंधों से बचने के लिए त्योहारों के सीजन और आगामी चुनावों का हवाला देना अनुचित है



और यह एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक परिवहन परियोजना को आगे बढ़ाने में अनिच्छा को दर्शाता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों को त्योहारों या आगामी चुनावों के आधार पर रोका नहीं जा सकता है। पीठ ने जोर दिया कि एक लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार का कर्तव्य ऐसे विकास कार्यों को बाधित करने के बजाय सुगम बनाना है, न कि विकास गतिविधियों पर त्योहारों को प्राथमिकता देना। न्यायमूर्ति बागची ने कहा कि अदालत एक लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार से यह उम्मीद नहीं करती है कि वह इस तरह के विकास कार्य की अनदेखी करने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाए। राज्य सरकार को यह बताते हुए कि यह इच्छा का नहीं बल्कि कर्तव्य का सवाल है, पीठ ने कहा कि राज्य विकास की तुलना में त्योहारों को अधिक महत्वपूर्ण मान रहा है। साथ ही पीठ ने सवाल किया कि क्या ऐसी प्राथमिकताएं तब उचित हैं जब एक बड़ी परिवहन परियोजना शामिल हो। आगामी चुनावों के संबंध में दी गई दलील पर न्यायालय ने कहा कि परियोजना आदर्श आचार संहिता लागू होने से काफी पहले शुरू हो गई थी और उस आधार पर इसे रोका नहीं जा सकता। न्यायालय ने जोर देकर कहा कि ऐसे आधारों का उपयोग आवश्यक सार्वजनिक कार्यों में देरी करने के बहाने के रूप में नहीं किया जा सकता है।

# प्रधानमंत्री ने फिर से आत्म-प्रशंसा और 'डॉयलागबाजी' की : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर जो वक्तव्य दिया, वो 'आत्म-प्रशंसा, कायरता और डॉयलागबाजी' से भरा हुआ था तथा ईरान पर हमले की निंदा भी नहीं की गई।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा कोविड काल के समय का उल्लेख करना चिंताजनक है क्योंकि उस वक्त सरकार की प्रतिक्रिया विनाशकारी थी। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आज लोकसभा में प्रधानमंत्री का अस्वाभाविक रूप से छोटा भाषण, हमेशा की तरह आत्मप्रशंसा, कायरता और 'डॉयलागबाजी' वाला था। ईरान पर जारी अमेरिकी-इजराइल हवाई हमलों की निंदा में एक भी शब्द नहीं कहा गया। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों और होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का हमला निश्चित रूप से पूरी तरह से अस्वीकार्य है, लेकिन शासन परिवर्तन और राज्य के पतन के उद्देश्य से ईरान पर लगातार बमबारी भी अस्वीकार्य है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''प्रधानमंत्री ने भारत के आर्थिक विकास रिकॉर्ड पर भी अपना बड़बोलापन जारी रखा। कुछ दिन पहले, उनके अपने पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार ने चेतावनी दी थी कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में भारत की आर्थिक वृद्धि को बढ़ा-चढ़ाकर बताया गया था। ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री का मानना है कि अगर वह इस बेहद विश्वसनीय और परेशान करने वाली रिपोर्ट से खुद को नहीं जोड़ते हैं तो इससे बच सकते हैं। उन्होंने कहा, ''अंततः प्रधानमंत्री का कोविड-19 महामारी का आह्वान चिंताजनक है। उनकी सरकार की प्रतिक्रिया विशिष्ट रूप से विनाशकारी थी। राष्ट्र उन अत्यधिक निराशाजनक दृश्यों को नहीं भूल सकता जो तब बहुत सामान्य हो गए थे, लाखों प्रवासी नंगे पैर अपने घरों की ओर चल रहे थे, हजारों लोग ऑक्सीजन की कमी से मर रहे थे और लाखों लोग बेरोजगार हो गए थे। उन्होंने कहा, ''हम केवल यह आशा कर सकते हैं कि इस बार अधिक तैयारी होगी।

# पश्चिम एशिया में गतिरोध की ओर बढ़ रहा है युद्ध

एजेंसी

नयी दिल्ली। ईरान युद्ध अब चौथे सप्ताह में प्रवेश कर चुका है और इसके तत्काल समाप्त होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है।

अब तक के मौजूदा आकलन एवं रिपोर्टों से पता चलता है कि युद्ध वास्तव में एक लंबे और जटिल गतिरोध में बदल गया है, जिसमें सामरिक सफलताओं के साथ-साथ महत्वपूर्ण रणनीतिक गलत आंकलन भी शामिल हैं, विशेष रूप से अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरानी सैन्य क्षमताओं एवं सामर्थ्य के संदर्भ गलत अनुमान लगाया गया था। अमेरिका और इज़रायल दोनों को शायद यह भ्रम था कि अयातुल्ला अली खामेनेई और अन्य ईरानी नेताओं की लक्षित हत्याओं से युद्ध समाप्त हो जाएगा और ईरान जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा, जैसा कि 2025 में ईरानी परमाणु सुविधाओं पर हमले या 2020 में इराक में ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या के समय हुआ था। हर बार ईरान ने इस तरह की जवाबी कार्रवाई नहीं की, जैसी वह अब कर रहा है। इसके अलावा, वेनेजुएला में कुछ घंटों तक चले और बिना किसी प्रतिरोध के सफल अभियान के बाद अमेरिका आत्मसंतुष्ट हो गया था। लेकिन इस बार ईरान ने अमेरिका को गलत साबित कर दिया। यही अमेरिका की सबसे बड़ी गलती थी। हालांकि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ गहन सैन्य अभियान चलाए हैं लेकिन कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां अमेरिका और इज़रायल अति आत्मविश्वास से भरे हुए थे और लापरवाह हो गए। खबरों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्वीकार किया है कि ईरान द्वारा एक साथ कई अमेरिकी और इज़रायली ठिकानों पर किए गए हमले ने उन्हें चौंका दिया। ईरान से 4000 किलोमीटर दूर हिंद महासागर क्षेत्र में स्थित डिएगो गार्सिया पर ईरान द्वारा किए गए मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल हमले ने युद्ध को एक नया आयाम दिया क्योंकि इससे ईरानी मिसाइलों की लंबी दूरी की मारक क्षमता का पता चला। इसके अलावा, 22 मार्च को दक्षिण दिमोना शहर में इजरायल के परमाणु संयंत्रों पर ईरानी मिसाइल हमले ने इजरायली मिसाइल रक्षा प्रणाली की कमजोरी को उजागर किया। इजरायली अधिकारियों ने कहा कि वे इस बात की जांच करेंगे कि इजरायली इंटरसेप्टर आने वाली मिसाइलों को रोकने में क्यों विफल रहे। ईरानी नेताओं ने बार-बार कहा है कि अगर अमेरिका और इज़रायल ईरान में जमीनी सेना भेजते हैं तो उन्हें अप्रत्याशित परिणामों का सामनाकरना पड़ेगा। जून 2025 और फिर फरवरी 2026 में परमाणु और सैन्य अवसंरचना पर बड़े हमलों के बावजूद, ईरान की सरकार नहीं गिरी जैसा कि कुछ लोगों को उम्मीद थी। इसके बजाय, तेहरान का रुख और सख्त हो गया। कुछ विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल क्षमताओं का आकलन करने में विफल रहा। 'रोरिंग लायन' जैसे अभियानों के बाद भी ईरान ने पर्याप्त भंडार बनाकर रखा हुआ है और अमेरिकी ठिकानों और क्षेत्रीय लक्ष्यों पर जवाबी हमला कर रहा है।

## सेना प्रमुख ने उत्कृष्ट योगदान के लिए पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने सोमवार को भोपाल में पांच विशिष्ट पूर्व सैनिकों को सेवानिवृत होने के बाद भी राष्ट्र के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए 'वेटरन अचीवर्स अवार्ड' से सम्मानित किया। सेना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट में कहा कि पुरस्कार प्राप्त करने वाले सैनिकों में ब्रिगेडियर अवधेन्द्र प्रताप सिंह (सेवानिवृत्त), कर्नल एम के तिवारी (सेवानिवृत्त), मानद सूबेदार मेजर डी के सेन (सेवानिवृत्त), नायब सूबेदार जी एस मेहता (सेवानिवृत्त) और नायक एल एस राठौड़ (सेवानिवृत्त) शामिल थे, जिन्हें विभिन्न क्षेत्रों में उनके निरंतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सेना ने अपनी पोस्ट में कहा, ''सम्मानित पूर्व सैनिक वर्दी से परे निःस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हैं, विभिन्न क्षेत्रों में सार्थक योगदान देते हुए और राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य को आगे बढ़ाते हैं।

# भारतीय सेना ने श्रीलंका के चिलाव में 240 फीट लंबे एक पुल का सफलतापूर्वक निर्माण किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय सेना ने श्रीलंका में क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कोलंबो से लगभग 70 किलोमीटर उत्तर में चिलाव में 240 फीट लंबे एक पुल (बेली ब्रीज) का सफलतापूर्वक निर्माण और शुभारंभ किया है।

यह परियोजना ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारतीय सेना द्वारा निर्मित इस तरह का चौथा पुल है। नवनिर्मित पुल कोलंबो और पुट्टलम के बीच संपर्क को मजबूत करता है। इसके संचालन से तटीय क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के लचीलेपन को मजबूत करते हुए लोगों और सामानों की आवाजाही में काफी वृद्धि होने की उम्मीद है।

अपने मॉड्यूलर डिजाइन और तेजी से निर्मित हो जाने के लिए जाने वाले बेली ब्रिज दुनिया भर के सशस्त्र बलों द्वारा आपातकालीन और अस्थायी संपर्क के लिए उपयोग किए जाते रहे हैं। भारतीय सेना के पास मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) मिशनों के हिस्से के रूप में भारत के भीतर और मित्र विदेशी देशों में ऐसे पुलों को तैनात करने का व्यापक अनुभव है।

जनसूचना अतिरिक्त महानिदेशालय ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ''भारतीय सेना की इंजीनियर टास्क फोर्स ने कोलंबो से 70 किलोमीटर उत्तर में चिलाव में 240 फीट लंबा एक्स्ट्रा वाइड रीइन्फोर्स्ड हाइब्रिड बेली ब्रिज का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया है। यह श्रीलंका में ऑपरेशन सागर बंधु के तहत भारतीय सेना द्वारा निर्मित चौथा पुल है। यह पुल महत्वपूर्ण कोलंबो-पुट्टलम के बीच संपर्क को बहाल करता है, जिससे क्षेत्रीय गतिशीलता और लचीलेपन में काफी वृद्धि होती है। यह प्रयास श्रीलंका और भारत की 'पड़ोसी पहले' की नीति के प्रति देश की दृढ़ प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' की भावना को दर्शाता है।''

अधिकारियों ने कहा कि एक्स्ट्रा वाइड रीइन्फोर्स्ड हाइब्रिड बेली ब्रिज को बुनियादी ढांचे के तनाव वाले क्षेत्रों में भारी वाहनों के यातायात का समर्थन करने और दीर्घकालिक स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

ऑपरेशन सागर बंधु को पिछले साल उष्णकटिबंधीय चक्रवात दितवा के कारण हुई तबाही के बाद श्रीलंका की सहायता के लिए भारत द्वारा एक मानवीय और बुनियादी ढांचा सहायता पहल के रूप में शुरू किया गया था।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक व्यक्ति नहीं, एक संस्था हैं : शिवराज सिंह चौहान

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 8,931 दिनों के सार्वजनिक कार्यकाल को ऐतिहासिक बताते हुए उनकी जमकर सराहना की। श्री चौहान ने कहा कि श्री मोदी एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक संस्था हैं। श्री चौहान ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि श्री मोदी अब भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित सरकार के मुखिया रहने वाले नेता बन गए हैं। उन्होंने कहा कि इतने लंबे कार्यकाल को कुछ शब्दों में समेटना संभव नहीं है, क्योंकि श्री मोदी अपने आप में एक संस्था हैं। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने दिन-रात मेहनत कर देश सेवा का उदाहरण पेश किया है। उनका समर्पण और कार्यशैली हर किसी के लिए प्रेरणा है। जब प्रधानमंत्री मोदी की माता का निधन हुआ, तब भी उन्होंने अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता दी। पारिवारिक जिम्मेदारी निभाने के बाद वह तुरंत अपने तय कार्यक्रम में शामिल हुए, जो उनके कर्तव्यनिष्ठ स्वभाव को दर्शाता है। श्री चौहान ने कहा कि देश ने 2011 से 2013 के बीच के वह दिन भी देखे हैं, जब चारों ओर भ्रष्टाचार और घोटालों की चर्चा होती थी। उस समय जनता निराश थी, लेकिन श्री मोदी आशा और विश्वास के प्रतीक बनकर सामने आए। उन्होंने कहा कि 2014 में मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में विकास का एक नया दौर शुरू हुआ। आज भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और वैश्विक स्तर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं और उनका यह लंबा सार्वजनिक जीवन राष्ट्र सेवा और समर्पण का प्रतीक है।

### ईडी ने 6.85 करोड़ रुपये के ईआरडीसी ट्रस्ट धोखाधड़ी मामले में दायर किया आरोपपत्र

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 6.85 करोड़ रुपये के ईआरडीसी ट्रस्ट धोखाधड़ी मामले में आरोपपत्र दायर किया है। यह जानकारी ईडी के अहमदाबाद क्षेत्रीय कार्यालय ने सोमवार को दी। ईडी के अधिकारियों ने बताया कि यह मामला तेहमुल सेठना से जुड़ा है, जो एक चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और उन पर आरोप है कि उन्होंने ''पर्यावरण अनुसंधान एवं विकास केंद्र (ईआरडीसी)'' नामक ट्रस्ट के साथ धोखाधड़ी की। ईडी ने गुजरात पुलिस द्वारा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) के विभिन्न प्रावधानों के तहत दर्ज की गई प्राथमिकी के आधार पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) जांच शुरू की। इस प्राथमिकी में पीएमएलए के तहत आने वाले अपराध शामिल थे। जांच में पता चला कि ट्रस्ट के प्रशासनिक और वित्तीय मामलों की ज़िम्मेदारी मिलने के बाद श्री सेठना ने धोखे से ट्रस्ट के एक ट्रस्टी के हस्ताक्षर लेकर एक बैंक खाता खुलवाया। इसके बाद, उन्होंने उन हस्ताक्षरों की नक़ल करके (जाली हस्ताक्षर बनाकर) बिना अनुमति के 'बियरर चेक' जारी किये। में आवासीय फ्लैट और प्लॉट शामिल हैं को कुर्क कर लिया गया था।

### संसद में प्रधानमंत्री मोदी के बयान पर प्रियंका ने व्यापक चर्चा की रखी मांग

नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर जो बयान दिया है उसमें कोई नई बात सामने नहीं आई है। गौरतलब है कि संसद के बजट सत्र के दूसरे भाग के दौरान सोमवार को प्रधानमंत्री ने लोकसभा में पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को लेकर बयान दिया जिसमें उन्होंने भारतीय नागरिकों की सुरक्षित देशवापसी से लेकर एलपीजी जैसी जरूरी व्यवस्थाओं पर सरकार के कदमों की जानकारी दी। श्रीमती वाड्रा ने इस बयान पर प्रतिक्रिया करते हुए संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को मौजूदा परिस्थितियों से अवगत कराया है, लेकिन उनके बयान में कोई नई बात सामने नहीं आई। उन्होंने कहा, ''इस मुद्दे पर संसद में विस्तृत चर्चा होनी चाहिए, ताकि सभी पक्ष अपनी बात रख सकें और देश के सामने हर दृष्टिकोण आए। गौरतलब है कि विपक्षी दल ईरान में जारी जंग और पश्चिम एशिया में बने हालात के कारण देश में गैस की किल्लत पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। इसी मांग को दोहराते हुए कांग्रेस महासचिव ने सदन में व्यापक चर्चा की मांग रखी है।

## पेज एक का शेष

### पश्चिम एशिया...

तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करना है। जब ऐसे संकट उत्पन्न होते हैं, तो कुछ तत्व उनका फायदा उठाने की कोशिश करते हैं, इसलिए, सभी कानून और व्यवस्था एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। तटीय सुरक्षा हो, सीमा सुरक्षा हो, साइबर सुरक्षा हो या रणनीतिक प्रतिष्ठान हों, सबकी सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने वैकल्पिक ऊर्जा बढाने के लिए भारत के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में, देश ने अपनी सौर ऊर्जा क्षमता को लगभग 03 गीगावाट से बढ़ाकर 140 गीगावाट कर दिया है। पिछले एक वर्ष में, देश भर में लगभग 40 लाख रूफटॉप सोलर पैनल लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री सूर्यगढ़ मुफ्त बिजली योजना ने भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गोवर्धन योजना के तहत, देश में 200 संपीड़ित बायोगैस संयंत्र भी चालू हो गए हैं। ये सभी प्रयास देश के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रहे हैं। सरकार ने शांति अधिनियम के माध्यम से देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करके भविष्य की तैयारियों को और मजबूत किया है। हाल ही में, लघु जलविद्युत विकास योजना को भी मंजूरी दी गई है, जिससे अगले पांच वर्षों में 1500 मेगावाट की नई जलविद्युत क्षमता जुड़ेगी। श्री मोदी ने एथेनॉल का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने इथेनॉल की मात्रा 20 प्रतिशत कर दी है जिसका लाभ देश को बड़े स्तर पर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी एशिया संकट के बावजूद सरकार ने पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति पर गंभीर असर न पड़े, इसके लिए प्रयास किए हैं। देश अपनी एलपीजी की 60 प्रतिशत आवश्यकता आयात करता है। आपूर्ति में अनिश्चितता के कारण सरकार ने घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी है। इसके साथ ही एलपीजी का घरेलू उत्पादन भी बढ़ाया जा रहा है। देश भर में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रहे, इसके लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

### अमेरिका ने बुशहर...

रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच प्रत्यक्ष संवाद भले ही सीमित रहा हो, लेकिन मिस्र, कतर और ब्रिटेन जैसे देशों ने मध्यस्थ की भूमिका निभाते हुए दोनों पक्षों के बीच संदेश पहुंचाने का काम किया है। सूत्रों का कहना है कि ईरान ने बातचीत के लिए अपनी कुछ शर्तें रखी हैं, जिनमें बमबारी से हुए नुकसान का मुआवजा और भविष्य में युद्ध न होने की गारंटी शामिल है। वहीं अमेरिका की ओर से भी कई प्रमुख मांगें सामने आई हैं। इनमें ईरान के मिसाइल कार्यक्रम पर रोक, यूरेनियम संवर्धन बंद करना और परमाणु ठिकानों पर गतिविधियों को रोकना शामिल है। साथ ही, अमेरिका चाहता है कि इन गतिविधियों पर अंतरराष्ट्रीय निगरानी सुनिश्चित की जाए। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच यह वार्ता पश्चिम एशिया के लिए निर्णायक साबित हो सकती है। यदि यह कूटनीतिक पहल सफल होती है, तो न केवल दोनों देशों के बीच तनाव कम होगा, बल्कि पूरे क्षेत्र में स्थिरता और शांति की संभावना भी बढ़ेगी। फिलहाल, दुनिया की नजरें इन पांच दिनों पर टिकी हैं, जो यह तय कर सकते हैं कि पश्चिम एशिया युद्ध की दिशा में आगे बढ़ेगा या शांति की ओर।

### कोल्ड स्टोरेज...

सभी संभावित प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस आयुक्त जोगिंदर कुमार ने बताया कि राहत कार्य को तेज करने के लिए वाराणसी से एनडीआरएफ की एक टीम बुलाई गई है, जबकि एसडीआरएफ की तीन टीमें पहले से मौके पर तैनात हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, संबंधित कोल्ड स्टोरेज एक पूर्व विधायक से जुड़ा बताया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उधर, कोल्ड स्टोरेज के लाइसेंस एवं नवीनीकरण प्रक्रिया की भी जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि पूरे प्रकरण की विस्तृत जांच के बाद ही हादसे के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा।

### मेट्रो परियोजनाओं ...

जाएं। स्टेशनों और परिसरों में व्यावसायिक गतिविधियों जैसे मल्टीलेवल पार्किंग, रिटेल, फूड कोर्ट और ऑफिस स्पेस को बढ़ावा दिया जाए, विज्ञापन और डिजिटल ब्रांडिंग के अवसरों का अधिकतम उपयोग हो और मेट्रो की भूमि और अन्य परिसंपत्तियों का बेहतर ढंग से उपयोग किया जाए। ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवलपमेंट के माध्यम से बड़े स्तर पर राजस्व सृजन, भूमि मूल्य संवर्धन और निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया गया, ताकि मेट्रो परियोजनाएं दीर्घकाल में आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने निर्देश दिए कि मेट्रो के साथ मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी को मजबूत किया जाए और लास्ट माइल कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दी जाए, ताकि यात्रियों को घर से गंतव्य तक निर्बाध यात्रा मिल सके। इसके लिए मेट्रो स्टेशनों को सिटी बस, ई-रिक्शा, टैक्सी और ऐप आधारित सेवाओं से जोड़ा जाए। तीनों शहरों में अतिरिक्त पार्किंग स्थलों के विकास, फीडर रूट के निर्धारण और निजी बस सेवाओं के समन्वय पर भी तेजी से काम करने को कहा गया। बैठक में लखनऊ, कानपुर और आगरा मेट्रो परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बताया गया कि लखनऊ मेट्रो का लगभग 23 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर पूर्ण रूप से संचालित है और इसके विस्तार के अंतर्गत चारबाग से वसंत कुंज (कॉरिडोर-1बी, लगभग 11.16 किमी) को वर्ष 2030 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे पुराने लखनऊ के घनी आबादी वाले क्षेत्रों को आधुनिक कनेक्टिविटी मिलेगी। कानपुर मेट्रो परियोजना के 32.4 किलोमीटर लंबे दोनों कॉरिडोर पर कार्य तेजी से चल रहा है, जिसमें लगभग 15 किलोमीटर सेक्शन पर संचालन प्रारंभ हो चुका है और शेष कार्य को मार्च 2027 तक पूरा करने की योजना है। आगरा मेट्रो की लगभग 29.4 किलोमीटर लंबी परियोजना में प्राथमिक सेक्शन (करीब 6.5 किमी) पर संचालन जारी है तथा कॉरिडोर-1 को जून 2026 तक और कॉरिडोर-2 को चरणबद्ध रूप से वर्ष 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि मेट्रो सेवाओं का उपयोग लगातार बढ़ रहा है और लखनऊ, कानपुर तथा आगरा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री मेट्रो का उपयोग कर रहे हैं, जिससे सड़कों पर यातायात का दबाव कम हुआ है और समय की बचत हो रही है। बेहतर परिचालन प्रबंधन और ऊर्जा दक्ष तकनीकों के उपयोग से संचालन लागत में नियंत्रण रखते हुए गैर-भाड़ा आय (नॉन-फ़ेयर बॉक्स) जैसे विज्ञापन, रिटेल, ब्रांडिंग और स्टेशन परिसरों के उपयोग में वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2024-25 में लगभग 222 करोड़ रुपये की आय दर्ज की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, तकनीकी गुणवत्ता से कोई समझौता न हो, और कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। उन्होंने यह भी कहा कि जहां भी आवश्यक हो, नई तकनीकों का उपयोग कर कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाया जाए तथा आमजन को बेहतर, सुरक्षित और समयबद्ध परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता रहे।

### असहमति को ...

लेकिन दोषसिद्धि दर लगभग पांच प्रतिशत है। न्यायाधीश ने कहा, ''इससे लगातार कम दोषसिद्धि दर दिखती है। इससे क्या संकेत मिलता है? दुरुपयोग नहीं, तो अत्यधिक इस्तेमाल का, और आपराधिक न्याय प्रणाली पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है? इससे अदालतों पर कितना बोझ पड़ता है? इससे पता चलता है कि अधिकांश लोगों को गिरफ्तार तो किया गया, लेकिन उन्हें दोषी साबित नहीं किया जा सका। इससे संकेत मिलता है कि कई गिरफ्तारियां समय से पहले और पर्याप्त सबूतों के अभाव में की गईं। उच्च न्यायपालिका में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व पर उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों में उनकी संख्या केवल 14 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, ''25 उच्च न्यायालयों में से केवल दो में महिला मुख्य न्यायाधीश हैं- गुजरात और मेघालय। एक महीने में एक और महिला मुख्य न्यायाधीश बन जाएंगी। यह भी बेहद अपर्याप्त है, 25 उच्च न्यायालयों में से केवल तीन। उन्होंने कहा, ''मेरे शोध से पता चलता है कि जब भी भर्ती प्रक्रिया वस्तुनिष्ठ होती है, तो न्यायिक क्षेत्र में अधिक महिलाएं प्रवेश करती हैं। जब भारत एक विकसित राष्ट्र (विकसित भारत 2047) बनेगा, तब न्यायपालिका में लैंगिक प्रतिनिधित्व में अधिक समानता होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ऐसा स्थान होना चाहिए, जो वास्तव में देश की विविधता को दर्शाए। न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा कि विकसित देशों में बहस और असहमति के लिए अधिक गुंजाइश होनी चाहिए। उन्होंने कहा, ''बहस को अपराध नहीं माना जाना चाहिए। विभिन्न विचारों के प्रति अधिक सहिष्णुता होनी चाहिए। भिन्न विचारों का सम्मान किया जाना चाहिए। विभिन्न विचारों और आलोचनाओं के प्रति अधिक सहिष्णुता होनी चाहिए। सामाजिक असंतुलनों पर उन्होंने कहा, ''गहरी सामाजिक दरारें मौजूद हैं। विकसित भारत ऐसी दरारों को बर्दाश्त नहीं कर सकता।'' न्यायमूर्ति भुइयां ने कहा, ''माता-पिता यह ज़िद नहीं कर सकते कि उनके बच्चे दलित महिला द्वारा बनाया गया खाना न खाएं। यह विकसित भारत का मॉडल नहीं हो सकता। हम विकसित भारत की कल्पना तब नहीं कर सकते, जब दलित लोगों को गलियारों में खड़ा किया जाए और उन पर पेशाब किया जाए। यह विकास का मॉडल नहीं हो सकता। व्यक्ति के सम्मान की रक्षा की जानी चाहिए।

### पश्चिम एशिया ...

उत्पाद समूह का सूचकांक पांच प्रतिशत से ज्यादा टूट गया। धातु, रियलटी और सार्वजनिक बैंकों के समूहों में भी चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, मीडिया, तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और रसायन समेत लगभग सभी प्रमुख सेक्टरों पर काफी दबाव रहा। आईटी समूह का सूचकांक सबसे कम 0.18 प्रतिशत गिरा। एनएसई में जिन 3,420 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें 3,008 के शेयरों में गिरावट रही जबकि 332 के शेयर बढ़त में बंद हुए। अन्य 82 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन का शेयर 6.24 प्रतिशत लुढ़क गया। ट्रेंट में 5.90 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 5.20, बीईएल में 4.85, इंडिगो में 4.85, टाटा स्टील में 4.80, एचडीएफसी बैंक में 4.70, अडानी पोर्ट्स में 4.49, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 3.55, एशियन पेंट्स में 3.41 और आईटीसी में 3.17 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर 2.89 प्रतिशत, एक्सिस बैंक का 2.79, भारती एयरटेल का 2.72, एलएंडटी का 2.70, भारतीय स्टेट बैंक का 2.52, इटरनल का 2.30, बजाज फाइनेंस का 2.23, एनटीपीसी का 2.17 और बजाज फिनसर्व का 2.12 प्रतिशत नीचे बंद हुआ। मारुति सुजुकी का शेयर 1.97 प्रतिशत, आईसीआईसीआई बैंक का 1.84, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 1.43 और सनफार्मा का 1.19 प्रतिशत फिसल गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस के शेयर भी टूट गये। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.83 प्रतिशत, पावरग्रिड में 1.39 और इंफोसिस में 0.28 प्रतिशत की तेजी रही। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 3.63 प्रतिशत, हांगकांग का हैंग सेंग 3.54 प्रतिशत और जापान का निक्केई 3.48 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.57 प्रतिशत ऊपर था जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.03 प्रतिशत नीचे था।

### गेहूं का एमएसपी...

सेंटर और ग्रेटर नोएडा (बुढ़ाकी) में 174.12 एकड़ क्षेत्र में मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक पार्क विकसित करने को भी मंजूरी दी गई है। कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना के अनुसार, सरकार ने निजी बिजनेस पार्क विकास योजना को भी हरी झंडी दे दी है। इस योजना के माध्यम से सेवा क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने और औद्योगिक ढांचे को मजबूत करने का लक्ष्य है। इन फैसलों के जरिए राज्य सरकार ने किसानों को राहत देने, ऊर्जा उत्पादन को मजबूत करने, शहरों के आधुनिकीकरण और औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने की दिशा में व्यापक पहल की है।

## 'खीर सेरेमनी' के साथ बजट सत्र की शुरुआत

# मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'विकसित और हरित दिल्ली' के संकल्प को दोहराया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र सोमवार को 'खीर सेरेमनी' के साथ शुरू हुआ। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'विकसित दिल्ली, हरित दिल्ली' के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि यह बजट राजधानी के लगभग 3 करोड़ दिल्लीवासियों के सपनों को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि 'खीर सेरेमनी' न केवल बजट प्रक्रिया की पारंपरिक शुरुआत है, बल्कि यह समृद्धि, शुभता और जनकल्याण के संकल्प का प्रतीक भी है, जो आगामी बजट में दिखाई देगा।




'खीर सेरेमनी' में मुख्यमंत्री के साथ किसान, स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक, डॉक्टरों, किन्नर समाज के लोग, महिला ड्राइवर, मीडियाकर्मियों ने भाग लिया। किसानों ने मुख्यमंत्री को पारंपरिक रूप से पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंद्र इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा सहित विधायक उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का यह दूसरा बजट दिल्ली के विकास की गति को और तेज करने वाला होगा। यह बजट न केवल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करेगा, बल्कि दिल्लीवासियों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का माध्यम भी बनेगा। यह बजट एक ऐसे दिल्ली के निर्माण की दिशा में अग्रसर है, जहां नागरिक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं, उत्कृष्ट शिक्षा, सुदृढ़ आधारभूत संरचना और स्वच्छ एवं हरित वातावरण में जीवन यापन कर सकें। इस बजट में छात्रों के लिए बेहतर सुविधाएं, स्वास्थ्य क्षेत्र में सुदृढ़ इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वच्छता, प्रदूषण नियंत्रण और हरित परिवेश को प्राथमिकता दी जा रही है। रेखा गुप्ता ने कहा कि 'विकसित दिल्ली, हरित दिल्ली' केवल एक नारा नहीं, बल्कि सरकार का स्पष्ट विजन है, जिसके माध्यम से एक सकारात्मक, सुरक्षित और समृद्ध वातावरण तैयार किया जाएगा, जहां आमजन सुख और संतोष के साथ जीवन व्यतीत कर सकें।

# दिल्ली विधानसभा के बाहर आआपा विधायकों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायकों ने सोमवार को विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पार्टी के विधायकों के निलंबन के विरोध में किया गया।

आआपा विधायकों ने विधानसभा परिसर के बाहर एक प्रतीकात्मक मार्च निकाला और अपनी बात रखने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने बैरिकेडिंग की थी। इस पर आतिशी ने कहा कि जनता द्वारा चुने हुए विधायकों को विधानसभा तक जाने से रोका जा रहा है, सड़क पर बैरिकेड लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है।उन्होंने दावा किया कि विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने आआपा के विधायकों के निलंबन को लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर हमला बताया। आतिशी ने कहा कि विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है, लेकिन विपक्ष की आवाज को कुचलने के लिए चुने हुए विधायकों को सस्पेंड कर दिया गया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार बिजली, पानी अस्पतालों की बदहाली और हालिया अग्निकांड पर बात करने से भाग रही है। उल्लेखनीय है कि जनवरी में शीतकालीन सत्र के दौरान सदन की कार्यवाही में बाधा डालने के आरोप में आआपा के चार विधायकों को निलंबित कर दिया गया था। उनका निलंबन अभी भी जारी है क्योंकि सदन के पिछले सत्र का अभी सत्रावकाश नहीं किया गया है।




# सुपौल में ईवीएम/वीवीपेट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुपौल। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशों के आलोक में सुपौल स्थित ईवीएम/वीवीपेट वेयरहाउस का नियमित निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में आज दिनांक 23 मार्च को पूर्वाह्न 11:00 बजे जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह जिलाधिकारी द्वारा मार्च माह का आंतरिक निरीक्षण किया गया। निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार वेयरहाउस का प्रत्येक माह बाह्य निरीक्षण तथा प्रत्येक तीन माह पर आंतरिक निरीक्षण अनिवार्य है। इसी प्रक्रिया के तहत किए गए इस निरीक्षण के दौरान सुरक्षा एवं संरक्षा से जुड़े सभी पहलुओं की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक सुपौल, अग्निशमन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी सहित जिले के सभी



राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त उप निर्वाचन पदाधिकारी, सुपौल भी मौके पर मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, अग्नि सुरक्षा, विद्युत आपूर्ति तथा भवन की संरचना की स्थिति का जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा इस तरह के नियमित निरीक्षण से चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

# राज्यपाल ने किया 70वें अखिल भारतीय दर्शन परिषद का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सारण। जयप्रकाश विश्वविद्यालय में बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने अखिल भारतीय दर्शन परिषद के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन सोमवार को किया।

राज्यपाल सह कुलाधिपति को सारण पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिसके पश्चात उन्होंने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कुलाधिपति ने विश्वविद्यालय परिसर में नवनिर्मित दो महिला छात्रावासों और एक केंद्रीय पुस्तकालय का लोकार्पण किया। अधिवेशन को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने कहा राष्ट्रीय सुरक्षा का अर्थ केवल सीमाओं की रक्षा करना नहीं है बल्कि अपनी संस्कृति सोच और मूल्यों की रक्षा करना भी है कुलाधिपति ने अधिवेशन में उपस्थित दर्शनशास्त्रियों और शोधार्थियों को इंटेलेक्चुअल वॉरियर्स की संज्ञा दी। उन्होंने



कहा कि जब हम सीमाओं के साथ-साथ अपनी सभ्यता और मूल्यों को सुरक्षित रखते हैं, तभी राष्ट्र की सुरक्षा पूर्ण होती है। राज्यपाल ने सारण के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए कहा कि वैदिक काल से ही यह भूमि चिंतन और वैचारिक क्रांति की केंद्र रही है। उन्होंने देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, लोकनायक जयप्रकाश नारायण, लोककवि भिखारी ठाकुर और महेंद्र मिश्र जैसे विभूतियों का उल्लेख करते हुए बताया कि इन महापुरुषों ने न केवल बिहार बल्कि पूरे भारत को नई ऊर्जा और संस्कार दिए हैं। जेपी की 'संपूर्ण क्रांति' पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह महज राजनीतिक बदलाव नहीं, बल्कि एक नैतिक और मानवीय परिवर्तन का आह्वान था, जिसकी प्रासंगिकता आज भी उतनी ही है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेयी ने महामहिम का स्वागत किया और संस्थान की प्रगति रिपोर्ट पेश की। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विश्वविद्यालय जेपी के सपनों और आदर्शों को साकार करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार समेत कई प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षाविद् उपस्थित रहे।

## होशियारपुर के तलवाड़ा में बंदूक साफ करते समय अचानक चली गोली, बैंक सुरक्षा गार्ड घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

होशियारपुर। पंजाब में होशियारपुर जिले के तलवाड़ा कस्बे में सोमवार को अपनी डबल बैरल बंदूक साफ करने के दौरान दुर्घटनावश गोली चलने से एक बैंक सुरक्षा गार्ड घायल हो गया।

पुलिस ने इस घटना की जानकारी साझा करते हुए कहा कि घायल की पहचान गुरमेल सिंह (निवासी गांव मद्दीपुर, थाना दसूहा) के रूप में हुई है। वह तलवाड़ा में पंजाब नेशनल बैंक की एक शाखा में गनमैन के पद पर तैनात थे। पुलिस के अनुसार, यह घटना दोपहर करीब एक बजे हुई जब सफाई के दौरान हथियार से गलती से गोली चल गई और वह घायल हो गया। बैंक अधिकारियों ने तुरंत सिंह को तलवाड़ा के बीबीएमबी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जालंधर के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

## मोहाली में दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट के नाम पर लाखों की ठगी में मामला दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहाली। पंजाब के मोहाली जिले में मशहूर पंजाबी गायक दिलजीत डोसाँझ के म्यूजिक कॉन्सर्ट की नकली टिकटें बेचकर लाखों रुपये ठगने का मामला सामने आया है। इस मामले में एक महिला सहित कई लोगों के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। शिकायतकर्ता निखिल गर्ग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी महिला सिमरन और उसके साथियों ने 14 दिसंबर 2024 को चंडीगढ़ में आयोजित दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट के लिए उन्हें टिकटें उपलब्ध कराने का दावा किया। आरोपियों ने भरोसा दिलाया कि टिकट पूरी तरह असली हैं और सीमित संख्या में उपलब्ध हैं। इस पर विश्वास करते हुए शिकायतकर्ता ने आरोपियों को करीब साढ़े तीन लाख रुपये दे दिए।विस्तृत

# चैती छठ को लेकर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। भागलपुर के बरारी सीढ़ी घाट पर आस्था के महापर्व चैती छठ के दूसरे दिन सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

छठ व्रतियों ने गंगा घाट पर पहुंचकर पवित्र गंगा स्नान किया और घाट किनारे पूजा-अर्चना की। इसके बाद व्रतियों ने गंगाजल भरकर अपने-अपने घरों के लिए प्रस्थान किया। सोमवार को छठ व्रती पूरे दिन निर्जला व्रत रखते हैं और शाम में मिट्टी के चूल्हे पर गन्ने के रस से बनी खीर और रोटी बनाकर सूर्य भगवान को अर्पित करेंगे। प्रसाद ग्रहण करने के बाद छठ व्रती 36 घंटे के कठिन निर्जला उपवास का संकल्प लेते हैं। छठ महापर्व के तीसरे दिन 24 मार्च को डूबते सूर्य को और 25 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके साथ ही आस्था के इस



महापर्व का समापन होगा। मान्यता है कि यह पर्व सूर्य देव और छठी मैया की आराधना का महापर्व है, जो परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और संतान के कल्याण के लिए किया जाता है। छठ महापर्व को लेकर भागलपुर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया है और बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। गंगा घाट पर स्नान करने पहुंची छठ व्रती श्वेता भारती ने बताया कि वह कई वर्षों से छठ व्रत कर रही हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने छठ मैया से दो पुत्रियों की कामना की थी, जो पूरी हो गई। इसी खुशी में वह इस वर्ष छठ पूजा धूमधाम से कर रही हैं। वहीं गंगा तट पर प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। एसडीआरएफ टीम के हवलदार संजू सुमन, नवीन कुमार सहित आपदा मित्र तुलसी यादव, अमित कुमार, रूपेश कुमार, संजीव कुमार, अमरजीत कुमार, मोहम्मद आबिद, जनार्दन राम, सनी कुमार, गोरेलाल, मोहम्मद मुस्तकीम, सुशील यादव, सनोज पासवान और नीतीश कुमार को घाटों पर तैनात किया गया है, ताकि छठ व्रतियों और आम लोगों के साथ किसी प्रकार की अनहोनी न हो। सभी एसडीआरएफ टीम और आपदा मित्र अपने-अपने घाटों पर मुस्तैदी से डटे नजर आए।

## केजरीवाल ने शहीद दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु को दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शहीद दिवस पर देश के महान क्रांतिकारियों- भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की।



केजरीवाल ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि इन वीर सपूतों का बलिदान, देशभक्ति और साहस सदैव आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। इन महान क्रांतिकारियों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1931 में ब्रिटिश हुकूमत ने भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु को फांसी दी थी। इन तीनों क्रांतिकारियों ने भारत की आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# देवभूमि का गौरव पुनर्स्थापित करने का संकल्प साकार की ओर: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों के सपनों के अनुरूप देवभूमि के गौरव को पुनर्स्थापित करने का संकल्प अब तेजी से सिद्धि की ओर बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार रोजगार सृजन, पारदर्शिता और सख्त कानून व्यवस्था को प्राथमिकता दे रही है। राज्य की आर्थिकी में वृद्धि के साथ स्टार्टअप की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।

सोमवार को उत्तराखंड सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर परेड ग्राउंड पर आयोजित 'चार साल बेमिसाल' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया और विभागीय प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चार वर्ष पूर्व जनता ने सभी राजनीतिक मिथकों को तोड़ते हुए उन्हें पुनः सेवा का अवसर दिया था। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री मोदी की ओर केदारनाथ धाम से दिए गए

**■ राज्य सरकार के चार साल पूरे होने पर आयोजित हुआ चार साल बेमिसाल कार्यक्रमकई विकास परियोजनाओं का मुख्यमंत्री धामी ने शिलान्यास और लोकार्पण भी किया**

'21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा' के संदेश को राज्य सरकार संकल्प के रूप में लेकर कार्य कर रही है। बीते चार वर्षों में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेल और हवाई कनेक्टिविटी को मजबूत कर नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि



राज्य में पहली बार जी-20 बैठकों, राष्ट्रीय खेलों और ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट जैसे बड़े आयोजनों का सफल आयोजन हुआ। निवेश सम्मेलन में 3.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक के प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतारा जा चुका है। मुख्यमंत्री के अनुसार राज्य की आर्थिकी में डेढ़ गुना से अधिक वृद्धि दर्ज की गई है, जबकि पिछले एक वर्ष में जीएसडीपी में 7.23 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रतिव्यक्ति आय में 41 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। राज्य में 20 हजार से अधिक नए उद्योग स्थापित हुए हैं और स्टार्टअप की संख्या 700 से बढ़कर लगभग 1750 हो गई है। उन्होंने बताया कि 2.65 लाख से अधिक महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाया गया है तथा रिवर्स पलायन में 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नीति आयोग के सतत विकास लक्ष्य इंडेक्स 2023-24 में उत्तराखंड को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसके अलावा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में 'अचीवर्स' व स्टार्टअप रैंकिंग में 'लीडर्स' श्रेणी में स्थान मिला है। खनन तत्परता सूचकांक में राज्य को देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नई कार्य संस्कृति विकसित की गई है, जिसके तहत योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। देहरादून में 1400 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि नकल विरोधी कानून लागू कर भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है, जिसके परिणामस्वरूप 30 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियां मिली हैं और 100 से अधिक नकल माफिया जेल भेजे गए हैं।

# जल्द साकार होगा खेल विश्वविद्यालय का सपना : रेखा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

हल्द्वानी। उत्तराखंड में प्रस्तावित खेल विश्वविद्यालय को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। खेल मंत्री रेखा आर्या ने हल्द्वानी के गौलापार स्थित उस भूमि का निरीक्षण किया, जहां इस महत्वाकांक्षी परियोजना का निर्माण प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इसे प्रदेश के खेल भविष्य के लिए ऐतिहासिक कदम बताया।

मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि यह स्थान केवल जमीन का एक टुकड़ा नहीं, बल्कि वर्षों के संकल्प, संघर्ष और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा, ल्यहां बनने वाला खेल विश्वविद्यालय प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को नई दिशा देगा और उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का मंच प्रदान करेगा। यह आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव साबित होगा। उन्होंने आगे कहा कि खेल मंत्री के रूप में युवाओं और खिलाड़ियों के लिए जो सपना देखा गया था, वह अब साकार होता नजर आ रहा है। इस परियोजना को साकार करने में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्होंने उनका आभार जताया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विश्वविद्यालय का एकेडमिक ब्लॉक और प्रशासनिक भवन तैयार है और आगामी सत्र से कक्षाओं का संचालन शुरू करने की योजना है। इस दौरान मंत्री ने सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के प्रशिक्षण शिविर का भी निरीक्षण किया और खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनकी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बालक और बालिका टीमें 1 अप्रैल से शुरू होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी और बेहतर प्रदर्शन करेंगी। निरीक्षण और कार्यक्रम के दौरान रविंद्र बाली, यशपाल आर्य, लता शाह, लीलावती जोशी, सुनील कुमार, राहुल यादव और गोविंद लटवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063